✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 30 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 26 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में जेपी सेनानी को सम्मानित करते केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जय प्रकाश नड्डा

भाजपा की ओर से राजधानी पटना के ज्ञान भवन में 'संविधान हत्या दिवस' का आयोजन

# जेपी आंदोलन की धरती है पटना : नड्डा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा द्वारा गुरूवार को राजधानी पटना के ज्ञान भवन में 'संविधान हत्या दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राधामोहन सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि संविधान हत्या दिवस के अवसर पर पटना आना उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि देशभर में यह दिवस मनाया जा रहा है लेकिन पटना का इससे खास ऐतिहासिक संबंध है क्योंकि जेपी आंदोलन का बीज बिहार और पटना की धरती पर ही बोया गया था। नड्डा ने कहा कि 5 जून 1974 को जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया



था। उस समय मैं मैट्रिक का छात्र था और उस आंदोलन का साक्षी रहा हूं। गफूर सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राज्यपाल आरडी भंडारे को ज्ञापन सौंपने के लिए लोग गए थे। उस लोकतांत्रिक संघर्ष में शामिल होने का अवसर मुझे भी मिला था। जेपी नड्डा ने कहा कि जेपी आंदोलन के तीन सप्ताह बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया। उन्होंने दावा किया कि इमरजेंसी के दौरान एक लाख 31 हजार से अधिक लोगों को बिना कारण जेल भेजा गया जबकि अंग्रेजी शासन में भी इतनी बड़ी संख्या में लोगों को जेल में नहीं डाला गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। नड्डा ने कहा कि उस दौर में बड़े पैमाने पर जबरन नसबंदी अभियान चलाया गया और लाखों लोगों को इसके लिए मजबूर किया गया। कांग्रेस और विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए नड्डा ने कहा कि आज जो दल इंडी गठबंधन के रूप में एकजुट हैं, उनकी सोच लोकतंत्र के प्रति ईमानदार नहीं रही है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

## लोकतंत्र रक्षक को मिलेगा उचित सम्मान : सम्राट

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज देश और बिहार में विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही



है। लोकतंत्र को व्यवस्थित और मजबूत बनाने का काम किया गया है। इस बात की चिंता की गई है कि भविष्य में लोकतंत्र पर कभी कोई काला अध्याय न आए। भोजपुर की हालिया घटना पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई समस्या सामने आती है तो सरकार तत्काल गंभीरता से कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए सर्वोच्च स्तर का आयोग गठित किया गया है ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और दोषियों पर कार्रवाई हो। सम्राट चौधरी ने कहा कि जेपी नड्डा के बिहार आगमन के अवसर पर वह आश्वस्त करते हैं कि एक कमेटी बनाई जाएगी जो पेंशन योजना से छूटे हुए लोगों को जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 25 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सहयोग' कार्यक्रम के तहत करीब 3.50 लाख आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से लगभग 9,500 लोगों को पहला नोटिस, 3,500 लोगों को दूसरा नोटिस और केवल एक व्यक्ति को तीसरा नोटिस जारी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. गीता सिन्हा को मिला पीएमसीएच के प्राचार्य का प्रभार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विभागीय मंत्री निशांत कुमार के कार्यक्रम के दौरान अनुपस्थित रहे डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह को स्वास्थ्य विभाग ने पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के प्राचार्य पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। उन पर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और अनधिकृत अनुपस्थिति का आरोप है और उन्हें बेतिया स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मनोरोग विभाग में प्राध्यापक के पद पर योगदान का निर्देश है। पीएमसीएच के प्राचार्य का प्रभार स्त्री व प्रसूति रोग विभाग की प्राध्यापक डॉ. गीता सिन्हा को सौंपा गया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** घोसी थाना क्षेत्र के सुजातपुर गांव में एक तिलक समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को सिर में गोली लगी थी जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुजातपुर गांव निवासी कृष्ण यादव के बेटे का तिलक समारोह चल रहा था। कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर आए और हर्ष फायरिंग करने लगे। इसी फायरिंग में विपिन यादव के 10 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार के सिर में गोली लग गई।

### ट्रैक्टर पलटने से तीन लोगों की मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डगरुआ थाना क्षेत्र में हुए भीषण ट्रैक्टर हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद नसीम और 10 वर्षीय तौफीक के रूप में की गयी है। तीन लोगों की मौत के बाद परिवारों में कोहराम मच गया है। वहीं परिजन अब मामले को आपसी समझौते से सुलझाने की कोशिश में जुटे हैं और उन्होंने शवों का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है। मौत से पहले अस्पताल में इलाज के दौरान घायल मजदूर ने बताया था कि सभी लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर एक खराब पड़े ट्रैक्टर को खींचने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान डगरुआ के पास चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते ट्रैक्टर सड़क किनारे बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में पलट गया और उस पर सवार सभी लोग ट्रैक्टर के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की प्रशासनिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# बिहार के 524 प्रखंडों में खुलेंगे मॉडल स्कूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकार बिहार की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी कर रही है। सरकार की योजना राज्य के सभी 524 प्रखंडों में आधुनिक सुविधाओं से लैस मॉडल स्कूल स्थापित करने की है। इसे सरकारी स्कूलों को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विकल्प तैयार करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सरकार की तैयारी ऐसी बताई जा रही है कि मॉडल स्कूल सिर्फ आम लोगों के बच्चों तक सीमित नहीं रहें बल्कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बच्चे भी इनमें पढ़ना पसंद करें। यदि समाज के सभी वर्गों के बच्चे एक जैसी सुविधाओं वाले स्कूलों में पढ़ेंगे तो शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और गुणवत्ता दोनों बढ़ सकती हैं। मॉडल स्कूल योजना को कॉमन स्कूल सिस्टम की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कॉमन स्कूल सिस्टम का मूल विचार यह है कि अमीर, गरीब, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों के बच्चे समान गुणवत्ता वाले स्कूलों में पढ़ें। इससे शिक्षा में वर्गीय अंतर कम करने और सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। बिहार सरकार शिक्षा क्षेत्र पर बड़े स्तर पर बजट खर्च कर रही है। वित्तीय वर्ष 2026 27 के लिए सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए कुल 68,216 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसमें शिक्षा विभाग को 60,204 करोड़ रुपये और उच्च शिक्षा विभाग को 8,012 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार की योजना के अनुसार मॉडल स्कूलों में बेहतर शिक्षक, स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल सुविधाएं और अंग्रेजी माध्यम जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। जरूरत के अनुसार छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सकती है। इसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों की छवि बदलना और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देना है।

## थार की टक्कर से बैंक मैनेजर की मौत

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के राजपुर थाना अंतर्गत जलालपुर गांव के समीप सड़क हादसे में ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक की मौत हो गई। यह घटना महिंद्रा थार और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर के कारण हुई जिसमें बाइक सवार बैंक मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद थार चालक घायल बैंक मैनेजर को तत्काल इलाज के लिए रामगढ़ रेफरल अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चालक मौके का फायदा उठाकर अस्पताल से फरार हो गया। मृतक की पहचान पटना निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है जो ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की न्यायिक जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बहुचर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में न्यायिक जांच की जमीनी प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिहार सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग के अध्यक्ष और सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा गुरुवार को भारी सुरक्षा बल के साथ शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव पहुंचे। सेवानिवृत्त जस्टिस ने न सिर्फ घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया बल्कि पूरे घटनाक्रम से जुड़े कई अहम पहलुओं पर प्रशासनिक अधिकारियों से लंबी पूछताछ भी की। जांच टीम के गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में हलचल तेज हो गई। इस दौरान शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी, भोजपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित कई आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि 17 जून को हुए भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर को लेकर शुरुआत से ही पुलिस की थ्योरी पर लगातार सवाल उठ रहे थे। परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा इसे एनकाउंटर बताए जाने और बढ़ते राजनीतिक व सामाजिक दबाव के बाद बिहार सरकार ने मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने का फैसला लिया था।

# सितंबर-अक्टूबर में नौ चरणों में पंचायत चुनाव संभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 को लेकर प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग चुनावी महासंग्राम को अंतिम रूप देने की तैयारियों में जुट गया है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सूबे में इस बार पंचायत चुनाव सितंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह के बीच शुरू कराए जा सकते हैं। शांतिपूर्ण और सुचारू मतदान सुनिश्चित करने के लिए पूरे चुनाव को आठ से नौ चरणों में आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। इस बार का चुनाव कई मायनों में खास होने जा रहा है क्योंकि आयोग ने तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर कई बड़े बदलाव किए हैं। चुनाव की तैयारियों के तहत आयोग ने पंचायतों के सीमांकन और जनसंख्या के आधार पर आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया को लगभग पूरा कर लिया है। राज्य की 4,000 से अधिक पंचायतों और 55

### सभी छह पदों पर इवीएम से होगी वोटिंग

हजार से ज्यादा वार्डों में इस बार नया आरक्षण रोस्टर लागू होने जा रहा है। इसके तहत महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग के लिए सुरक्षित सीटों में बड़ा फ़ेरबदल होना संभव है। इस नए रोस्टर के आते ही कई दिग्गजों की सीटें बदल सकती हैं जिसका स्थानीय राजनीति पर गहरा असर पड़ेगा। आरक्षण निर्धारण और प्रपत्र-1 को तैयार करने के लिए आयोग ने वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाया है। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आयोग ने इस कार्य को पूरा करने और दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 जून 2026 किया था। समय-सीमा समाप्त होने के बाद अब आयोग अंतिम मतदाता सूची और बूथों के भौतिक सत्यापन के काम को तेजी से निपटाने में लगा है।

बिहार सरकार

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस

26 जून, 2026



संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

मादक पदार्थों का सेवन एवं मद्यपान व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है तथा उसके जीवन को पतन की ओर ले जाता है। यह केवल व्यक्ति की प्रगति में ही बाधक नहीं बनता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बिहार सरकार ने राज्य में पूर्ण मद्यनिषेध लागू कर सामाजिक परिवर्तन की एक सशक्त नींव रखी है। इस पहल से स्वस्थ, सुरक्षित, सक्षम एवं विकसित समाज के निर्माण को बल मिला है। मादक पदार्थों से मुक्त और जागरूक बिहार के युवा सकारात्मक परिवर्तन के अग्रदूत बनकर पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बन सकते हैं।

**"अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस"** के अवसर पर आइए, हम सभी मादक पदार्थों के सेवन एवं उनके अवैध व्यापार के विरूद्ध जागरूकता बढ़ाने, स्वयं को तथा अपने परिवार और समाज को इस बुराई से सुरक्षित रखने तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित नशामुक्ति एवं जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लें। आइए, एक ऐसे स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दें, जहाँ हमारी वर्तमान और भावी पीढ़ियाँ नशामुक्त वातावरण में अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकें।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 006516 (SWD) D. 2026-27



# बिहार सरकार औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध : कुंदन कुमार

## बिहार के एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए हैदराबाद में हुई महत्वपूर्ण बैठकें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार को देश का अगला औद्योगिक विकास केंद्र बनाने तथा निवेश, एमएसएमई और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्योग विभाग के सचिव-सह-प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा, कुंदन कुमार ने हैदराबाद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारत सरकार के राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान के फैकल्टी सदस्य, प्रोग्राम निदेशक एवं रेक्टर विवेक कुमार तथा तेलंगाना एमएसएमई के एसईडी निदेशक सूर्य प्रकाश के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में बिहार के एमएसएमई इकोसिस्टम को अधिक सशक्त, आधुनिक और निवेश-अनुकूल बनाने के लिए रणनीतिक सहयोग और संस्थागत साझेदारी पर चर्चा हुई। एमएसएमई निदेशालय के पुनर्गठन, नई एमएसएमई नीति के निर्माण, उद्यमिता, नवाचार तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने और संस्थागत क्षमता निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। हैदराबाद प्रवास के दौरान कुंदन कुमार ने बिहार फाउंडेशन, हैदराबाद चैप्टर के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। बैठक में अध्यक्ष मनवेंद्र मिश्रा, सचिव उत्तम यादव तथा बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिराम सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। चर्चा में प्रवासी बिहारियों की राज्य के औद्योगिक विकास में भागीदारी बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहन देने और औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार उद्यमिता, निवेश संवर्धन और औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत, संस्थानों और प्रवासी समुदाय के साथ ऐसे संवाद राज्य के एमएसएमई क्षेत्र को नई गति प्रदान करेंगे।

# बिहार विधानसभा समितियों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए नए दिशा निर्देश


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विधानसभा समितियों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाने के उद्देश्य से समिति सहयोगार्थ प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार राज्य के भीतर अथवा बाहर स्थल अध्ययन यात्रा पर जाने वाली समितियों के साथ प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मचारी यात्रा के दौरान प्रतिदिन प्रतिवेदन तैयार करेंगे तथा यात्रा समाप्त होने के चार दिनों के भीतर उसे अध्यक्ष के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करेंगे। राज्य के बाहर अध्ययन दौरे पर जाने वाली समितियों के सहयोगी पदाधिकारियों को संबंधित राज्यों की विधानसभा नियमावली और बिहार विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के बीच अंतर को बिंदुवार अंकित करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा संबंधित राज्यों की विधानसभा से जुड़े आंकड़े, सदस्यों की संख्या, समितियों एवं उनके सदस्यों की संख्या, शून्यकाल, प्रश्नकाल, याचिका, निवेदन, ध्यानाकर्षण, गैर सरकारी संकल्प और प्रश्नों के निष्पादन की प्रक्रिया एवं कार्यशैली का भी अध्ययन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास जताया कि इन प्रक्रियागत सुधारों को अपनाने से विधानसभा समितियों की उपादेयता और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। वर्तमान में लोक लेखा समिति, प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति, याचिका समिति तथा राजकीय आश्वासन समिति राज्य के भीतर स्थल अध्ययन दौरे पर हैं। वहीं पर्यटन उद्योग समिति और अल्पसंख्यक कल्याण समिति राज्य के बाहर अध्ययन दौरा कर रही हैं।

# कांग्रेस ने देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या की थी : प्रमोद चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम में आज पटना के ज्ञान भवन में बीजेपी ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के सैकड़ों साथियों के साथ शामिल हुआ। इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व द्वारा मुझे, बीजेपी ओबीसी मोर्चा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को केंद्रीय मंत्री एवं हिंदू सम्राट गिरिराज सिंह का अंगवस्त्र, बुके एवं 'जेपी से बीजेपी तक' पुस्तक भेंट कर स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस ने देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या की थी। उस दौरान लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और एक करोड़ से अधिक लोगों को अमानवीय यातनाएं सहनी पड़ीं। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, पत्रकारिता, पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। देश के इतिहास में यह दिन एक काला दिवस के रूप में दर्ज है। उन्होंने कहा कि जननायक जयप्रकाश नारायण ने 'संपूर्ण क्रांति' का नारा देकर कांग्रेस की तानाशाही के विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा किया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। आज के युवाओं को जननायक जयप्रकाश नारायण के संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक मूल्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

# आपातकाल लोकतांत्रिक का काला अध्याय, इससे सीख लेने की जरूरत : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आपातकाल की बरसी के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आपातकाल देश की लोकतांत्रिक यात्रा का एक काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि उस दौर के दुष्प्रभाव और दुष्चक्र को देश ने बहुत करीब से देखा है तथा 25 जून का स्मरण लोकतंत्र की रक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र कोई स्थायी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक निरंतर साधना है। आपातकाल का इतिहास इस बात का प्रमाण है कि नागरिक स्वतंत्रता और संवैधानिक मर्यादाएं ही किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का सार सत्ता से प्रश्न पूछने और संवाद की परंपरा को बनाए रखने में निहित है। उन्होंने नागरिकों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि संवैधानिक गरिमा का संरक्षण किसी एक व्यक्ति या संस्था का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि एक जिम्मेदार और सक्रिय समाज ही लोकतंत्र को मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए समाज के सभी वर्गों को निरंतर सजग और प्रतिबद्ध रहना चाहिए। उनके अनुसार एक जागरूक, सजग और सक्रिय नागरिक ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति और सबसे मजबूत आधार है।

# कॉम्फेड ने किया प्रथम तिमाही में दो हजार नई दुग्ध सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि मुख्यमंत्री के सात निश्चय-3 के अंतर्गत राज्य में डेयरी क्षेत्र के विस्तार और पशुपालकों को संगठित दुग्ध व्यवसाय से जोड़ने की दिशा में कॉम्फेड (बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रथम तिमाही के लिए निर्धारित 2,000 नई दुग्ध सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य समय सीमा से पूर्व ही शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विभाग, कॉम्फेड प्रबंधन तथा जिला स्तर के अधिकारियों और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। नई समितियों के गठन से राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों पशुपालक संगठित दुग्ध सहकारिता व्यवस्था से जुड़े हैं जिससे उन्हें दूध के उचित मूल्य, नियमित भुगतान तथा तकनीकी सहायता का लाभ प्राप्त होगा। श्री अशोक ने बताया कि दुग्ध सहकारी समितियों का विस्तार केवल दुग्ध संग्रहण बढ़ाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, किसानों की आय में वृद्धि करने तथा महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देने का प्रभावी साधन भी है। बड़ी संख्या में महिला दुग्ध उत्पादकों की सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की प्राथमिकता राज्य के प्रत्येक गांव तक सहकारी डेयरी नेटवर्क का विस्तार करना है। इसी उद्देश्य से प्रथम तिमाही की सफलता के बाद आगामी तिमाही में 3,000 नई दुग्ध सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग एवं कॉम्फेड इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। सचिव ने कहा कि 2,000 नई दुग्ध समितियों का गठन केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि ग्रामीण बिहार में आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजन और श्वेत क्रांति-2 को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगी।

# संगठित होकर बाजार से जुड़ें किसान, उनके साथ खड़ी है सरकार : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शहर के बुद्ध मार्ग स्थित बिहार राज्य सहकारी संघ के परिसर में नाबार्ड की तरफ से 25 और 26 जून को आम महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव की खास बात यह है कि यहां शहरवासी आम उत्पादक किसानों से सीधे पेड़ के पके आम खरीद सकेंगे। यह आम रसायनमुक्त यानि कार्बाइड फ्री है। 25 जून को इस महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस महोत्सव की शुरुआत करते हुए सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि नाबार्ड द्वारा पहली बार दो दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, यह सराहनीय पहल है। बिहार के आम की मिठास और गुणवत्ता की चर्चा देशभर में होती है। आम सिर्फ फलों का राजा ही नहीं बल्कि बिहार की संस्कृति और परंपरा का पहचान भी है। सहकारिता विभाग द्वारा सभी प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति यानी पीवीसीएस का गठन किया गया है। जल्द ही सभी पीवीसीएस को एम पैक्स यानी मल्टी परपस पैक्स के रूप में परिवर्तित किया जाएगा जिससे कि वे सब्जी उत्पादन के साथ-साथ फल, फूल, मसाले, मधुमक्खी, मत्स्य, दूध, बकरी और मुर्गी पालक, बीज, उर्वरक, भंडारण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग सहित कृषि और गैर कृषि कार्य सभी कर सकेंगे। अब आम के बगीचे वाले भी किसान पीवीसीएस से जुड़ जाएंगे। मंत्री ने कहा हमारा प्रयास है कि राज्य के किसान उत्पादन, भंडारण, प्रॉसेसिंग, ब्रांडिंग, विपणन, मूल्य संवर्धन और निर्यात की पूरी श्रृंखला में सक्रिय भागीदार बनें। नाबार्ड द्वारा प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन डेवलपमेंट फंड यानी पीओडीएफ से बिहार के एफपीओ को एक सशक्त आर्थिक ताकत मिल रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी आम उत्पादक किसानों से कहना चाहता हूं कि आपकी मेहनत और आपकी फसल बिहार की पहचान है। आप गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करें, नई तकनीक अपनाएं और संगठित होकर बाजार से जुड़ें। सरकार आपके साथ खड़ी है। आम महोत्सव के शुभारंभ के मौके पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने बताया कि शहरवासियों के लिए यह मौका है कि वे सीधे पेड़ से पके आम खरीद सकेंगे। इस महोत्सव का उद्देश्य है कि आम उत्पादक किसानों को सीधे बाजार मिल सके और वे रसायन-मुक्त आम की अलग-अलग वैरायटी को सीधे ग्राहकों को बेच पाएं। यहां आकर बेचने से किसानों को ग्राहकों की पसंद जानने और मार्केटिंग स्किल्स सीखने को मिलेगी।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय : मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार के प्रदेश मंत्री प्रभाकर मिश्रा ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता के अहंकार में संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का गला घोंटने का काम किया था। श्री मिश्रा ने कहा कि आपातकाल के दौरान देशभर में विपक्षी नेताओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और लाखों लोकतंत्र सेनानियों को जेल में डाल दिया गया। प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए और अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने का प्रयास किया गया। यह दौर लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार था। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके वैचारिक परिवार के कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया और अनेक लोगों ने यातनाएं सहते हुए भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी एवं जे.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के बीच हुआ समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जन्दाहा (वैशाली)।** जन्दाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक एवं शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा तथा जे.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, खिलवत, दौदनगर (हाजीपुर) के बीच छात्र हित में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के माध्यम से इच्छुक विद्यार्थियों को बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए मार्गदर्शन, काउंसलिंग तथा प्रवेश प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया जाएगा। वहीं कॉलेज विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी सभी आवश्यक जानकारी, शुल्क विवरण एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा उन्हें करियर निर्माण के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी सदैव छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब एक ही स्थान पर प्रवेश परामर्श, मार्गदर्शन एवं उच्च शिक्षा तक पहुंच की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग और अधिक सशक्त होगा।

# केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र द्वारा टी.पी.एस. कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना द्वारा टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में एक दिवसीय टियर-3 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'भूजल विकास एवं प्रबंधन पद्धतियां तथा स्थानीय भूजल मुद्दे' था। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अन्य हितधारकों के बीच भूजल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, कृत्रिम भूजल पुनर्भरण, भूजल गुणवत्ता, भूजल विनियमन तथा सतत जल संसाधन प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि नित्यानंद प्रसाद, अभियंता प्रमुख, पीएचइडी और टी.पी.एस. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य थे। रसायन विज्ञान की व्याख्याता डॉ. शशि प्रभा दुबे सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की। उद्घाटन सत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सभी गणमान्य अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा जल शपथ ली गई। साथ ही सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं छात्रों ने जल शपथ के हस्ताक्षर पटल पर हस्ताक्षर कर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके साथ-साथ, जल पुनर्भरण के महत्व को इंगित करते हुए सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से जल कलश में जल अर्पित किया गया जिससे जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के प्रति सामूहिक संकल्प को अभिव्यक्ति मिली। कार्यक्रम के दौरान एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था। अपने संबोधन में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने बिहार में भूजल संसाधनों की वर्तमान स्थिति, उनके वैज्ञानिक प्रबंधन तथा जनसहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# पेपर लीक करवा युवाओं का भविष्य कर रहे हैं बर्बाद : राजेश राम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** देश भर के छात्रों की आवाज को व्यापक मंच देने, शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी अभियान 'छात्रों की गूंज' के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और इस अभियान के संयोजक और नेशनल कोर ग्रुप के सदस्य अनुपम ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। राजेश राम ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था को केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने पहले ही अधर में लटका रखी है और अब परीक्षार्थियों को लीक प्रूफ परीक्षा प्रणाली से भी वंचित कर उनके भविष्य को अंधकारमय कर दी है। देश के प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा तो करते हैं, लेकिन पेपर लीक करवा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं और उन्हें कोई अफसोस भी नहीं है। देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा तक नहीं ले सके पीएम मोदी अपने नेतृत्व में देश के युवाओं को बर्बाद कर अंधकार में झोंक रहे हैं। हमारे नेता राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर छात्रों व परीक्षार्थियों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# बिहार की बेटियां हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर ले रही हिस्सा : मंत्री

## पांच वर्षों में 4473 महिला अभ्यर्थियों को 23 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने गुरुवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग की नवचयनित महिला अभ्यर्थियों से मुलाकात की। उन्होंने बेटियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार की बेटियां अब बढ़-चढ़ कर हर क्षेत्र में हिस्सा ले रही है। वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में आगे आ रही है, बल्कि सिविल सेवा जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। यह बिहार के सामाजिक परिवर्तन का सजीव प्रमाण है। डॉ. श्वेता गुप्ता ने मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना की सराहना करते हुए बताया कि इस योजना की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण हमारे साथ मौजूद बीपीएससी में चयनित बेटियां हैं। इन्होंने इस योजना का लाभ लेकर परचम लहराया है। महिला एवं बाल विकास निगम के स्तर से संचालित इस योजना का उद्देश्य योग्य महिला अभ्यर्थियों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें सिविल सेवा की तैयारी में पूर्ण रूप से समर्थ बनाना है। इस योजना के तहत यूपीएससी एवं बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली अभ्यर्थियों को आगे की मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 1 लाख रुपये और 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। इस बार 70वीं बीपीएससी परीक्षा में योजना से लाभांवित 1914 महिला अभ्यर्थियों को 50-50 हजार रुपये की दर से कुल 9 करोड़ 57 लाख रुपये की राशि दी गई है। इनमें अंतिम रूप से 148 महिला अभ्यर्थी सफल हुईं। इस सहायता का लाभ सामान्य वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) तथा पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को प्रदान किया जा रहा है। इस योजना की शुरुआत वर्ष 2021 से हुई थी। पिछले पांच वर्ष के दौरान यूपीएससी एवं बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली 4 हजार 473 महिला अभ्यर्थियों को इसका लाभ मिल चुका है। इनमें अंतिम रूप से 311 महिला अभ्यर्थियों (यूपीएससी में 13 और बीपीएससी में 298 महिला) का चयन विभिन्न पदों पर हो चुका है।

# पटना में एशिया का सबसे बड़ा श्मशान, 18 शवों का एक साथ अंतिम संस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में एशिया का सबसे बड़ा श्मशान घाट तैयार हो गया है। बांसघाट श्मशान का संचालन शुरू कर दिया गया है। लगभग 4.5 एकड़ में फैले इस श्मशान में एक साथ 18 शवों का अंतिम संस्कार हो सकता है। अंतिम यात्रा में आने वाले लोगों को दो एसी वेटिंग हॉल, एक कैंटीन, स्वच्छ पेयजल और शौचालय जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। यहां पर गंगाजल से भरे दो तालाब भी बनाए गए हैं, इनमें से एक नहाने और दूसरा अस्थि विसर्जन के लिए है। इस श्मशान घाट का संचालन ईशा फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। पटना के बांसघाट श्मशान पर अंतिम संस्कार के लिए हर व्यवस्था का शुल्क तय किया गया है। शवदाह के लिए 3500 रुपये का शुल्क है। इसके अलावा डोम राजा का 500 रुपये, पंडित का 250 रुपये और नाई का शुल्क 150 रुपये है। लकड़ी से अंतिम संस्कार कराना है तो लकड़ी का चार्ज अलग से देना पड़ेगा। यह एशिया का सबसे बड़ा श्मशान है। यहां 18 लोगों की एक साथ अंत्येष्टि हो सकती है। इसके लिए 8 पारंपरिक चबूतरे बनाए गए हैं, जहां लकड़ी से अंतिम संस्कार किया जा सकता है। इसके अलावा 4 इलेक्ट्रिक शवदाह इकाइयां और 6 लकड़ी आधारित पर्यावरण अनुकूल भट्टियां भी हैं। गरीबों को जल्द मुफ मुत मिलेगी सुविधा ईशा फाउंडेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि भविष्य में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को यहां मुफ्त अंतिम संस्कार की सुविधा मिलेगी।

# वीबी-जी राम जी योजनाओं में पारदर्शिता के लिए संसाधन सेवी को दिया जा रहा प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण में बांका, बेगूसराय आदि जिलों के प्रतिभागियों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** एक जुलाई से लागू होने वाली महत्वाकांक्षी विकसित भारत-जी राम जी (वीबी-जी राम जी) योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरतने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके तहत सामाजिक अंकेक्षण सोसायटी की तरफ से अलग-अलग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के अलग-अलग जिलों से सामाजिक अंकेक्षण संसाधान सेवी (सोशल ऑडिट रिसोर्स पर्सन) अपनी सहभागिता सुनिश्चित करा रहे हैं। पटना के शास्त्रीनगर में आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को कर्मचारी और स्वयंसेवकों के फीडबैक से की गई। इस दौरान बांका, बेगूसराय के साथ-साथ दूसरे जिलों से कर्मचारी एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रशिक्षार्थियों को वीबी-जी राम जी योजना क्रियान्वयन संबंधी अंकेक्षण की अन्य बारीकियों से रूबरू कराया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अगले महीने से लागू होने वाली योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, लोक भागीदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अधिकारियों का कहना है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये सभी स्वयंसेवी और कर्मचारी फील्ड में उतरेंगे और योजना को लागू करने दिशा में किए गए कार्यों की पारदर्शिता के साथ अंकेक्षण करेंगे। बता दें कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में 1 जुलाई 2026 से देशभर में वीबी-जी राम जी को लागू किया जा रहा है। बिहार में इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। बड़े राज्यों में बिहार ही ऐसा पहला राज्य है जहां इस अधिनियम को कैबिनेट से सबसे पहले मंजूरी मिली। नए कानून के अनुसार मजदूरों को अब 100 की बजाय 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही श्रमिकों के कृषि कार्यों के लिए वर्ष में 60 दिन का अवकाश देने का प्रावधान है। बिहार राज्य में योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में अगले करीब नौ महीने के लिए केंद्र सरकार से 6715 करोड़ रुपये अंतरिम बजट की मंजूरी दे रखी है।

# पटना में होगा वीकेंड क्रिकेट बैश का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में कॉर्पोरेट क्रिकेट को नई पहचान देने के उद्देश्य से वीकेंड क्रिकेट बैश का शुभारंभ किया जा रहा है। यह एक प्रीमियम कॉरपोरेट क्रिकेट लीग है जिसका उद्देश्य उद्यमियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, डॉक्टरों, वकीलों, बैंकरों, स्टार्टअप संस्थापकों तथा विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों को क्रिकेट के माध्यम से एक साझा मंच पर जोड़ना है। वीकेंड क्रिकेट बैश का भव्य उद्घाटन समारोह 26 जून को शाम 4:30 बजे से 22 यार्ड्स स्पोर्ट्स पार्क, संपतचक, पटना में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान ब्रदरहुड सीरीज ट्रॉफी का अनावरण किया जाएगा जिसके पश्चात टूर्नामेंट का पहला मुकाबला खेला जाएगा। यह आयोजन वीकेंड क्रिकेट बैश के प्रथम सीजन की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक होगा। आयोजन समिति ने कहा कि वीकेंड क्रिकेट बैश केवल क्रिकेट खेलने का मंच नहीं है, बल्कि यह विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स को एक परिवार की तरह जोड़ने का प्रयास है। हमारा उद्देश्य खेल के माध्यम से मित्रता, अनुशासन, नेतृत्व और भाईचारे की भावना को मजबूत करना तथा बिहार में कॉर्पोरेट क्रिकेट की नई संस्कृति विकसित करना है। इस लीग में विभिन्न कॉर्पोरेट टीमों के बीच प्रतिस्पर्धी मुकाबले आयोजित किए जाएंगे जिनका संचालन पेशेवर स्तर पर किया जाएगा। खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल सुविधाएं, डिजिटल कवरेज, सम्मान और यादगार अनुभव प्रदान किया जाएगा। आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों, परिवारजनों, समर्थकों एवं क्रिकेट प्रेमियों से उद्घाटन समारोह में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनने की अपील की है।

### शांति व्यवस्था को लेकर बिक्रमगंज में डीएम-एसपी ने की समीक्षा बैठक

# प्रमुख स्थानों पर पुलिस के साथ फ्लैग मार्च करने के निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शहर के साथ विभिन्न थानों एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मोहर्रम को लेकर खलीफाओं और पर्व समिति के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित करना तथा विधि व्यवस्था संधारण की जानकारी साझा करना था। जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी जगहों पर पर्व पूरी तरह शांतिपूर्वक मनाया जाए। इसके लिए उन्होंने प्रमुख स्थानों पर पुलिस के साथ पैदल फ्लैग मार्च करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और दंडाधिकारियों के साथ प्रतिनियुक्ति रहेगी। उन्होंने शांति व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि किसी भी स्थान को संवेदनशील या अति संवेदनशील नहीं मानना चाहिए, बल्कि हर जगह त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर जोर देना चाहिए। एसपी ने अफवाहों पर रोक लगाने और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों और खलीफाओं ने भी अपने सुझाव रखे और सभी ने एक स्वर में मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

# डिहरी बनेगी बिहार की 12वीं ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप, विकास को मिलेगी नई रफ्तार : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात सामने आई है। डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य में सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए डिहरी में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के क्षेत्र एवं विकास प्रक्रिया के चयन को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही डिहरी बिहार का 12वां ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप बनने की दिशा में आगे बढ़ गया है। राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य तेजी से बढ़ रही शहरी आबादी के दबाव को कम करना, आधुनिक सुविधाओं से युक्त नियोजित नगर विकसित करना तथा रोजगार एवं निवेश के नए अवसर सृजित करना है। प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप में आवासीय क्षेत्र, चौड़ी सड़कें, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थान सहित अत्याधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना रोहतास जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इसके क्रियान्वयन से न केवल डिहरी शहर का स्वरूप बदलेगा, बल्कि पूरे शाहाबाद क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही उद्योग, व्यापार, रियल एस्टेट और सेवा क्षेत्र में निवेश बढ़ने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सैटेलाइट टाउनशिप के विकास से डिहरी को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित शहर के रूप में पहचान मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में डिहरी और रोहतास की तस्वीर बदलने वाली साबित हो सकती है जिससे क्षेत्र को विकास की नई उड़ान मिलेगी।

# नारायण मेडिकल कॉलेज को मिला एनएबीएच प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के लिए 'नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स' का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। यह 'क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया' के कंस्टीचुएंट बोर्ड का एक हिस्सा है जिसे हेल्थकेयर संस्थाओं के लिए मानक तय करने और एक्रेडिटेशन प्रोग्राम चलाने के लिए बनाया गया है, ताकि मरीजों की सुरक्षा और देखभाल की क्वालिटी सुनिश्चित की जा सके। एन ए बी एच हेल्थकेयर सुविधाओं के लिए कड़े नियम तय करता है। यह इन बातों पर ध्यान देता है कि मरीजों के अधिकार को लेकर जानकारी के साथ सहमति, गोपनीयता और नैतिक इलाज सुनिश्चित करने का पालन स्वास्थ्य संस्थान कर रहा है कि नहीं। इसके साथ ही इसमें इन्फेक्शन कंट्रोल, साफ-सफाई और हाइजीन के कड़े नियमों को लागू करना, दवा की सुरक्षा, दवाओं का सही डॉक्यूमेंटेशन, स्टोरेज और उन्हें देना, इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करते हुए अच्छी तरह से मेंटेन किए गए मेडिकल इक्विपमेंट के साथ सुरक्षित सुविधाएं बनाए रखना आदि को सुनिश्चित करना शामिल है। उल्लेखनीय है कि एक्रेडिटेशन के प्रकार होते हैं। सुविधा के आकार और क्षमता के आधार पर एवं ए बी एच अलग-अलग लेवल के सर्टिफिकेशन देता है। बड़े मल्टी-स्पेशियलिटी और टर्शियरी केयर अस्पतालों के लिए फूल लेबल जबकि छोटे अस्पतालों और क्लीनिकों के लिए जो अपने क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम बना रहे हैं, एंट्री-लेवल सर्टिफिकेशन दिया जाता है। इसी प्रकार आयुर्वेद और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के लिए एन ए बी एच खास मानक प्रदान करता है। अस्पताल को इस मानक का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विभिन्न जांच कमिटियों के समक्ष अपनी गुणवत्ता प्रस्तुत करना पड़ता है। काफी जांच पड़ताल के बाद संतोषजनक स्थिति के बाद ही यह उपलब्धि हासिल हो पाती है। विदित हो कि आसपास के कई जिलों में एन ए बी एच प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थान नहीं है। अपनी दक्षता और गुणवत्ता के प्रदर्शन के बल पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार की यह उपलब्धि काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस उपलब्धि पर संस्थान के प्राचार्य डॉ पुनीत कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ बिनोद शंकर सिंह, उपाधीक्षक डा अभिषेक कामेन्दु, सहायक कुलसचिव अजय कुमार सिंह महाप्रबंधक अस्पताल संचालन उपेन्द्र कुमार सिंह के साथ ही अस्पताल प्रबंधन के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# वैश्य समाज की एकजुटता से ही मिलेगा अधिकारों का सम्मान : मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय डिहरी बाजार स्थित उमंग मैरिज हॉल में वैश्य समाज की सभी उपजातियों के प्रतिनिधियों एवं सदस्यों का एक भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में पहुंचने पर वैश्य समाज के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने वैश्य समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि वैश्य समाज देश और समाज की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि समाज को उसकी आबादी के अनुरूप प्रशासनिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसके लिए सभी उपजातियों को एक मंच पर आकर संगठित रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जीवन प्रकाश ने की जबकि मंच संचालन आशीष रंजन ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में संयोजक विनय गुप्ता और सचिव भगवान शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेता बबल कश्यप और राजू गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अरविंद भारती, राजन गुप्ता, मुन्नालाल कसेरा, अंबुज साहू, ऋषिराज, पिंटू सोनी, पंकज गुप्ता, कृष्णानंद, आरती गुप्ता, मीना गुप्ता, ज्योति कुमारी, अर्चना गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, अर्जुन केसरी, अशोक सोनी, सिद्धनाथ प्रसाद, अंकित गुप्ता, विनोद गुप्ता, हरे राम गुप्ता, ललन गुप्ता, पप्पू गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राजगिरी गुप्ता, यमुना प्रसाद गुप्ता, संजय गुप्ता, अरुण गुप्ता, अशोक प्रजापति, मोहन प्रजापति और गौरी शंकर सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का समापन हुआ। सम्मेलन में उपस्थित लोगों ने वैश्य समाज को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा समाज की एकता को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## डिहरी की जनभावना को मिली आवाज, ज्योति कुमारी ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद के डिहरी आगमन पर स्थानीय डिहरी बाजार स्थित उमंग मैरिज हॉल में वैश्य समाज का एक भव्य सम्मेलन में समाजसेवी ज्योति कुमारी एवं पंकज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में वैश्य समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर डिहरी के एनीकट रोड स्थित पार्क का नाम 'दानवीर भामा शाह पार्क' करने की मांग उठाई। ज्योति कुमारी ने कहा कि दानवीर भामा शाह त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक हैं। उन्होंने संघर्ष के दौर में महाराणा प्रताप का सहयोग कर राष्ट्रहित में अपना सर्वस्व अर्पित किया था। ऐसे महान व्यक्तित्व के नाम पर डिहरी के प्रमुख पार्क का नामकरण किया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ज्ञापन में पार्क का आधिकारिक नाम 'दानवीर भामा शाह पार्क' रखने के साथ-साथ परिसर में उनकी प्रतिमा अथवा स्मृति शिलालेख स्थापित करने की मांग भी की गई, ताकि युवा पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त कर सके। इस अवसर पर ज्योति कुमारी पंकज गुप्ता तथा ने मंत्री को दानवीर भामा शाह का चित्र भेंट कर मांग का समर्थन किया।

# करंट से वेल्डर मिस्त्री की मौत, पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** दरिहट थाना क्षेत्र के दरिहट गांव में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे एक वेल्डर मिस्त्री की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई। वह अपने दुकान में लोहे का बना ग्रिल में वेल्डिंग कर रहा था। इसी दौरान बिजली के करंट की चपेट में आ गया। मृतक दरिहट निवासी रामनाथ शर्मा का 37 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार विश्वकर्मा बताया जाता है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। वहीं एक महिला प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि संध्या चार बजे के करीब अपने घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोस का एक लड़का आकर बताया कि चंदन अपने दुकान में लोहे पर गिरा है। देखा तो लोहे पर पेंट के बल गिरा पड़ा हुआ था। बगल में वेल्डिंग करने वाला मशीन भी गिरा पड़ा था। पैर के घुटना सहित कई जगह जलने का निशान था। शोर मचाने पर काफी संख्या लोग इकट्ठा हो गए जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। परिजनों को सूचना मिलते ही पैर तले जमीन ही खिसक गया। मृतक के माता, पिता, पत्नी सहित एक बेटी व दो बेटा दुकान की ओर दौड़ पड़े। पत्नी पति के शव को देख अचेत हो गई। वहीं मां और पिता दहाड़ मार कर रोने लगे। अब हम लोग किसके सहारे जीएंगे। बुढ़ापे की लाठी ही टूट गई। वहीं बेटी महिमा तथा दो पुत्र आदित्य कुमार व अंश राज ने रो रोकर कहते रहे कि अब हमलोगों को कौन प्यार करेगा और पढ़ाएगा। लोगों ने बताया कि घटना के समय वह दुकान में अकेले काम कर रहा था। घटना के देर बाद लोगों को इसकी जानकारी मिली। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि सूचना के बाद पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। देर होने और मुहर्रम पर्व होने के कारण पोस्टमार्टम शुक्रवार की सुबह कराने हेतु भेज दिया जायेगा।

# अज्ञात युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर में गुरुवार शाम को एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। अपर थानाध्यक्ष संजय विकास त्रिपाठी के अनुसार 32 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। युवक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। एफ एस एल की टीम मौके पर पहुंच जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चलेगा।

# भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं ने रखा निर्जला एकादशी व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** क्षेत्र में पुरुष और महिला श्रद्धालुओं ने निर्जला एकादशी व्रत श्रद्धा पूर्वक किया। धार्मिक दृष्टि से इस व्रत को बहुत ही श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है। निर्जला एकादशी ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को आती है और सभी एकादशियों में सबसे कठिन व पुण्यदायी मानी जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार पांडु पुत्र भीम को अत्यधिक भूख लगती थी, इसलिए वे कोई भी एकादशी व्रत नहीं रख पाते थे। व्याकुल होकर उन्होंने महर्षि वेदव्यास से उपाय पूछा। तब वेदव्यास जी ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी को सूर्योदय से द्वादशी के सूर्योदय तक बिना अन्न-जल ग्रहण किए व्रत करने से वर्ष की सभी 24 एकादशियों का फल मिल जाता है। भीम ने श्रद्धा से यह निर्जला व्रत किया, व्रत के प्रभाव से वे मूर्छित हो गए तो भगवान विष्णु ने उन्हें दर्शन देकर चेतन किया और वरदान दिया कि इस व्रत से समस्त पाप नष्ट होंगे और मोक्ष मिलेगा। भीम के करने से इसे भीमसेनी एकादशी या पांडव एकादशी भी कहते हैं। पद्म पुराण में इसका विशेष महत्व बताया गया है कि यह व्रत करने से मनुष्य जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्त होकर विष्णुलोक जाता है, उसे यमलोक का कष्ट नहीं भोगना पड़ता। यह व्रत संयम, संकल्प और इच्छाशक्ति का प्रतीक है क्योंकि ज्येष्ठ की भीषण गर्मी में बिना जल के रहना तप के समान है। इस दिन भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा, रात्रि जागरण और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए। व्रत का पारण द्वादशी को ब्राह्मण को भोजन कराकर और जल से भरे घड़े, पंखे, फल, वस्त्र व अन्न का दान करके किया जाता है। मान्यता है कि जल दान से पितर तृप्त होते हैं और दाता को अक्षय पुण्य मिलता है।

## मुहर्रम के दौरान बिजली सेवा रहेगी बाधित, प्रशासन ने तय किया शेड्यूल

**मोहनियां (नबिटा सं)।** मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मोहनियां शहर में तीन दिनों तक अलग-अलग निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह निर्णय अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में लिया गया। बैठक में मुहर्रम के जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था तथा विद्युत संबंधी संभावित जोखिमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद एहतियातन बिजली आपूर्ति रोकने का निर्णय लिया गया। 26 जून (शुक्रवार): रात 12 बजे से सुबह 10 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, 27 जून (शनिवार): दोपहर 2 बजे से रात 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी, बिजली विभाग ने बताया कि ताजिया जुलूस एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव और लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए निर्धारित समय के अनुसार आवश्यक तैयारियां करने को कहा है। मोहनियां विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता श्रीकांत उपाध्याय ने बताया कि मुहर्रम को लेकर तीन दिनों तक निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# डिहरी में भरत तिवारी के कथित एनकाउंटर के विरोध में कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** भरत भूषण तिवारी के कथित फर्जी एनकाउंटर के विरोध में अखिल भारतीय ब्राह्मण मोर्चा के बैनर तले शनिवार को डिहरी में कैंडल मार्च निकाला गया। मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए न्याय की मांग की। कैंडल मार्च अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर थाना चौक तक पहुंचा। इस दौरान लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया तथा मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने बिहार सरकार से भरत तिवारी के परिजनों को 5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग की। साथ ही एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, दोषी अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त करने और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई गई। कैंडल मार्च में शामिल वक्ताओं ने पूरे मामले की उच्च न्यायालय अथवा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष न्यायिक जांच करते हुए फांसी और उम्रकैद की मांग की गई। उन्होंने भरत भूषण तिवारी को शहीद का दर्जा देने तथा उनके नाम पर गांव में एक सरकारी विद्यालय और चिकित्सालय स्थापित करने की भी मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर डिहरी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे, सुधीर तिवारी, मुन्ना दुबे, अनिल मिश्रा, प्रवीण दुबे, कृष्ण विजय दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भरत भूषण तिवारी का एनकाउंटर भोजपुर जिले के बिलौटी गांव में हुआ था जिसे लेकर उनके समर्थकों द्वारा लगातार न्याय की मांग की जा रही है।

## आरपीएफ ने लावारिस अंग्रेजी शराब की जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ डिहरी ऑन सोन के सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार साथ आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं आरक्षी हरेंद्र दुबे सभी रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन में निरीक्षक प्रभारी आर. के. कच्छवाहा के निर्देशन में गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 04/05 के मध्य किलो मीटर संख्या 554/1054-1050 के बीच में लावारिस हालत में एक काले रंग के पिट्ठू बैग में कुछ वजनी सामान रखा हुआ दिखाई दिया जिसके पास जाकर उक्त बैग को चेक करने पर कुल 05.145 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए लावारिस शराब को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया।

**पूर्व रेलवे**

**पूर्वनिविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/766, दिनांक: 24.06.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम संख्या 1, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3467-आर, काम का नाम** : "एडीईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस 36, 40, 38 आदि में दोनों सिरों पर दोनों अप्रोचों की रूफ कवरिंग व्यवस्था, वाटर स्टोरेज रिजर्वायर के साथ संप, ड्रेनेज व्यवस्था द्वारा मौजूदा एलएचएस के उन्नयन के साथ सुधार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 26,32,028/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 52,700/-, **क्रम संख्या 2, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3634, काम का नाम** : हावड़ा मंडल के तहत पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशन के 100 स्थानों/स्टेशनों/केबिनों में एयर-कंडीशनिंग का प्रावधान। **टेंडर का मूल्य :** रु. 3,83,21,422/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 7,66,400/-, **क्रम संख्या 3, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3509-आर1, काम का नाम** : "बैण्डेल डिपो में बीसीएन प्रीमियम रेक निरीक्षण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 63,61,040/- **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 1,27,200/-, **क्रम संख्या 4, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3631, काम का नाम** : "(1) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 8/1 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (2) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 5/2 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (3) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 6/3 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (4) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 11ए/1 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, **टेंडर का मूल्य :** रु. 37,02,456/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 74,100/-, **क्रम संख्या 5, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3632, काम का नाम** : "हावड़ा मंडल के अंतर्गत मसाग्राम, पल्लारोड, शक्तिगढ़, गंगपुर, तालित, खाना, कर्जना, बलगोना, डानकुनी, जनाई रोड, बारुईपाड़ा, कामारकुंडु, चंदनपुर, बेलमुड़ि, शिबाईचण्डी, गुड़ाप, जौग्राम, बेगमपुर, गुसकरा, प्रान्तिक, अहमदपुर और मल्लारपुर स्टेशनों पर प्रतीक्षालय और शौचालय परिसर एवं सर्कुलेटिंग एरिया का सुधार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 1,44,60,990/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 2,89,200/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 10.07.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1, 2, एवं 3 हेतु) और दिनांक 14.07.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 4 एवं 5 हेतु)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें। HWH-172/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राधा शांता महाविद्यालय में जिला योगासन खेल चैंपियनशिप का आयोजन

### प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में योग, स्वास्थ्य और खेल भावना का विकास : प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम/तिलौथू।** जिला योगासन खेल संघ, रोहतास के तत्वावधान में गुरुवार को राधा शांता महाविद्यालय, तिलौथू में जिला योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं खेल संस्थानों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में योग, स्वास्थ्य और खेल भावना का विकास करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जिला योगासन खेल संघ, रोहतास बिहार योगासन खेल के तत्वावधान में कार्यरत है और इसकी गतिविधियां भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है। चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न योगासन विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए भी किया गया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लायंस क्लब की सचिव एवं जिला योगासन खेल संघ की महासचिव सावली सिन्हा ने कहा कि रोहतास जिले में योग खेल को नई पहचान दिलाने की दिशा में यह प्रतियोगिता एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। उन्होंने बताया कि जिले में योगासन खेल के प्रति लगातार बढ़ रही रुचि खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग (लड़के) ट्रेडिशनल योगासन के प्रतिभागियों मे आदित्य कुमार गोल्ड मेडल, राज करण सिल्वर मेडल एवं हरिओम पांडे ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। वही 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग (लड़कियां) ट्रेडिशनल योगासन में दिव्या कुमारी गोल्ड मेडल, अनन्या सिन्हा सिल्वर मेडल, रित रंजन ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।

**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-आरडब्ल्यूएच-जीडब्ल्यू-25-26-एलएलएच** और एलएलएच-लिलुआ वर्कशॉप और कॉलोनी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 1,28,83,327.03, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य । **बोली प्रतिभूति राशि:** रु. 2,57,700/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 16.07.2026 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। MISC-85/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल की स्मृति में "संविधान हत्या दिवस" मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी नरेश वर्मा ने किया। इस अवसर पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले कई जेपी सेनानियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि 25 जून 1975



भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपकर संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का दमन किया था। उन्होंने कहा कि लाखों लोकतंत्र सेनानियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाए गए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है तथा नई पीढ़ी को आपातकाल के काले अध्याय से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था। कांग्रेस ने सत्ता के अहंकार में संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान की मर्यादा, लोकतंत्र की मजबूती और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है। आज का दिन उन लोकतंत्र सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए कठिन यातनाएं झेलीं। जेपी सेनानी आदित्य विशाल, उदय शंकर, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, अमरेंद्र कुमार, विजय कुमार,अशोक कुमार बरनवाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश सिन्हा, विजय पाण्डेय, महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविंद गुप्ता, नन्द किशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष विनोद भोली, मुकेश कुमार, मंत्री उपेंद्र चन्द्रवंशी, सह कोषाध्यक्ष तरुण राजवंशी, प्रवक्ता राधेश्याम चौधरी, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, गौतम भारती, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णवाल, सोशल मीडिया संयोजक नील नितिन, मंडल अध्यक्ष शिवरानी केशरी, गरीबन महतो, राहुल सिन्हा, सूरज पासवान, राहुल चन्द्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रजौली में 51 लाख की जमीन ठगी का खुलासा

**झूठे लूटकांड की साजिश रचने वाला गिरफ्तार**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** एनएच-20 स्थित होटल रॉयल ऑर्बिट में महाराष्ट्र के नागपुर से जमीन बेचने आए लोगों के साथ मारपीट कर जबरन दस्तखत कराने तथा 51 लाख रुपये लेकर फरार होने का झूठा मामला दर्ज कराने के आरोप में पुलिस ने साजिशकर्ता पंकज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पंकज वर्ष 2014 में अपहरण के बाद दोहरी हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट चुका है। जांच में पता चला कि नागपुर निवासी सिविल इंजीनियर सुनील काले अपनी पुश्तैनी जमीन बेचने आए थे। पंकज ने जमीन खरीदने का झांसा देकर उन्हें रजौली बुलाया और होटल में हथियारबंद लोगों के दम पर मारपीट कर चेक व एग्रीमेंट पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। किसी तरह जान बचाकर भागे पीड़ितों के खिलाफ बाद में झूठा केस दर्ज करा दिया गया। होटल के सीसीटीवी फुटेज में 51 लाख रुपये के लेन-देन का कोई साक्ष्य नहीं मिला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पंकज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले के अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

# माहवारी स्वच्छता पर छात्राओं को किया जागरूक, स्वच्छता किट वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति के तहत जिला हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमेन, नवादा की ओर से उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, नावाडीह में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके स्वास्थ्य, सम्मान और अधिकारों को सशक्त बनाना था। विशेषज्ञों ने कहा कि माहवारी एक प्राकृतिक एवं सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जिसे लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों और संकोच को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने माहवारी के दौरान स्वच्छता,



सुरक्षित सैनिटरी उत्पादों के उपयोग, उनके उचित निस्तारण, पोषण तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की वैज्ञानिक जानकारी दी। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। कार्यक्रम में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला गया। बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता, बाल विवाह व भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा बेटियों के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। अंत में छात्राओं के बीच माहवारी स्वच्छता किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमन कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक अनुग्रह प्रसाद तिग्गा, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, एक दर्जन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग गांव में गुरुवार दोपहर जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। लाठी-डंडे, लोहे के रॉड और ईंट-पत्थरों से हुए संघर्ष में दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पवन कुमार को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी स्थित विम्स रेफर कर दिया गया। वहीं नीतीश कुमार और रीना देवी को सिर में चोट लगने के कारण सीटी स्कैन के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया। एक पक्ष के कृष्ण यादव ने आरोप लगाया कि गोतिया के लोगों ने उनकी जमीन पर ट्रैक्टर चलाकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर परिवार के सात लोगों के साथ मारपीट की गई। उनका कहना है कि न्यायालय का फैसला उनके पक्ष में आने के बावजूद विपक्षी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। वहीं दूसरे पक्ष के नीतीश कुमार ने आरोप लगाया कि खेत की जुताई के दौरान विपक्षी लोगों ने हमला कर उनके पक्ष के पांच लोगों को घायल कर दिया। दोनों पक्षों ने रजौली थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# रोटरी क्लब नवादा की बैठक में सेवा कार्यों की बनी रूपरेखा

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ नवादा की एक महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में आयोजित की गई, जिसमें आगामी रोटरी सत्र एवं समाजसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने की जबकि मंच संचालन 2026 - 2027 के लिए चुने गए अध्यक्ष नीरज कुमार लोहानी ने की। बैठक में उपस्थित सचिव प्रह्लाद कुमार ने आगामी 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले नए रोटरी सत्र के अवसर पर जनहित से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में आगामी डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों को सम्मानित करने तथा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने की योजना पर सहमति बनी। क्लब के सचिव प्रहलाद प्रसाद ने बताया कि समाजहित के इन कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने वाले चिकित्सकों का सम्मान दिया जाएगा। इसके साथ ही क्लब के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्यों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

# नालंदा के सात और थाने हुए इंस्पेक्टर स्तर के

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने तथा मामलों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से बिहार पुलिस मुख्यालय ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया है। पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी आदेश के अनुसार नालंदा जिले के सात अतिरिक्त थानों को इंस्पेक्टर स्तर के थानाध्यक्षों के लिए चिह्नित किया गया है।जिले में पहले से बिहार थाना, लहेरी थाना, सोहसराय थाना, दीपनगर थाना, राजगीर थाना और हिलसा थाना में इंस्पेक्टर रैंक के थानाध्यक्ष पदस्थापित हैं। नए आदेश के तहत अब इसलामपुर, नूरसराय, चंडी, हरनौत, रहुई, अस्थावां और सिलाव थाना को भी इंस्पेक्टर स्तर के थानों की श्रेणी में शामिल किया गया है। इन थानों में जल्द ही पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) रैंक के अधिकारियों की तैनाती की जाएगी।पुलिस मुख्यालय के अनुसार यह निर्णय नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत मामलों के वैज्ञानिक एवं त्वरित अनुसंधान के लिए थानों का सुदृढ़ीकरण आवश्यक माना गया है।मुख्यालय का मानना है कि संवेदनशील और अधिक मामलों वाले थानों में इंस्पेक्टर



स्तर के थानाध्यक्ष की तैनाती से अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी, लंबित मामलों के अनुसंधान की गुणवत्ता बेहतर होगी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी।आदेश के अनुसार, इन थानों में पदस्थापित इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अपने संबंधित अंचल के अंचल निरीक्षक की भूमिका भी निभाएंगे। हालांकि उनका अधिकार क्षेत्र संबंधित थाना क्षेत्र तक ही सीमित रहेगा। पुलिस विभाग के इस निर्णय को नालंदा में बेहतर पुलिसिंग और प्रभावी कानून-व्यवस्था की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# 170 नियोजित शिक्षक को तीन महीनों से नहीं मिला वेतन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा,नारदीगंज।** नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत लगभग 170 नियोजित शिक्षक बीते तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। अप्रैल माह से वेतन बंद होने के कारण शिक्षकों के परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। त्योहार फीके बीतने के बाद अब दुकानदारों ने भी राशन उधार देना बंद कर दिया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और परिवार का भरण-पोषण पूरी तरह ठप है। शिक्षकों का आरोप है कि जिले को राशि उपलब्ध होने के बावजूद विभाग की अनदेखी से भुगतान अटका हुआ है। यही बदतर हाल पूरे जिले के जीओबी, पंचायत और 34,500 श्रेणी के शिक्षकों का भी है। शिक्षकों ने सरकार से तुरंत वेतन जारी करने की गुहार लगाई है।

# टी.एस. कॉलेज हिसुआ में नए विभागाध्यक्ष नियुक्त, डॉ. सुनील दुबे और डॉ. पियूष मणि त्रिपाठी को मिली जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** मगध विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई टी.एस. कॉलेज हिसुआ में हिंदी एवं राजनीति विज्ञान विभाग के नए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक सह एनसीसी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे को हिंदी विभाग का विभागाध्यक्ष तथा राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पियूष मणि त्रिपाठी को राजनीति विज्ञान विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया। बताया गया कि मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा जारी अधिसूचना के तहत राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश पासवान का प्रतिनियुक्ति राजकीय



डिग्री महाविद्यालय , काशीचक तथा हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. परमानंद राम का प्रतिनियुक्ति राजकीय डिग्री महाविद्यालय, बथानी में किए जाने के बाद यह नई नियुक्तियां की गई हैं। प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा ने दोनों नव-नियुक्त विभागाध्यक्षों को बधाई देते हुए छात्रहित में ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। नियुक्ति के बाद महाविद्यालय के वितेक्षक डॉ. स्वर्गेश कुमार, वरीय शिक्षक डॉ. भोला शंकर कुमार सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दोनों विभागाध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# आशंकित बाढ़ व सूखे से निपटने की तैयारी पूरी

**233 राहत शिविर और 294 सामुदायिक रसोई केंद्र चिन्हित**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आपदा से निपटने की तैयारियों, उपलब्ध संसाधनों एवं राहत-बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 16,595 पॉलीथीन शीट उपलब्ध हैं। संभावित बाढ़ की स्थिति में 20 अंचलों में 233 राहत शिविर एवं 294 सामुदायिक रसोई केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जहां नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। महानंदपुर स्थित जिला आपदा प्रतिक्रिया एवं प्रशिक्षण केंद्र में एसडीआरएफ की 20 सदस्यीय टीम तैनात है तथा आवश्यकता



पड़ने पर एनडीआरएफ की टीम भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में तटबंधों की मरम्मत, राहत राशि वितरण, आकस्मिक फसल योजना, डीजल एवं कृषि इनपुट अनुदान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। पशुधन सुरक्षा के लिए 44 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं तथा 42 पशु शिविर स्थलों का चयन किया गया है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 19 प्रकार की आवश्यक मानव दवाएं उपलब्ध हैं।पेयजल संकट से निपटने के लिए भू-जल स्तर की दैनिक निगरानी, 20 मरम्मत दलों द्वारा चापाकलों की मरम्मत, 80 टैंकरों से जलापूर्ति तथा 153 स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। वहीं पुल-पुलियों की सफाई और विद्युत आपूर्ति को सुरक्षित बनाए रखने के लिए भी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए गए हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि पेयजल एवं अन्य आपदा संबंधी शिकायतों के लिए जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24 घंटे कार्यरत है। बैठक में प्रभारी उप विकास आयुक्त-सह-अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# करंट हादसे में मृत गोविंद राजवंशी के परिजनों से मिले सांसद व विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** राजगीर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-8 साइड पर निवासी एवं लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय गोविंद राजवंशी के आकस्मिक निधन पर सांसद कौशलेंद्र कुमार एवम स्थानीय विधायक कौशल किशोर कुमार ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों का हौसला बढ़ाते हुए भगवान से प्रार्थना की कि इस दुख की घड़ी में परिवार को विपत्ति का सामना करने की शक्ति प्रदान करें।मौके पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को बुलाकर पीड़ित परिवार को यथाशीघ्र सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश



दिया। उनके निर्देश पर अधिकारियों द्वारा तत्काल 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।सांसद ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे और प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं तथा सरकार की ओर से मिलने वाली हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर जदयू नेता सुरेंद्र राजवंशी, मीरा कुमारी, मनीषा कुमारी, बबिता कुमारी, नगर अध्यक्ष आशुतोष कुमार, बिरजू राजवंशी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। मृतक के निधन पर उपस्थित लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरनौत थाना क्षेत्र के मीराचक गांव में बुधवार देर रात 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी मनोज राउत के पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार धर्मेंद्र घर की छत से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी टूट गई और वह उसमें फंसकर गर्दन के बल लटक गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब अस्पताल सूत्रों ने युवक के गले पर गहरे काले निशान होने की बात कही। चिकित्सकों की प्रारंभिक आशंका है कि मामला सामान्य दुर्घटना से अलग भी हो सकता है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही संभव हो सकेगा। इधर, हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस संबंध में अब तक थाना में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है और न ही पुलिस को औपचारिक सूचना दी गई है। बताया जाता है कि परिजन शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही निजी वाहन से घर लेकर चले गए। पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण मौत के कारणों पर रहस्य बरकरार है।

# परवलपुर नगर पंचायत की पहली बोर्ड बैठक बेनतीजा, विकास योजनाओं पर नहीं बन सकी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** सशक्त स्थायी समिति के गठन के बाद परवलपुर नगर पंचायत कार्यालय सभागार में पहली बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा हुई, लेकिन मतभेद और गहमागहमी के कारण कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका। इससे कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं फिलहाल अधर में लटक गई हैं।बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अश्वनी कुमार, मुख्य पार्षद रामवृक्ष प्रसाद, उपमुख्य पार्षद अक्षय कुमार सहित 10 वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। स्ट्रीट लाइट, ट्रेड लाइसेंस, सामुदायिक शौचालय,



साफ-सफाई, नल-जल योजना तथा अन्य विकास कार्यों के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें स्ट्रीट लाइट और सामुदायिक शौचालय की सफाई व्यवस्था का मुद्दा सबसे अधिक चर्चा में रहा।उपमुख्य पार्षद अक्षय कुमार एवं कई वार्ड पार्षदों ने आरोप लगाया कि सामुदायिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर बोर्ड में सहमति नहीं बनने के बावजूद 19 मई को टेंडर जारी कर दिया गया था। पार्षदों का कहना था कि बोर्ड के बहुमत से लिए गए निर्णयों को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जा रहा है।पार्षदों ने बताया कि बैठक में अधिकांश मुद्दों पर सहमति बनने की स्थिति थी, लेकिन विवाद और नोकझोंक के कारण चर्चा आगे नहीं बढ़ सकी। बैठक के अंत में लंबित विकास योजनाओं पर अगली बोर्ड बैठक में अंतिम निर्णय लेने और रुके हुए कार्यों को गति देने का संकल्प लिया गया।बैठक के बाद मुख्य पार्षद सभागार से निकल गए, जबकि पार्षदों ने बहुमत के सम्मान और विकास कार्यों को राजनीतिक खींचतान से दूर रखने की मांग दोहराई। बैठक में अनुज कुमार, सुबोध कुमार, ठाकुर प्रसाद सिंह, सुनील पंडित, निभा कुमारी, विभा कुमारी, राधा देवी, सनुज कुमार, अर्चना कुमारी और महेश चौधरी समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जदयू नेता रघुनन्दन महतो की बाइक ले उड़े चोर

**कौआकोल।** सोखोदेवरा में चल रहे सूर्य नारायण महायज्ञ के दौरान एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। बुधवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने यज्ञ स्थल के समीप खड़ी एक बाइक चोरी कर ली। चोरी गई बाइक का नंबर BR46L4563 बताया जा रहा है। यह बाइक जदयू नेता व सोखोदेवरा गांव निवासी अभय कुमार वर्मा उर्फ रघुनन्दन प्रसाद महतो की थी। घटना के बाद यज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन के दौरान लगातार हो रही चोरी की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि इस तरह की वारदात में शराब धंधे से जुड़े किसी गिरोह का हाथ हो सकता है,जो क्षेत्र में सक्रिय है और मौके का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। गौरतलब है कि सोखोदेवरा में चल रहे यज्ञ के दौरान इससे पहले भी बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर जल्द कार्रवाई करने तथा यज्ञ स्थल पर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। इधर पीड़ित जदयू नेता रघुनंदन महतो ने थाना में आवेदन देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

### अर्चना राय भट्ट ने अर्जित की डॉक्टरेट की उपाधि



**नवादा।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की शोधार्थी अर्चना कुमारी उर्फ अर्चना राय भट्ट ने "पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं एकात्म मानव दर्शन का स्वरूप" विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। उनके शोध का वाइवा-वोस दिनांक 23 जून 2026 को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करने की अनुशंसा की गई। यह शोध बिहार में एकात्म मानववाद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन पर किए गए चुनिंदा शोधकार्यों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अर्चना राय भट्ट ने कठिन परिस्थितियों, निरंतर परिश्रम और गहन अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय इतिहास, संस्कृति और वैचारिक परंपराओं के प्रति उनकी विशेष रुचि ने उन्हें इस महत्वपूर्ण विषय पर शोध करने के लिए प्रेरित किया। वर्षों के अध्ययन, संदर्भ ग्रंथों के विश्लेषण और विषय की गहरी समझ के आधार पर उन्होंने एकात्म मानव दर्शन के विभिन्न आयामों का व्यापक अध्ययन प्रस्तुत किया है। इस शोधकार्य का निर्देशन प्रो. राजीव रंजन ने किया, जबकि प्रो. अरविन्द कुमार, एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीता का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अर्चना राय भट्ट की यह उपलब्धि भारतीय चिंतन और सांस्कृतिक विरासत के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण योगदान है तथा भावी शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी। वाइवा परीक्षा के अवसर पर शोध पर्यवेक्षक प्रो राजीव रंजन, बाह्य पर्यवेक्षक के रूप मे प्रो. विनोद कुमार चौधरी, विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, डी. ए. वी. कॉलेज, बीएचयू वाराणसी, विभागाध्यक्ष, प्रो अरविन्द कुमार, स्नातकोत्तर, इतिहास विभाग, पाटलिपुत्र वि. पटना, छात्र कल्याण अधिष्ठाता / संकायध्यक्ष, पाटलिपुत्र वि. पटना, डॉक्टर मुकेश कुमार, इतिहास विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय एवं भोलेन्द्र कुमार सहित अनेक शिक्षाविद, शोधार्थी और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

### भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में पावापुरी में कैंडल मार्च, न्याय की उठी मांग

**गिरियक।** भरत भूषण तिवारी के कथित फर्जी एनकाउंटर को लेकर आक्रोश अब गिरियक और पावापुरी क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। बुधवार की देर शाम पावापुरी के




घोंसरावां गांव स्थित मां आशापुरी मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने एकत्र होकर भरत भूषण तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पूरे गांव में कैंडल मार्च निकाला गया।कैंडल मार्च का नेतृत्व जन सुराज के जिला महामंत्री संजीव कुमार ने किया। मार्च गांव का भ्रमण करते हुए पावापुरी जलमंदिर पहुंचा, जहां लोगों ने भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए न्याय की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने "भरत भूषण तिवारी अमर रहें" के नारे लगाए और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।कार्यक्रम में धनंजय कुमार, सुभजित सिंह, आलोक कुमार, रितेश कुमार, शुभम कुमार, प्रशांत, सुरेंद्र सिंह, बजरंगी सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### करंट लगने से डेकोरेशन कर्मी की मौत

**राजगीर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सिथौरा गांव में गृह प्रवेश समारोह के दौरान डेकोरेशन का काम कर रहे 30 वर्षीय गोविंदा कुमार की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक राजगीर साइड पर गांव निवासी स्व. रामचंद्र राजवंशी का पुत्र था। मृतक के भाई बिरजू राजवंशी ने बताया कि रात करीब 9रू30 बजे गोविंदा डेकोरेशन के लिए बिजली कनेक्शन जोड़ रहा था। इसी दौरान पास से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तत्काल पावापुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सांसद कौशलेन्द्र कुमार और विधायक कौशल किशोर ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा आपदा मद से 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

### युवक का शव मिलने से सनसनी

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर स्थित मीतू बस स्टैंड के पास सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना 24 जून की देर शाम लहेरी थाना पुलिस को मिली।सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान मंशु कुमार (25 वर्ष), पिता स्वर्गीय बैजू पासवान, निवासी मघडा गांव, थाना दीपनगर के रूप में की गई।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल से वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है।युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### पारिवारिक विवाद में मारपीट, चार घायल

**हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के चिकसैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छियासठ बिगहा गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पक्ष से उपेंद्र प्रसाद के पुत्र राहुल कुमार, स्वर्गीय अभिनंदन प्रसाद के पुत्र उपेंद्र प्रसाद तथा जनार्दन प्रसाद के पुत्र योगेंद्र प्रसाद घायल हुए हैं। वहीं द्वितीय पक्ष से अयोध्या प्रसाद के पुत्र श्याम कुमार घायल बताए गए हैं।घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सभी घायलों का इलाज हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पूर्व से चली आ रही आपसी रंजिश के कारण विवाद बढ़ गया, जिसके बाद मारपीट की घटना हुई।इस संबंध में हिलसा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन मिलने के बाद जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुहर्रम को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन, 469 दंडाधिकारी-पुलिस पदाधिकारी रहेंगे तैनात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** जिला प्रशासन मुहर्रम को लेकर अलर्ट मोड में हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। मुहर्रम पर्व के दौरान शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुल 469 स्थानों पर 469 दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनमें सदर अनुमंडल क्षेत्र में 175, नीमचक बथानी अनुमंडल में 57, टिकारी अनुमंडल में 62 और शेरघाटी अनुमंडल में 175 दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस साल मुहर्रम पर्व 26 जुलाई 2026 को मनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि रामनवमी और बकरीद की तरह ही मुहर्रम में भी मानक संचालन प्रक्रिया का पूरी तरह पालन किया जाए।

डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और हाई डेसिबल वाले लाउडस्पीकरों पर भी पाबंदी लगाई गई है। जुलूसों को केवल पुलिस की ओर से सत्यापित (वेरीफाई) मार्गों से ही निकालने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि ताजिया की ऊंचाई का आकलन कर लिया जाए, ताकि रास्ते में बिजली के तारों या अन्य बाधाओं से कोई संपर्क न हो। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अति संवेदनशील और संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लगातार खुफिया जानकारी जुटाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक संगठनों या धर्म के नाम पर अफवाह, द्वेष, नफरत और गलतफहमी फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इधर बता दें कि शहरी क्षेत्र में 25 जून 2026 की मध्यरात्रि 12 बजे से मुहर्रम जुलूस खत्म होने तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसके अलावा, 26 जून 2026 को शाम 4 बजे से जुलूस की समाप्ति तक भी शहर के संबंधित क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस के दौरान ऊंचे ढांचे, झंडे और अन्य सामग्री के बिजली के तारों के संपर्क में आने की आशंका रहती है। इसी खतरे को देखते हुए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। 26 और 27 जून शाम 4 बजे से कार्यक्रम खत्म होने तक शहर का पूरा ट्रैफिक प्लान बदल दिया है। आपातकालीन सेवाओं में एंबुलेंस को छोड़कर बाकी गाड़ियों के लिए कई पाबंदियां लगाई गई हैं। कंडी नवादा से रामशिला मोड़ होते हुए किरानी घाट पेट्रोल पंप तक और किरानी घाट से रामशिला मोड़ की तरफ कोई भी ऑटो, टोटो, या चारपहिया गाड़ी नहीं जाएगी। चाकंद की तरफ से शहर में आने वाली छोटी और चारपहिया गाड़ियां कंडी नवादा से रामशिला की तरफ नहीं जा सकेंगी। प्रशासन ने आम जनता की सहूलियत के लिए नए रास्ते तय किए हैं, ताकि परेशानी न हो। चाकंद की तरफ से रेलवे स्टेशन या शहर के अंदर गक्क-22 बाईपास, अबगिला ओवरब्रिज, गया-प्रेतशिला मार्ग, रेलवे गुमटी संख्या-64, छोटकी नवादा, बागेश्वरी गुमटी होते हुए स्टेशन पहुंचे। पटना की तरफ से बोधगया, डोभी या शेरघाटी चाकंद से ही सीधे एनएच-22 वाले रास्ते का इस्तेमाल करें। कंडी नवादा की तरफ से बुनियादगंज या मानपुर पुल कुकरा मोड़, मेहता पेट्रोल पंप, मुसरंडा मोड़ व घुघड़ीटांड़ बाईपास के रास्ते जा सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी गयावासियों से अपील की है कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में सहयोग करें। नियमों का पालन करें और ट्रैफिक जाम से बचने के लिए इन बदले हुए रूट का ही इस्तेमाल करें। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कुलपति प्रो. केशरी ने मानविकी संकाय भवन के कई विभागों का किया निरीक्षण

## महिला महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने छात्राओं के निःशुल्क नामांकन से उत्पन्न आर्थिक संकट संबंधी सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी ने मानविकी संकाय भवन स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों से मुलाकात कर विभागों की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत संरचना से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। कुलपति ने विभागों में संचालित शिक्षण कार्य, शोध गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, उपलब्ध संसाधनों तथा कार्यालयी कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने विभागों में स्वच्छता, अनुशासन, नियमित कक्षाओं के संचालन तथा विद्यार्थियों के हित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने विभागीय पुस्तकालयों, कक्षाओं, शोध कक्षों तथा कार्यालयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ठोस पहल की जाए। इसी क्रम में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महिला महाविद्यालयों की प्राचार्याओं ने कुलपति कार्यालय में कुलपति से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिहार सरकार की नीति के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सभी वर्गों की छात्राओं के स्नातक स्तर पर निःशुल्क नामांकन की व्यवस्था के कारण महाविद्यालयों के समक्ष उत्पन्न हो रही आर्थिक चुनौतियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। प्राचार्याओं ने बताया कि छात्राओं से नामांकन शुल्क प्राप्त नहीं होने के कारण महाविद्यालयों की आय में कमी आई है जिससे दैनिक प्रशासनिक कार्यों, आधारभूत सुविधाओं के रखरखाव तथा अन्य आवश्यक खर्चों के संचालन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से इस संबंध में राज्य सरकार के समक्ष महाविद्यालयों की समस्याओं को रखने तथा आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने हेतु पहल करने का अनुरोध किया। कुलपति प्रो. केशरी ने प्राचार्याओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस विषय पर सकारात्मक पहल करेगा तथा छात्रहित और महाविद्यालयों के सुचारु संचालन, दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने की सरकारी मंशा अत्यंत सराहनीय है, किंतु इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालयों की आर्थिक आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ-साथ अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं संबंधित महाविद्यालयों की प्राचार्याएं उपस्थित थीं।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे व धारदार हथियार पर रहेगा प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय सभागार भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान जुलूस में धारदार हथियार के प्रदर्शन के साथ-साथ डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए शहर एवं संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही मोहर्रम जुलूस के रूट का सत्यापन कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि मोहर्रम पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में शेरघाटी शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं अंचलाधिकारी उषा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, सर्किल इंस्पेक्टर, शेरघाटी थाना अध्यक्ष सहित अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने सभी से मिलजुलकर पर्व मनाने की अपील की।

# शिक्षिका का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** क्षेत्र के कुसाप स्थित मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका किरण कुमारी का अकस्मात निधन गुरुवार को हो गया। स्वजनों के अनुसार गुरुवार को अचानक से तबियत खराब हुई व चिकित्सक के पास पहुंचने से पहले ही किरण कुमारी का निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। कुसापी स्थित शिक्षिका के आवास पर शिक्षकों ने शोक संवेदना प्रकट की। जानकारी के अनुसार विशिष्ट शिक्षक के पद पर पदस्थापित किरण कुमार वर्ष 2025 से विद्यालय में कार्यरत थी। किरण कुमारी के अचानक निधन से विद्यालय प्राचार्य सहित अन्य लोगो ने गहरा दुख प्रकट किया। श्रीमती कुमारी के पार्थिव शरीर को देर शाम स्थानीय शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# जमीन विवाद में वकील समेत पांच पर मारपीट का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** थाना क्षेत्र के अमर बीघा गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अमर बीघा निवासी कौलेश्वरी देवी ने गांव के पांच लोगों पर अपनी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां भी मिल रही है। कौलेश्वरी देवी ने इस संबंध में बोधगया थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# कोंच बीआरसी में मासिक गुरु गोष्ठी, शैक्षणिक गुणवत्ता पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) कोंच में गुरुवार को जून माह की मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन प्रधानाध्यापक देवदत्त तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, डिजिटल डेटा अद्यतन तथा विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की गई। शिक्षकों को एपीएआर आईडी निर्माण, ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करने एवं इको क्लब संबंधी जानकारी अपलोड करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, आईसीटी लैब संचालन तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में 27 जून को सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं एमडीएम भुगतान, डीसी बिल जमा करने तथा आईएफए गोलियों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए।

# दर्जनों किसानों के खेत में लगे सबमर्सिबल पंप चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव के आधा दर्जन किसानों के खेत में लगे सबमर्सिबल की चोरी बोरिंग से निकाल कर ली गई। घटना बुधवार की रात्रि थाना क्षेत्र के खैरा व चिरैली ग्राम में घटित हुई। खैरा गांव के पांच किसानों का छह सबमर्सिबल, स्टार्टर व वायर और चिरैली गांव के एक किसान सबमर्सिबल की चोरी कर ली गई। मामले को लेकर टिकारी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित किसान योगेंद्र शर्मा द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि गुरुवार की सुबह खेत पर पहुंचा तो बोरिंग में लगा पाइप निकाला हुआ था व सबमर्सिबल गायब था। साथ ही साथ गांव के रामजी शर्मा, योगेश शर्मा, रामानुज शर्मा व शंकर प्रसाद शर्मा का सबमर्सिबल गायब मिला। वहीं चिरैली गांव के बजेंद्र शर्मा के खेत का सबमर्सिबल चोरी कर लिया गया। मामले को लेकर टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कांड के अनुसंधान की जिम्मेवारी एसआई हिमांशु पप्पू को दी गई है। पीड़ित किसानों ने लाखों रुपये की मशीन एक साथ चोरी किये जाने को लेकर क्षेत्र की पुलिसिंग व्यवस्था पर चिंता जाहिर की है। पीड़ित किसानों ने कहा कि सबमर्सिबल चोरी हो जाने का बुरा प्रभाव खेती पर पड़ेगा। धान रोपनी के समय ही किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर की गई व संदिग्धों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# मोहर्रम को लेकर कोंच व आंती क्षेत्र में बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** मोहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए 26 जून को कोंच एवं आंती थाना क्षेत्र के सभी विद्युत फीडरों से बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। यह जानकारी कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन एवं थानाध्यक्ष के निर्देश पर सुबह 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। हालांकि जिन स्थानों पर ताजिया जुलूस नहीं गुजर रहा होगा, वहां आवश्यकता के अनुसार बीच-बीच में बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकती है। कनीय अभियंता ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे बिजली आपूर्ति बाधित रहने की अवधि को देखते हुए पेयजल एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पहले से उचित व्यवस्था कर लें। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की भी अपील की है, ताकि मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

# दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ गुरुआ ब्लॉक जनरल सेक्रेटरी बने प्रेम मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के सीमारू हाई स्कूल मैदान में चल रहे बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ के प्रशिक्षण शिविर के दौरान आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मंडल की मौजूदगी में पत्रकार प्रेम कुमार उर्फ प्रेम मिश्रा को ब्लॉक जनरल सेक्रेटरी (महामंत्री) तथा योगेंद्र पासवान को प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का सदस्यों ने स्वागत किया। बैठक में संगठन की मांगों, प्रशिक्षित सदस्यों की नियुक्ति एवं मानदेय सुनिश्चित कराने तथा संगठनात्मक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। वही भव्य कार्यक्रम आयोजित कर 28 जून को प्रशिक्षण शिविर का समापन होगा जिसमें प्रशिक्षु को प्रशिक्षण पत्र वितरण एव सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# ट्रांसपोर्ट सर्विस से आए सामान के साथ चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**टिकारी।** टिकारी में चोरी की घटनाओं के बीच गुरुवार को एक बड़ी सफलता मिली है। ट्रांसपोर्ट सर्विस से आए सामान की चोरी कर ले जा रहे एक चोर को लोगों ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। चोर की पहचान थाना क्षेत्र के फेनागी ग्राम के पारस पासवान के पुत्र चंदन पासवान के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को इस स्टैंड के समीप एक दुकान के समीप ट्रान्सपोर्ट सर्विस द्वारा सामान उतारा गया था। सामान उतारने के बाद चोर ने ऑटो बुला सामान की चोरी कर ली। चोरी की भनक लगते ही दुकानदार व अन्य लोगों के सहयोग से चोर को सामान सहित पकड़ा गया। चोर की पहचान फेनागी ग्राम के रहने वाले चंदन पासवान के रूप में हुई। चंदन की निशानदेही पर थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर कन्हैया कुमार के नेतृत्व में घटित टीम ने औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र के बरमा बाजार से एक बैटरी, आटो से दो बैटरी बरामद किया। चोरी की गई अन्य सामान का सुराग नहीं मिला। सब इंस्पेक्टर श्री कुमार ने बताया कि आरोपी का नाम पूर्व में भी चोरी के मामलों में सामने आ चुका है। उक्त मामले में जेल भी जा चुका है। पुलिस चोर से गहन पूछताछ कर रही है।


**बिहार सरकार**

**Mines and Geology Department**
**District- Aurangabad.**
**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)**

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षो के लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों में कराये गये ई–नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त तथा **PR-002313(Mines)2026-27** द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में एकल निविदा प्राप्त एवं प्रत्यार्पित बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| क्र0स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (10,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 04 (Surrender Sand Ghat) | सोन | 25.06.2026 | 20.07.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 25.07.2026 | 27.07.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 27.07.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | Aurangabad Son 6A (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 11A (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 09 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 21 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 30 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 31 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | |
| 19 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | |
| 20 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | |
| 21 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | |
| 22 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | |
| 23 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | |
| 24 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | |
| 25 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | |
| 26 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | |
| 33 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | |
| 34 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | |
| 35 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | |
| 36 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | |
| 37 | Aur Pun-01 to 05 | पुनपुन, नदी | 25.06.2026 | 20.07.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 25.07.2026 | 27.07.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न स | 27.07.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 38 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | |
| 39 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | |
| 40 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | |
| 41 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | |
| 42 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | |
| 43 | AUR BA 01 to 03 | बटाने, नदी | 25.06.2026 | 20.07.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 25.07.2026 | 27.07.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 27.07.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 44 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | |
| 45 | AUR BA 06 | | | | | | |
| 46 | AUR BA 07 | | | | | | |
| 47 | AUR BA 08 | | | | | | |
| 48 | AUR BA 09 | | | | | | |
| 49 | AUR BA 10 | | | | | | |
| 50 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | |
| 51 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | |
| 52 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | |
| 53 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 25.06.2026 | 20.07.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 25.07.2026 | 27.07.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 27.07.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 54 | Madar 22 to 32 | | | | | | |
| 55 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 25.06.2026 | 20.07.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 25.07.2026 | 27.07.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 27.07.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |

1. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
2. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
3. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
4. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
5. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना–800001 दूरभाष संख्या: 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

❖ विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

PR. No. 006564 (Mines) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

संपादकीय

# फुटपाथ पर चलना मौलिक अधिकार!

फुटपाथ पर पैदल चलना एक सामान्य सी बात लग सकती है, लेकिन आज भारत में ज्यादातर शहरों में पैदल राहगीरों के लिए बने फुटपाथ भी अतिक्रमण का शिकार हो रहे हैं। इन पर धड़ल्ले से गुमठियां तन रही हैं, ठेले लग रहे हैं तो कहीं झुग्गियां भी बन गई हैं। सरकारें फुटपाथों पर हो रहे इन अतिईक्रमणों को अनदेखा कर रही हैं। परिणामस्वरूप आज कई शहरों में फुटपाथ पर चलने की जगह राहगीरों को मुख्य सड़क पर चलना पड़ा रहा है और कई बार वो हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में साफ कहा है कि फुटपाथ पर चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। और सड़कों पर गाड़ियों से पहले आपका हक है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इस बात को माना है कि फुटपाथों पर अतिक्रमण केवल यातायात की समस्या नहीं, बल्कि संविधान, गरिमा और जीवन के अधिकार से जुड़ा प्रश्न है। कोर्ट ने कहा कि हर सड़क के किनारे सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराने, उनका रखरखाव करने और अतिक्रमण से मुक्त रखने की संवैधानिक जिम्मेदारी सरकार की है। यदि इस अधिकार का उल्लंघन होता है तो नागरिक अदालत से मुआवजा और अन्य कानूनी राहत भी मांग सकते हैं। यह फैसला केवल सड़कों के डिजाइन को नहीं, बल्कि शासन की प्राथमिकताओं को बदलने वाला भी है। यह उन करोड़ों भारतीयों के सम्मान, सुरक्षा और बराबरी के अधिकार की संवैधानिक घोषणा है, जिनकी आवाज अब तक ट्रैफिक के शोर में दब जाती थी। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने बरसों की इस लाचारी को केवल यातायात की समस्या नहीं, बल्कि सीधे इंसान के आत्मसम्मान और संविधान से जुड़ा यह एक ऐसा फैसला है जो भारतीय सड़कों की पूरी परिभाषा को हमेशा के लिए बदल देगा। न्यायमूर्ति पामिदिघंटम नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल शरदचंद्र चांदुरकर की पीठ ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि पैदल चलने का अधिकार संविधान के भाग-3 में दिए गए मौलिक अधिकारों का हिस्सा है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(डी) (आवागमन की स्वतंत्रता), अनुच्छेद 19(1)(ए), 19(1)(बी), 19(1)(सी) तथा अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि सड़क है तो उसके साथ सुरक्षित फुटपाथ होना भी अनिवार्य है। यह जिम्मेदारी शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों, नगरपालिकाओं और पंचायतों की है। इन संस्थाओं को फुटपाथों का निर्माण, रखरखाव और अतिक्रमण से सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, क्योंकि पैदल चलना सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन का अभिन्न हिस्सा है। नागरिकों को सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध नहीं कराया जाता या उसके इस अधिकार का उल्लंघन होता है, तो वह संविधान और अन्य कानूनों के तहत अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। वह मुआवजा और अन्य कानूनी राहत पाने का भी हकदार होगा। यह अधिकार मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत मिलने वाले उपायों से अलग और स्वतंत्र होगा। कोर्ट ने अपना काम कर दिया और पूरी दमदारी से किया। लेकिन असली सवाल यह है कि सरकारें और स्थानीय संस्थाएं इस पर कितनी गंभीरता से अमल करेंगीं। दुर्भाग्य से फुटपाथों पर अतिक्रमण करवाने और गुमठी, ठेले आदि लगवाने में सत्ता पक्ष और बाहुबलियों का ही हाथ होता है। ये लोग पैसा लेकर लोगों से यह सब करवाते हैं। इस कमीशन से खासी मोटी कमाई होती है। यहां तक पुलिस अथवा नगरीय निकायों द्वारा कार्रवाई किए जाने पर यही लोग फुटपाथ पर अवैध गुमठी अथवा ठेले लगाने वालों को बचाने की गारंटी भी लेते हैं। हालांकि इस तरह फुटपाथ पर दुकानें लगाने का एक मानवीय पक्ष भी है। क्योंकि यह सीधे तौर पर लोगों के रोजगार से भी जुड़ा है। लेकिन इसकी वजह राहगीरों से फुटपाथ छीन लिए जाएं और उन्हें जान जोखिम में डाल कर सड़कों पर चलना पड़ा, इसे तो सही नहीं ठहराया जा सकता।

# केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं है तापमान का संकट

**साल 2025 में एशिया के अनेक देशों ने भीषण गर्मी की ऐसी मार झेली, जिसने जलवायु परिवर्तन के खतरे को एक बार फिर दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया। भारत, चीन, थाईलैंड और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई हिस्सों में तापमान ने नए रिकॉर्ड बनाए। भारत के कई शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। खेतों में फसलें झुलसने लगीं, बिजली की मांग अचानक बढ़ गई और अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। इसी दौरान विश्व मौसम विज्ञान संगठन (ड्ड्स्ढ) की रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि एशिया दुनिया के उन क्षेत्रों में शामिल है, जहां तापमान सबसे तेज गति से बढ़ रहा है। यह केवल एक मौसम संबंधी घटना नहीं, बल्कि आने वाले समय की गंभीर तस्वीर है। यह संकेत है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो जलवायु संकट मानव सभ्यता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है।**

नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान का संबंध आज किसी से छिपा नहीं है। पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण मानवीय गतिविधियां हैं। औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, जंगलों की कटाई और अनियंत्रित शहरीकरण ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन तथा अन्य ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ा दी है। ये गैसें सूर्य से आने वाली ऊष्मा को पृथ्वी के वातावरण में रोककर रखती हैं, जिसके कारण धरती धीरे-धीरे गर्म होती जा रही है। वैज्ञानिक वर्षों से चेतावनी देते रहे हैं कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित नहीं किया गया, तो वैश्विक तापमान में वृद्धि के गंभीर परिणाम सामने आएंगे। दुर्भाग्य से दुनिया ने इन चेतावनियों को उतनी गंभीरता से नहीं लिया, जितनी आवश्यकता थी।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1991 से 2025 के बीच एशिया में तापमान वृद्धि की दर 1961 से 1990 की तुलना में लगभग दोगुनी रही है। यह तथ्य बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का खतरा नहीं, बल्कि वर्तमान की वास्तविकता बन चुका है। वर्ष 2025 को अब तक के सबसे गर्म वर्षों में गिना जा रहा है। बढ़ते तापमान का असर केवल मौसम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधनों और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है।

सबसे पहले यदि कृषि क्षेत्र की बात करें, तो तापमान वृद्धि का सीधा प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। अत्यधिक गर्मी और अनियमित वर्षा के कारण फसलों की उत्पादकता घट रही है। गेहूं, धान और मक्का जैसी प्रमुख फसलें तापमान में छोटे बदलावों के प्रति भी संवेदनशील होती हैं। जब गर्मी सामान्य सीमा से अधिक बढ़ जाती है, तो फसल की वृद्धि प्रभावित होती है और उत्पादन कम हो जाता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। यदि खाद्यान्न उत्पादन



प्रभावित होता है, तो इसका असर केवल किसानों पर नहीं, बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ती हैं और गरीब वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होता है।

जल संकट भी तापमान वृद्धि का एक बड़ा परिणाम है। बढ़ती गर्मी के कारण नदियों, झीलों और जलाशयों का जलस्तर तेजी से घटता है। हिमालय के ग्लेशियर, जिन्हें एशिया का जल भंडार कहा जाता है, तेजी से पिघल रहे हैं। प्रारंभिक वर्षों में इससे बाढ़ का खतरा बढ़ता है, लेकिन लंबे समय में जल उपलब्धता कम हो जाती है। करोड़ों लोगों की पेयजल और सिंचाई की जरूरतें इन हिमनदों पर निर्भर हैं। यदि इनका क्षरण इसी गति से जारी रहा, तो भविष्य में जल संकट और भी गंभीर रूप ले सकता है।

बढ़ते तापमान का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर दिखाई देता है। हीट वेव यानी लू की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से बीमार लोग इसके प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। विश्व स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तापमान वृद्धि की वर्तमान गति जारी रही, तो गर्मी से होने वाली मौतों की संख्या आने वाले दशकों में कई गुना बढ़ सकती है। इसके अतिरिक्त गर्म जलवायु मलेरिया, डेंगू और अन्य संक्रामक रोगों के प्रसार को भी बढ़ावा देती है। प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति भी तापमान संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू है। समुद्र का तापमान बढ़ने से चक्रवात अधिक शक्तिशाली हो रहे हैं। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है, तो कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ रहा है। एशिया के कई देशों में हाल के वर्षों में आई बाढ़ और चक्रवातों ने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इन आपदाओं से केवल आर्थिक नुकसान नहीं होता, बल्कि लोगों का जीवन, आजीविका और सामाजिक स्थिरता भी प्रभावित होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाली ये आपदाएं विकासशील देशों के लिए विशेष रूप से बड़ी चुनौती हैं, क्योंकि उनके पास संसाधन सीमित होते हैं। बढ़ते तापमान का आर्थिक प्रभाव भी अत्यंत व्यापक है। जब प्राकृतिक आपदाएं बढ़ती हैं, तो सरकारों को राहत और पुनर्वास पर भारी खर्च करना पड़ता है। कृषि उत्पादन में कमी, उद्योगों पर प्रभाव और श्रमिकों की उत्पादकता में गिरावट आर्थिक विकास को धीमा कर देती है। अत्यधिक गर्मी में निर्माण, परिवहन और अन्य बाहरी कार्यों में लगे श्रमिकों की कार्यक्षमता घट जाती है। इससे उत्पादन लागत बढ़ती है और आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाला आर्थिक नुकसान अब अरबों डॉलर में आंका जाने लगा है।

जैव विविधता पर भी तापमान वृद्धि का गंभीर असर पड़ रहा है। अनेक पशु-पक्षी और वनस्पतियां अपने प्राकृतिक आवास खो रहे हैं। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र विशेष रूप से प्रभावित हो रहा है। समुद्र के गर्म होने से प्रवाल भित्तियां नष्ट हो रही हैं, जिन्हें समुद्र के वर्षावन कहा जाता है। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे वन्यजीवों का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है। यदि जैव विविधता का यह नुकसान जारी रहा, तो पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ सकता है और मानव जीवन भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगा। अब सवाल है कि जब खतरे इतने स्पष्ट हैं, तब भी प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं। इसका एक कारण विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने की कठिनाई है। कई देश आर्थिक विकास की दौड़ में पर्यावरणीय चिंताओं को प्राथमिकता नहीं दे पाते। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जलवायु समझौतों को लागू करने में राजनीतिक और आर्थिक मतभेद सामने आते हैं। हालांकि पेरिस समझौते जैसे प्रयास किए गए हैं, लेकिन उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अभी भी पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है।

इस संकट से निपटने के लिए सरकारों, उद्योगों और आम नागरिकों सभी की साझा जिम्मेदारी है। अक्षय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देना आवश्यक है। जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करनी होगी। बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और वनों का संरक्षण समय की मांग है। शहरों की योजना इस प्रकार बनाई जानी चाहिए कि हरित क्षेत्र बढ़ें और तापमान नियंत्रण में मदद मिले। जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना होगा। साथ ही लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है। भारत के संदर्भ में यह चुनौती और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यहां बड़ी आबादी कृषि और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है। भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। स्वच्छ ऊर्जा, टिकाऊ कृषि और जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में निरंतर निवेश की आवश्यकता है। साथ ही स्थानीय स्तर पर समुदायों को जलवायु अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा।

अध्यात्म

## दूसरों के दुःख को सिर्फ़ देखना काफी नहीं है

चंदनपुर गाँव की तंग गलियों में रहने वाला 10 साल का मोनू एक बहुत ही होनहार और सीधा लड़का था। वह अपने स्कूल की क्रिकेट टीम का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनना चाहता था। पिछले 4 महीनों से उसका एक ही सपना था—खेल की दुकान पर टँगा वह चमचमाता हुआ लकड़ी का क्रिकेट बैट। उस बैट की कीमत 500 रुपये थी, जो मोनू के परिवार के लिए एक बड़ी रकम थी। मोनू ने हार नहीं मानी। उसने संकल्प लिया कि वह अपनी पॉकेट मनी से एक-एक रुपया बचाएगा। उसने अपनी मिट्टी की छोटी सी गुल्लक में रोज़ 2 रुपये, 5 रुपये जमा करना शुरू किया। जब भी उसका मन चूरन या इमली खाने का होता, वह अपनी इच्छा को मार लेता और वह सिक्का खट से अपनी गुल्लक में डाल देता। आखिरकार, पूरे 120 दिनों की तपस्या के बाद वह दिन आ ही गया, जब मोनू की गुल्लक सिक्कों और नोटों से पूरी तरह भर गई। उसने बड़ी उत्सुकता से गुल्लक तोड़ी और गिने—पूरे 500 रुपये थे! दुपहरी ढल चुकी थी और मौसम में हल्की सी ठंडी हवा बहने लगी थी। मोनू अपनी जेब में कड़कड़ाता हुआ नोट रखकर ख़ुशी से उछलता हुआ खेल की दुकान की तरफ़ भागा। उसकी आँखें बस उस नए बैट को छूने के लिए बेकरार थीं। अभी वह गाँव के मुख्य चौराहे पर पहुँचा ही था कि अचानक एक तेज़ रफ़्तार बाइक की टक्कर से एक चीख गूँजी। चौराहे के कोने पर खड़े 70 वर्षीय दीनू काका का फलों का हाथ-ठेला पूरी तरह पलट चुका था। दीनू काका बहुत गरीब थे और दिन भर फल बेचकर अपनी बीमार पोती के लिए दवाइयाँ ले जाते थे। सड़क पर चारों तरफ़ लाल रसीले तरबूज और पीले आम बिखरकर कुचल चुके थे। दीनू काका धूल में बैठे अपनी आँखों से बहते आँसुओं को पोंछ रहे थे और कह रहे थे, 'हाय राम! मेरी पूरे दिन की मेहनत मिट्टी में मिल गई। आज रात मैं अपनी गुड़िया के लिए बुखार की दवा कैसे ले जाऊँगा?' चौराहे पर खड़े लोग तमाशा देख रहे थे, पर कोई बूढ़े काका की मदद के लिए आगे नहीं आ रहा था। मोनू का कदम वहीं ठहर गया। उसने अपनी जेब में हाथ डाला, जहाँ उसका 500 रुपये का नोट रखा था। उसकी आँखों के सामने एक तरफ़ वह चमचमाता हुआ क्रिकेट बैट आ गया, जिसके लिए उसने 4 महीने तक भूखे रहकर एक-एक सिक्का जोड़ा था। दूसरी तरफ़ दीनू काका के वो कांपते हाथ और उनकी बीमार पोती का चेहरा था। इस देहाती अंचल के सीधे-सादे माहौल में मोनू के भीतर संस्कारों की एक बड़ी जंग छिड़ गई। उसकी माँ ने हमेशा कहा था, 'मोनू, भूखे को रोटी और रोते को हँसी देना ही ईश्वर की सच्ची पूजा है।' मोनू ने एक पल के लिए अपनी आँखें बंद कीं, बैट के सपने को विदा किया और पूरी दृढ़ता के साथ दीनू काका के पास पहुँच गया। उसने बिना कुछ सोचे अपनी जेब से वह 500 रुपये का नोट निकाला और दीनू काका के कांपते हाथों में रख दिया। काका ने हड़बड़ाकर देखा, तो सामने 10 साल का एक बच्चा निश्छल मुस्कान के साथ खड़ा था। मोनू ने कहा, 'काका, आप रोइए मत। इन पैसों से आप तुरंत दीदी के लिए दवा ले आइए। ठेला तो हम सब मिलकर खड़ा कर देंगे।' मोनू की इस 'भलाई' ने चौराहे पर खड़े बाकी लोगों की सोई हुई आत्मा को भी जगा दिया। मोनू को अकेले बूढ़े काका की मदद करते देख गाँव के 3-4 बड़े युवा भी आगे आए। सबने मिलकर पलटे हुए ठेले को सीधा किया, उसे साफ़ किया और बचे हुए फलों को सहेजकर रख दिया। दीनू काका ने रोते हुए मोनू को गले से लगा लिया और दिल से दुआएं दीं। मोनू के पास अब बैट खरीदने के लिए एक भी रुपया नहीं था, लेकिन जब वह खाली हाथ घर लौट रहा था, तो उसका सीना गर्व से चौड़ा था और उसके मन में एक असीम शांति थी।

# क्या नज़ीर की मॉब लिंचिंग बन पाएगी नजीर

**नजीर के इस मुकदमे ने मॉब लिंचिंग केस को एक नया मोड़ दे दिया है। देश में एक आशा का सृजन होते दिखाई दे रहा है।क्योंकि भीड़ द्वारा बढ़ते हुए ऐसे अपराध को रोकने के लिए भारत में 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता में मॉब लिंचिंग को पहली बार अलग अपराध के रूप में मान्यता दी गई है। धारा 103(2) बीएनएस के अनुसार जब 5 या अधिक व्यक्तियों का समूह मिलकर नस्ल, जाति, समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य आधार पर हत्या करता है, तो इसे मॉब लिंचिंग माना जाता है। जज तबस्सुम खान ने इसी कानून के हवाले से नज़ीर के दोषियों को उम्रकैद की सजा सुने है।अब देखना ये है कि क्या नज़ीर का यह मामला एनी मॉब लिंचिंग के लिए भी एक 'नज़ीर' बन सकता है।**

डॉ.संजीव कुमार

14 जून को मॉब लिंचिंग के इतिहास में पहली मध्य प्रदेश के सिवनी मालवा के जिला न्यायालय द्वारा एक साथ 14 दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। मुकदमे का निर्णय न्यायाधीश तबस्सुम खान के द्वारा सुनाया गया है। चूंकि मामला हिंदू मुस्लिम पक्ष से जुड़ा है और निर्णय एक मुस्लिम महिला द्वारा सुनाया गया है जिसका तथाकथित गौरक्षक समाज सोशल मीडिया तथा अन्य तरीकों से विरोध कर रहा है वहीं संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करने वाले लोगों ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

बात 3 अगस्त 2022 की हैं। नज़ीर अहमद अपने दो साथियों के साथ महाराष्ट्र से अपने ट्रक में 25 से 30 गाय और बछड़े लेकर उन्हें बाजार में बेचने (व्यवसायिक) के लिए निकले थे। मध्य प्रदेश के नर्मदा पुरम में रात्रि लगभग दो से तीन बजे तथाकथित गौरक्षक उनके ट्रक को घेर कर रोक लेते हैं और संदेह की बुनियाद पर तीनों को पीटने लगते हैं तथा उन्हें जोर-जोर से धार्मिक नारे लगाने के लिए कहते हैं और खुद ही इसका वीडियो भी बनाते हैं और समाज में इसका प्रचार प्रसार भी करते हैं। दर्जनों लोगों द्वारा हिंसक मारपीट की वजह से अंततः 55 वर्षीय नजीर की कुछ दिनों बाद अस्पताल में मृत्यु हो जाती है। अब लगभग चार वर्ष पश्चात् इसका निर्णय आता है जिसकी चारों तरफ चर्चा हो रही है।

सभी 14 अपराधी बहुत ही सामान्य परिवार से है। यह सभी हिंदू राष्ट्र और गौ रक्षा के नाम पर अंततः अपना जीवन तो बर्बाद कर ही चुके हैं उसके साथ-साथ अपने परिवार का भी जीवन बर्बाद कर रहे हैं। यह समाज के ऐसे नवयुवकों में से हैं जो तर्क का विवेक खो चुके हैं। इनके पास ना ही कोई अच्छी शिक्षा है और ना ही इतनी संपत्ति जिसके दम पर यह अच्छा जीवन जी सके। कमोवेश हिंदू राष्ट्र और गौ रक्षा के नाम पर जितने भी नवयुवक इस तरह का अपराध कर चुके हैं या कर रहे हैं यह सभी साधारण परिवार से और तथाकथित उच्च जातियों द्वारा ही बरगलाए गए हैं। पिछले एक दशक से मॉब लिंचिंग के मामलों ने देश और दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इसके पहले ऐसे शब्दों का पहले कभी प्रयोग नहीं था। ऐसा नहीं था कि इससे पहले भारत में कोई अपराध नहीं होते थे या फिर इस तरह की हत्याएं नहीं होती थी। देश में इन घटनाओं से पहले भी बड़े-बड़े अपराध और सामूहिक हत्याएं हुई है। बेलछी कांड, हासिमपुर हत्याकांड, लक्ष्मणपुर बाथे हत्याकांड, खैरलांजी हत्याकांड जैसे बड़े-बड़े सामूहिक नरसंहार हुए हैं पर लिंचिंग का मामला इनसे अलग है। क्योंकि पूर्व में हुए सब अपराध जाति और मजहब की दुर्भावना से होते थे पर अब 'गाय रक्षा' के नाम पर होने वाले इस जातीय तथा धार्मिक विद्वेष से किए गए इस अपराध ने समाज में एक नई भाषा को जन्म दिया है जिसे आज हम मॉब लिंचिंग कहते हैं। यानी अंधी भीड़ द्वारा बेवजह किसी की निर्मम हत्या।

पिछले एक दशक में गौ रक्षा के नाम पर इतने जघन्य अपराध हुए हैं जिनके वीडियो और फोटो



देखकर हमारे कलेजे दहल जाते है। मन में यही सवाल होता है कि आखिर यह लोग कौन हैं, क्या उनके परिवार और समाज ने इन्हे खुला छूट दे रखा हैं ऐसा अपराध करने के लिए? और अपराध भी ऐसा कि खुद अपराधी मजे से हिंसा करते हैं और उसका वीडियो भी वायरल करते हैं। इन लोगों के लिए कानून जैसे मजाक बन चुका हैं। ऐसा इसलिए है कि इन अपराधों के बाद यह लोग कुछ ही महीनो में बरी हो जाते है और तथाकथित इनके गौरक्षक समाज द्वारा इनका फूल माला से स्वागत किया जाता है। दरअसल गौ रक्षा अथवा गौ सेवा जैसा इनका कोई कृत्य नहीं होता। इनके आकाओं को मुसलमानों और दलितों के नाम पर भड़काने तथा लड़ाने के लिए एक हथियार चाहिए। जिसके लिए यह कभी गाय तो कभी गंगा का इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर गाय की यह सचमुच सेवा करना चाहते हैं या उसकी रक्षा करने का इन्होंने बिड़ा उठाया है तो पिछले 10 सालों का आंकड़ा उठा कर देख ले जितनी दुर्दशा पिछले 10 सालों में गायों की हुई है उतना भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था।

अभी ताजा मामला जैसलमेर के राजस्थान का है जहां हजारों गायों के भूख और बीमारी से मरने की खबर ने पूरे देश को हिला दिया था। जनवरी में चंडीगढ़ में 100 गायों की मौत हुई, छतरपुर में 50 गाए मरी, भीमपुरा राजस्थान में सैकड़ों से ज्यादा गाएँ मरी, 2024 -25 में श्रावस्ती और ललितपुर मैं सैकड़ो गायों के मरने से उत्तर प्रदेश में हड़कंप मच गया था। यह सब मौते प्रशासनिक देखरेख और गौशालाओं में हुई है जहां के लिए सरकार विधिवत बजट पास कर रही है।इसके अतिरिक्त सड़कों,गलियों में जो लाखों गायें भूख ,बीमारी,से दर ङ्कदर भटक रही है उसका तो कोई हिसाब ही नही। अगर गौ रक्षों तथा इसके नाम पर राजनीति करने वाले लोगों को जरा भी इनकी चिंता है तो सचमुच उनके लिए उचित प्रबंध करें। और इसके लिए किसी दिखावे तथा हंगामे की भी जरूरत नहीं है। बस जो लोग भी अपने आप को हिंदू मानते हैं, इन गायों को दया के नाम पर दो रोटी देते हैं वे सभी इन्हें अपने घर में पाले इनकी सेवा करें। शनिवार और सोमवार को दो गुड़ और दो रोटी से इनका पेट नहीं भरने वाला।

अब लौटते हैं मॉब लिंचिंग के मामले पर। 2015 में मोहम्मद अखलाख का मामला आप शायद भूल गए हो उनके परिवार पर गौ मांस खाने का झूठा आरोप लगा करके ग्रामीणों ने उन्हें पीट-पीट कर मार डाला। 2017 में राजस्थान के अलवार में पहलू खान को गौ तस्करी के नाम पर भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। 2017 में हरियाणा की एक लोकल ट्रेन में 16 वर्षी जुनैद खान को भी इसी तरह की अफवाह की वजह से मार दिया गया था। झारखंड में भी बच्चा चोरी के नाम पर इसी प्रकार मुसलमान की लिंचिंग की गई थी। 2002 में हरियाणा में भी पांच दलितों की गौ रक्षकों ने कुछ इसी प्रकार के मामले में हत्या की थी। ऊना कांड भी इसी प्रकार का मामला है। इन सभी मामलों में हजारों से ज्यादा लोग दोषी और अपराधी है, इनमें से ज्यादातर लोग आज अपना सामान्य जीवन जी रहे हैं।

पर नजीर के इस मुकदमे ने मॉब लिंचिंग केस को एक नया मोड़ दे दिया है। देश में एक आशा का सृजन होते दिखाई दे रहा है।क्योंकि भीड़ द्वारा बढ़ते हुए ऐसे अपराध को रोकने के लिए भारत में 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता में मॉब लिंचिंग को पहली बार अलग अपराध के रूप में मान्यता दी गई है। धारा 103(2) BNS के अनुसार जब 5 या अधिक व्यक्तियों का समूह मिलकर नस्ल, जाति, समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य आधार पर हत्या करता है, तो इसे मॉब लिंचिंग माना जाता है। जज तबस्सुम खान ने इसी कानून के हवाले से नज़ीर के दोषियों को उम्रकैद की सजा सुने है।अब देखना ये है कि क्या नज़ीर का यह मामला एनी मॉब लिंचिंग के लिए भी एक 'नज़ीर' बन सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार वृद्धि के लिये आपको उधार लेना पड़ सकता है। परिवार का माहौल भी पहले की तुलना में सकारात्मक रहेगा। हल्के शब्दों का अधिक प्रयोग न करें।

**वृषभ**
किसी को भी बिना आवश्यकता के ज्ञान न दें। राजनीतिक लोगों को सावधानीपूर्वक वक्तव्य देना चाहिये। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन**
अपनी उपलब्धियों से प्रसन्न और सन्तुष्ट रहेंगे। शरीर में दर्द और अकड़न जैसी शिकायत हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर असमंजस में रहेंगे।

**कर्क**
कारोबार में आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों का भरपूर लाभ उठायेंगे। नये सम्पर्कों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
शिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ आज गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। दूसरों के मामलों में आपको हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये।

**कन्या**
दाम्पत्य जीवन की परेशानी दूर होगी। आय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आप उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। आपकी कार्यशैली से सभी प्रसन्न रहेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है। तनाव के कारणों की पहचान कर उनका निवारण करें। नव विवाहितों का झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक**
जीवनसाथी आपसे बहुत प्रसन्न रहेगा। आज आपको अनेक उपहार भी मिल सकते हैं। यात्रा काफी मनोरञ्जक एवं लाभकारी रहेगी।

**धनु**
व्यवसाय निर्विघ्न गति से पूर्ण होंगे। उच्चाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। युवा प्रेमियों के लिये आज का दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। घर में विवाह को लेकर प्रसंग उठ सकते हैं।

**मकर**
पुराने मामले दोबारा शुरू होने की सम्भावना है। किसी बड़े सत्संग एवं आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। जीवनसाथी से अधिक कठोर भाषा में बात न करें।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपको सावधानी रखनी चाहिये। व्यवसाय में एग्रीमेन्ट को लेकर परेशानी हो सकती है। अपने गुप्त रहस्यों को किसी से साझा न करें।

**मीन**
अपनी बातों को लोगों के सामने दृढ़तापूर्वक रखेंगे। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। सन्तान से पूर्ण सुख और सहयोग प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अथमलगोला में एमवीआई ने छह नावों को किया निबंधित

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिला के अथमलगोला प्रखंड अंतर्गत गंगा नदी में परिचालित छह नावों को पटना एमभीआई ने बुधवार को निबंधित किया। ज्ञात हो कि हाल के दिनों में बाढ़ अनुमंडल के उमानाथ गंगा घाट पर लगातार हुए हादसे से सबक लेकर सख्ती बरतते हुए अनुमंडल क्षेत्र में परिचालित सभी नावों को निबंधित करने का कार्य शुरू किया है। इसी क्रम में बुधवार को मोटर वाहन निरीक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व में पटना से आई टीम से प्रखंड क्षेत्र के गंगा नदी में परिचालित छह नावों को निबंधित किया। इस संबंध मे एमभीआई मुकेश कुमार ने बताया कि आए दिन होने वाले हादसों के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देश पर यह व्यवस्था लागू की गई है। निबंधित रहने से नावों की वास्तविक स्थिति की जानकारी में सुविधा होगी। बिना निबंधन के नावों के परिचालन को प्रतिबंधित किया गया है। नाव मालिकों के लिए उन्होंने बताया कि निबंधन प्रक्रिया बहुत ही सरल है। इसीलिए निबंधन जरूर कराएं। मौके पर अथमलगोला अंचल की टीम भी मौजूद रही।



### रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान एवं कला की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान एवं कला में प्रवेश के लिए आज दिनांक,25/06/2026 को प्रवेश परीक्षा संपन्न कराई गई ।इसी बीच आज प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। वही प्राचार्य ज्ञानेश्वर के देख रेख में बताया कि प्रत्येक संकाय में 40 ,40 छात्रों का प्रवेश मेरिट के आधार पर नामांकन किया जाएगा। जिसमें रेलवे के बच्चों को प्रथम वरीयता दी जाएगी। प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने बताया कि 30 को प्रकाशित मेघा सूची आने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस परीक्षा को संपन्न कराने में गजेंद्र चौधरी,गिरजा कुमारी, गायत्री कुमारी, रमा पांडे,पुष्पा कुमारी,कुमार अनुराग, सुधीर कुमार सैंडल्स , विजय शेखर प्रकाश,प्रवेश परीक्षा कराने में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ने प्रवेश परीक्षा कराने में अहम योगदान दिए।



### बैठक में सीओ की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने जताई नाराजगी

**पालीगंज (पटना)। नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज प्रखंड सभागार में बुधवार को बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई तथा जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। हालांकि बैठक में अंचलाधिकारी (सीओ) की अनुपस्थिति को लेकर सदस्यों ने नाराजगी जताई। सदस्यों का कहना था कि राजस्व एवं भूमि संबंधी कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा होनी थी, लेकिन सीओ के उपस्थित नहीं रहने के कारण उन विषयों पर अपेक्षित निर्णय नहीं हो सका। बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए कई समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख अनीशा कुमारी, बीस सूत्री समिति के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह शाही, सदस्य नारायण कुमार, उत्तम कुमार, संदीप गुप्ता, रवींद्र शर्मा, जितेंद्र कुमार राम, ब्रह्मदेव बिंद, सुधांशु पटेल एवं राजीव रंजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों ने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसमस्याओं के त्वरित निपटारे पर विशेष जोर दिया।



### फरार प्रिंस यादव के घर चिपकाया इश्तिहार

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लहसुना थाना क्षेत्र के कराय बाजार में बीते 25.05.2024 को बच्चों की लड़ाई में हुई हिंसक झड़प के मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त प्रिंस कुमार, पिता जोगेंद्र यादव के घर पर पुलिस ने इश्तिहार चस्पा किया है। जानलेवा हमला और हत्या के प्रयास के इस केस में पुलिस ने 30 दिन के अंदर सरेंडर नहीं करने पर कुर्की-जब्ती की चेतावनी दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 25.05.2024 को कराय बाजार में बच्चों के आपसी विवाद ने दो गुटों की हिंसक झड़प का रूप ले लिया था। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। चौकीदार संजय पासवान के बयान पर दोनों पक्षों की ओर से कुल 19 लोगों को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सुरेंद्र चौधरी, पिता स्व. वासुदेव चौधरी की तरफ से 4 लोग नामजद दूसरे पक्ष की ओर से 15 लोग नामजद, जिसमें प्रिंस कुमार भी शामिल है।इस मामले में पुलिस ने अब तक कई अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### मोहर्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को खगौल पुलिस प्रशासन के द्वारा आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च निकाली गई। खगौल थाना से निकली फ्लैग मार्च जो क्षेत्र के खगौल थाना पूरे प्रमुख स्थानों पर पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया. थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया कि मोहर्रम पर्व को देखते हुए खगौल क्षेत्र में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। गुरुवार को सुबह से ही पूरे क्षेत्र में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है और साथ-साथ पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल भी पहुंच चुकी है और प्रमुख स्थानों पर उनको तैनात किया जाएगा इसके अलावा उन्होंने कहा है कि मोहर्रम पर्व को लेकर जुलूस में पुलिस प्रशासन की टीम में शामिल रहेगी और साथ-साथ डीजे पूरी तरह से बंद रहेगा। वही फ्लैग मार्च करने में अपर थाना अध्यक्ष विकाश कुमार,सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, सब इंस्पेक्टर सिद्धार्थ कुमार, अंजनी कुमार, सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।



### खेत से मिला अज्ञात शव, इलाके में सनसनी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव में गुरुवार को सतिस्थान खंदा में एक अज्ञात ब्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह खेत में काम करने गए लोगों ने शव को पड़ा देखा। इसके बाद तुरंत धनरूआ पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में मिसिंग की सूचना ले रही है और शव की पहचान के प्रयास कर रही है। मौत के कारणों की भी जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है। शव की पहचान होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।



### 400 लीटर देशी शराब बरामद, 3 तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने बुधवार को सुबह 9:00 बजे गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए कल्याणपुर गांव स्थित ठल-131G के पास से 400 लीटर देशी शराब के साथ एक आल्टो कार को जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने कार सवार 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूरज पासवान, उम्र 27 वर्ष, पिता स्व. ललन पासवान, ग्राम राजपुर नेहरु नगर हरिजन कॉलोनी, थाना पाटलीपुत्रा; शंकर कुमार महतो, उम्र 28 वर्ष, पिता आईजी महतो, ग्राम मझौली, थाना विक्रम; और गुड्डू कुमार, उम्र 26 वर्ष, पिता दशरथ यादव, ग्राम बेल्हौरी सलौरी, थाना दुल्हिन बाजार के रूप में हुई है। सभी आरोपी जिला पटना के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक आल्टो वाहन में भारी मात्रा में शराब तस्करी कर ले जाई जा रही है। जांच के दौरान वाहन से लगभग 400 लीटर देशी शराब बरामद हुई। तीनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

# 29 जून को मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय करेंगी पालीगंज व्यवहार न्यायालय भवन का उद्घाटन

## कोर्ट भवन, हाजत भवन, जजेज आवास व अधिवक्ता भवन का होगा लोकार्पण, तैयारियां जोरों पर

**पालीगंज (पटना)। नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज व्यवहार न्यायालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन आगामी 29 जून को पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव, पटना न्यायाधीश परिषद के निरीक्षी न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहित कुमार सहित पटना उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा पटना सिविल कोर्ट, पटना सदर, दानापुर, मसौढ़ी एवं बाढ़ व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी भी समारोह में भाग लेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान कोर्ट भवन, हाजत भवन, जजेज आवास तथा अधिवक्ता भवन (वकालतखाना) का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा।



कार्यक्रम 29 जून को शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। समारोह में पटना के जिलाधिकारी, एसएसपी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उद्घाटन को लेकर न्यायालय परिसर में व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। भवन की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। पालीगंज व्यवहार न्यायालय के सब जज रवि पांडेय ने न्यायालय भवन एवं परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से भी विचार-विमर्श कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**सुलभ और सस्ता न्याय मिलेगा**

सरकार द्वारा पटना जिले के अंतिम छोर पर स्थित पालीगंज जैसे पिछड़े क्षेत्र के लोगों को सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस व्यवहार न्यायालय का निर्माण कराया गया है। न्यायालय के शुरू होने के बाद क्षेत्र के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए दूर-दराज के न्यायालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

**19.14 करोड़ की लागत से बना आधुनिक न्यायालय भवन**

वर्ष 2019 में न्यायालय भवन का शिलान्यास किया गया था। लगभग 19 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस भवन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। वहीं 6 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से 12 फ्लैटों वाला जजेज आवास तथा 2 करोड़ 89 लाख 20 हजार रुपये की लागत से हाजत भवन का निर्माण कराया गया है।

**पांच मंजिला भवन में 15 कोर्ट रूम**

नवनिर्मित पांच मंजिला न्यायालय भवन में 15 कोर्ट रूम, जजों के चैंबर, कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय, दो बड़े सभाकक्ष तथा प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है। भूतल पर जज लाउंज एवं कार्यालय, प्रथम तल पर चार कोर्ट रूम, द्वितीय तल पर पांच कोर्ट रूम तथा तृतीय तल पर छह कोर्ट रूम बनाए गए हैं। चतुर्थ तल पर रिकॉर्ड रूम और पंचम तल पर कार्यालय की व्यवस्था की गई है। न्यायाधीशों के लिए अलग सीढ़ी एवं लिफ्ट तथा आम लोगों के लिए अलग सीढ़ी और दो लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। न्यायालय परिसर के समीप तीन मंजिला जजेज आवास में 12 फ्लैट बनाए गए हैं। वहीं कैदियों की पेशी के लिए न्यायालय भवन से सटे पश्चिमी भाग में हाजत भवन तथा अधिवक्ताओं के लिए अलग अधिवक्ता भवन का निर्माण किया गया है। पालीगंज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार एवं महासचिव विजय भूषण सिंह ने उद्घाटन तिथि निर्धारित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय के संचालन शुरू होने से अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय मिलेगा तथा क्षेत्र की न्यायिक व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

# टी.पी.एस. कॉलेज में भू-जल विकास एवं प्रबंधन पर एकदिवसीय प्रशिक्षण

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में केंद्रीय भू-जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना द्वारा 'भूजल विकास और प्रबंधन पद्धतियाँ-स्थानीय भूजल मुद्दे' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एम.एल.एस. कॉलेज, मधुबनी के प्राचार्य प्रो. अवधेश कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भू-जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है तथा इसके सतत एवं वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। मुख्य अतिथि प्रो. अवधेश कुशवाहा ने



अपने संबोधन में वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण एवं जल संरक्षण की तकनीकों को जन-आंदोलन के रूप में अपनाने पर बल दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्रीय भू-जल बोर्ड के विशेषज्ञों ने बिहार में भू-जल की स्थिति, भू-जल स्तर निगरानी एवं डेटा प्रसार, गतिशील भू-जल संसाधन आकलन, राष्ट्रीय एक्वीफर मानचित्रण एवं प्रबंधन, वर्षा जल संचयन एवं कृत्रिम पुनर्भरण, भू-जल गुणवत्ता, भू-भौतिकीय अन्वेषण तकनीकों तथा भू-जल विनियमन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने भू-जल संसाधनों के संरक्षण एवं विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन रसायन विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया तथा भू-जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## एलआईसी एजेंट बनकर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए रामपुर, सूर्यगढ़ा निवासी एक ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रशांत सिंह, पिता दिनेश सिंह, निवासी रामपुर सूर्यगढ़ा के रूप में हुई है।मराँची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मरांची इंग्लिश निवासी सुनीता देवी ने थाना में कांड संख्या 46/26 दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रशांत सिंह के घर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।जांच में सामने आया कि गिरफ्तार युवक पेशे से एलआईसी एजेंट है। वह कई लोगों से बीमा पॉलिसी का प्रीमियम लेकर उन्हें फर्जी रसीद थमा देता था। लोगों को ठगी का पता तब चला जब उनकी पॉलिसी लैप्स होने लगी।थानाध्यक्ष रौशन कुमार के अनुसार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि उसने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है और ठगी की कुल रकम कितनी है।

# 982 क्विंटल अनाज की कालाबाजारी का फरार डीलर संजीत पासवान गिरफ्तार

## पांच बार निरीक्षण में दुकान मिली थी बंद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के लखनौर बेदौली पंचायत अंतर्गत चेथौल गांव के जनवितरण प्रणाली दुकान में 982 क्विंटल से ज्यादा अनाज की कालाबाजारी के मामले में फरार चल रहे डीलर संजीत कुमार पिता स्व. कृष्णानंद पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती ने बताया कि बीते 15.04.2026 को जनवितरण प्रणाली दुकान के भंडार का सत्यापन करने का निर्देश मिला था। भंडार के खाद्यान्न में भिन्नता पाई गई थी। इसी के आलोक में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, मसौढ़ी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने 16.05.2026 को संयुक्त रूप से दुकान का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीलर संजीत कुमार अनुपस्थित मिला और दुकान बंद थी। भंडार गृह में ताला लगा था और दो खिड़कियां खुली मिलीं। खुली खिड़कियों से अंदर झांककर देखा गया तो भंडार गृह पूरी तरह खाली था। कुल 446.66 क्विंटल गेहूं और 535.66 क्विंटल चावल यानी 982.32 क्विंटल अनाज ऑनलाइन स्टॉक में दिख रहा था, जो भंडार गृह में मौजूद नहीं था। आशंका है कि डीलर कार्डधारियों का अनाज खुले बाजार में बेच रहा था। आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व में भी डीलर की दुकान का निरीक्षण 09.07.2025, 15.09.2025, 21.02.2026 और 25.03.2026 को किया गया था। हर बार दुकान बंद पाई गई थी। लगातार अनुपस्थिति और अनियमितता के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।गिरफ्तारी के बाद डीलर से पूछताछ की जा रही है। लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# ऋषि भारद्वाज बने सेना में तीसरी पीढ़ी के ऑफिसर, दानापुर कैंट में खुशी की लहर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर के डिफेंस कॉलोनी, दानापुर कैंट निवासी ऋषि भारद्वाज ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने परिवार की गौरवशाली सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाया है। वे अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी हैं जो मातृभूमि की सेवा के लिए सेना में अधिकारी बने हैं। इस उपलब्धि से पूरे दानापुर कैंट और डिफेंस कॉलोनी में खुशी और गर्व का माहौल है। पूर्व सैनिक संघ का मिडिया प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने संघ की तरफ से हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी और कहा कि युवाओं को हमेशा प्रयासरत होना चाहिए कामयाबी जरुर मिलेगी यह उदाहरण सबके सामने हैं। उन्होंने बताया कि ऋषि भारद्वाज के दादा, हॉनरेरी कैप्टन प्रद्युम्न दुबे ने बिहार रेजीमेंट में सूबेदार मेजर क्लर्क के पद पर अगस्त 1962 से दिसंबर 1993 तक निष्ठापूर्वक सेवाएं दीं। उनके पिता, कर्नल धनंजय भारद्वाज ने भी 1993 से 2008 तक बिहार रेजीमेंट में सेवा दी और वर्तमान में मेरठ छावनी में तैनात हैं। अब वे ग्रेनेडियर्स रेजीमेंट का हिस्सा हैं। लेफ्टिनेंट ऋषि भारद्वाज ने परिवार की परंपरा को निभाते हुए टेक्निकल एंट्री स्कीम +2 के तहत सेना को चुना। प्रशिक्षण के दौरान सर्विस सब्जेक्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। 13 जून 2026 को भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से पास आउट होकर वे अपने पिता की यूनिट में ही कमीशन प्राप्त कर शामिल हुए। इस तरह उन्होंने अपने माता-पिता के सपनों को साकार किया। वर्तमान में लेफ्टिनेंट ऋषि भारद्वाज हैदराबाद में सेवारत हैं। लेफ्टिनेंट ऋषि की इस कामयाबी से डिफेंस कॉलोनी, शाहपुर दानापुर कैंट में जश्न का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह खबर हम सबके लिए गर्व का पल है। ऋषि की सफलता नई पीढ़ी के युवाओं के लिए एक मिसाल है, जिससे वे प्रेरणा लेकर देशसेवा के लिए आगे आ सकते हैं और जीवन में नई पहचान बना सकते हैं।



# बीआईएस द्वारा पीवीसी-यू पाइपों के मानकीकरण पर मानक मंथन एवं द्वि-दिवसीय कैप्सूल कोर्स का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), पटना शाखा कार्यालय ने गुणवत्ता संस्कृति को सुदृढ़ बनाने तथा मानकीकरण प्रक्रिया में हितधारकों की सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 24 जून 2026 को 'दाबित द्रवों के वितरण हेतु अनप्लास्टिसाइज्ड पॉलीविनाइल क्लोराइड पाइप्स- विनिर्देश' के वाइड सकुर्लेशन ड्राफ्ट पर मानक मंथन कार्यक्रम तथा इसके उपरांत पीवीसी पाइप उद्योग से जुड़े बीआईएस लाइसेंसधारकों एवं गुणवत्ता पेशेवरों हेतु द्वि-दिवसीय कैप्सूल कोर्स का आयोजन किया। पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना स्थित बिसाका होटल्स में आयोजित मानक मंथन कार्यक्रम में लगभग 50 हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीआईएस पटना शाखा कार्यालय के वैज्ञानिक-ई/निदेशक एवं प्रमुख चन्द्रकेश सिंह तथा हिमांशु कुमार, वैज्ञानिक-सी/उप निदेशक द्वारा किया गया। अपने संबोधन में चन्द्रकेश



सिंह ने भारतीय मानकों, वाइड सकुर्लेशन प्रक्रिया तथा हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपारदर्शिता, फैक्ट्री सर्विलांस की संशोधित आवृत्ति, सुदृढ़ बाजार निगरानी, पाँच वर्षीय लाइसेंस नवीनीकरण व्यवस्था तथा बीआईएस प्रमाणन के महत्व पर भी चर्चा की। हिमांशु कुमार ने वाइड सकुर्लेशन ड्राफ्ट के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को बीआईएस वेबसाइट के माध्यम से टिप्पणियाँ एवं सुझाव भेजने की प्रक्रिया समझाई। तकनीकी चर्चा के दौरान प्रभावी लंबाई सहनशीलता (+100 मिमी), बड़े आकार के पाइपों हेतु थ्रेडिंग प्रावधान, रंग विकल्प, फिटिंग्स, मार्किंग आवश्यकताएं तथा आईएस 4985 के साथ उनके संबंध पर विचार-विमर्श किया गया। 24 जून 2026 के द्वितीय सत्र से प्रारंभ होकर 25 जून 2026 तक आयोजित कैप्सूल कोर्स में लाइसेंस के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन, नमूनों के पुनः परीक्षण, उत्पाद असंगतियों, असंतोषजनक सर्विलांस, क्लस्टर आधारित परीक्षण सुविधा, गुणवत्ता आश्वासन योजना, बाजार निगरानी, न्यूनतम मार्किंग शुल्क तथा बीआईएस संचारों जैसे सुधारात्मक कार्रवाई रिपोर्ट एवं निलंबन नोटिस के उचित प्रत्युत्तर संबंधी विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# मोहर्रम की पूर्व संध्या पर मसौढ़ी अनुमंडल की पुलिस का फ्लैग मार्च

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस ने आम लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और ताजिया जुलूस में नियमों का पालन करने की अपील की। मसौढ़ी थाना से शुरू हुआ फ्लैग मार्च रहमतगंज, स्टेशन रोड, मलिकाना, कैलूचक, पुरानी बाजार, संगतपर सहित ताजिया मार्ग के सभी मोहल्लों से गुजरा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और पर्व शांति से मनाने की गुजारिश की। अधिकारियों ने कहा कि ताजिया जुलूस के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सख्त इंतजाम किए गए हैं। सामाजिक तत्वों को चेतावनी दी गई कि उन्मादी भीड़ का फायदा उठाकर कोई गलत हरकत करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी।ताजिया जुलूस की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। पूरे मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे अनुमंडल कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से मॉनिटर किए जाएंगे। कंट्रोल रूम में 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।सुरक्षा के मद्देनजर पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में 47 संवेदनशील स्थानों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। ताजिया मार्ग और संवेदनशील चौक-चौराहों पर लगभग 235 पुलिस बल तैनात रहेंगे।



# राम लखन सिंह यादव कॉलेज में प्रो. बी.डी. यादव पांचवीं बार निर्विरोध शिक्षक प्रतिनिधि निर्वाचित

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनिसाबाद स्थित राम लखन सिंह यादव कॉलेज में आज संपन्न हुए शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव में प्रो. बी.डी. यादव को सर्वसम्मति से पांचवीं बार शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया। उनकी यह निरंतर उपलब्धि शिक्षण के प्रति उनके समर्पण और शिक्षक समुदाय के बीच उनकी अपार लोकप्रियता को प्रमाणित करती है।

**अकादमिक उत्कृष्टता और समर्पण के प्रतीक**

मगध विश्वविद्यालय से गणित विषय में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडलिस्ट) प्राप्त प्रो. बी.डी. यादव अपनी कुशाग्र बुद्धि, विनम्रता और मृदुभाषी स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त कर चुके कई छात्र आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन सहित देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत होकर कॉलेज का गौरव बढ़ा रहे हैं।

**पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया**

यह चुनाव पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि और कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस के प्रो. डॉ. चंद्रदीप की देखरेख में अत्यंत पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में प्रो. अशोक यादव प्रस्तावक रहे, जबकि प्रो. आर.एन. उपाध्याय ने गवाह के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. चंद्रदीप ने संयुक्त रूप से प्रो. बी.डी. यादव को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर प्राचार्य ने एमएलसी प्रो. गुलाम गौस, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. चंद्रदीप और पूर्व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. प्रमोद कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रमुख हस्तियों ने दी बधाई।इस गौरवपूर्ण अवसर पर उप-प्राचार्य कुमारी संगीता, कुमारी अनुपम, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, प्रो. राय श्रीपाल सिंह, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रो. शंकर साह, प्रो. अवधेश सिंह, प्रो. सुरेंद्र प्रसाद यादव, प्रो. रामजीवन यादव, प्रो. कुमारी सुंदरम, प्रो. प्रसिद्ध कुमार, प्रो. उस्मानी, प्रो. डॉ. राजकिशोर प्रसाद, प्रो. परिवेश साह, प्रो. डॉ. श्रीभगवान सिंह, प्रो. डॉ. पारसनाथ यादव, प्रो. मनीष भारती, प्रो. रोहित भारती, प्रो रमेश कुमार, प्रो. रोहित कुमार, प्रो. अभय कुमार, प्रो. अमित कुमार, प्रो. तेजस्विनी, इंदुभूषण यादव और मो. मिराज सहित कॉलेज परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे। साथ ही, एमएलसी प्रो. गुलाम गौस, गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष एवं पालीगंज के विधायक कॉमरेड संदीप सौरभ और कॉलेज के सचिव डॉ. ब्रजभूषण सिंह ने भी प्रो. बी.डी. यादव को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है।भविष्य की प्रतिबद्धता अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रो. बी.डी. यादव ने कहा कि वे कॉलेज के समग्र विकास और शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे शिक्षकों की आवाज बनकर उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा करेंगे तथा कॉलेज प्रशासन के साथ मिलकर एक सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए निरंतर सक्रिय रहेंगे।



# दिनदहाड़े गोली मारकर चेन लूट मामले में घटनास्थल पहुंचीं पूर्वी सिटी एसपी शैलजा, हाईवे पेट्रोलिंग टाइट करने का आदेश

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के दरधा नदी पुल पर बुधवार सुबह हुए दिनदहाड़े लूटकांड के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बाइक सवार बदमाशों ने सब्जी कारोबारी को गोली मारकर सोने की चेन लूट ली थी। घटना की सूचना मिलते ही पूर्वी सिटी एसपी शैलजा भी घटनास्थल पर पहुंचीं और घंटों तक मौका-मुआयना किया। इसके बाद वे धनरूआ थाना पहुंचीं और बिंदुवार पूरे मामले की तफ्तीश की। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी अनुसंधान के जरिए जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन करें। साथ ही हाईवे पेट्रोलिंग को टाइट करने और रात्रि गश्ती तेज करने का आदेश दिया। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने और बदमाशों के बारे में सूचना जुटाने को कहा गया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के मानिक कोठिया गांव निवासी गोप कुमार अपने सहयोगी नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के मोह गांव के प्रहलाद कुमार के साथ पटना जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने दरधा नदी पुल के पास पिस्टल सटाकर सोने की चेन लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर बदमाशों ने गोप कुमार के दाहिने पैर में गोली मार दी और सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही दल-बल के साथ धनरूआ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।जख्मी गोप कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद पटना पीएमसीएच रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार वह अब खतरे से बाहर है। बहरहाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार बदमाशों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।





CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस राजधानी समेत कई महत्वपूर्ण ट्रेनें विलंब से, यात्रियों को हुई परेशानी

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे परिचालन में विलंब के कारण गुरुवार को कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चलीं। ट्रेनों के विलंब से यात्रियों को स्टेशन पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। खासकर लंबी दूरी की ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई।



जानकारी के अनुसार फरक्का एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे, गरीब रथ एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, तेजस राजधानी एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, ब्रह्मपुत्र मेल 2 घंटे तथा गया-हावड़ा एक्सप्रेस करीब 3 घंटे विलंब से चली।इसके अलावा भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी 20 मिनट, विक्रमशिला एक्सप्रेस 40 मिनट, भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस 10 मिनट, अमरनाथ एक्सप्रेस 15 मिनट, पटना-दुमका एक्सप्रेस 20 मिनट, दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी 15 मिनट, मालदा-किऊल पैसेंजर 20 मिनट, बांका-राजेंद्रनगर इंटरसिटी 15 मिनट, मालदा-पटना एक्सप्रेस 10 मिनट, जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस 30 मिनट, हमसफर एक्सप्रेस एक घंटा तथा अप विक्रमशिला एक्सप्रेस 10 मिनट विलंब से परिचालित हुई। ट्रेनों के विलंब से विशेषकर दूर-दराज के यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों एवं छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार परिचालन संबंधी कारणों से कुछ ट्रेनों के समय में देरी हुई, हालांकि स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नव नियुक्त जिलाधिकारी का स्वर्णकार संघ ने किया सम्मान

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वर्णकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नव नियुक्त जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर संघ की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र स्वर्णकार, महामंत्री सुधीर गुप्ता एवं सचिव राजेश कुमार शामिल थे।



संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में जिले के विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रमों को नई गति मिलेगी। मुलाकात के दौरान स्वर्णकार समाज एवं स्वर्ण व्यवसाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। संघ के तरफ से जिला प्रशासन के साथ परस्पर समन्वय एवं सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।

### रसूलपुर में निकाला केंडिल मार्च

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भरत भूषण तिवारी एवं लखनऊ अग्निकांड में जान गंवाने वाले 15 छात्रों की स्मृति में बुधवार की शाम रसूलपुर में श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा बाजार 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा।कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत के उपमुखिया मनोज सोनी ने किया। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में नवयुवकों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने शहीद भरत भूषण तिवारी तथा लखनऊ हादसे में दिवंगत हुए 15 छात्रों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कैंडल मार्च निकाला गया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए राजेंद्र चौक पहुंचा।



वहां उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक एकता का संदेश भी दिया। मौके पर वार्ड सदस्य संतोष प्रसाद एवं फि रोज मियाँ, अनूप दुबे, मन्नू मिश्रा, शुभम दुबे, विजय प्रसाद, राजू गिरी, अर्जुन सिंह, सर्वेंद्र दुबे, छोटू सिंह, राहुल बाबा, निक्की पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

### आपातकाल की मनाई बरसी

**एकमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 25 जून 1975 को तत्कालिन कांग्रेस सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण आन्दोलन को कुचलने के लिए पुरे हिन्दुस्तान में आपातकाल की घोषणा की थी !उसी आपातकाल के विरोध में आज छपरा जिले के तमाम जेपी सेनानी सवालिया गिरी जेपी सेनानी अध्यक्ष छपरा, के नेतृत्व में गुरु जी मार्केट में एकत्रित होकर विरोधी प्रदर्शन किया। दूर दूर से आये जेपी सेनानियों ने अपना अपना विचार प्रकट किया। अन्त में जेपी सेनानी अध्यक्ष सवालिया गिरी ने आपातकाल पर विस्तृत जानकारी दी कैसे संविधान की हत्या की गई, किस प्रकार आम जनता-जनार्दन के अधिकार, न्यायपालिका के अधिकार पत्रकारों के अधिकार छीन ली गई थी किस प्रकार नौजवानों की नस बंदी कर दी जाती थी।




आपातकाल में आम जनता त्रस्त थी इसका विरोध करने पर मीसा ,डीआईआर में आंदोलनकारियों को मार पीट कर जेलों में डाल दिया जाता था। साथ साथ निम्नलिखित सेनानियों ने भी अपना विचार व्यक्त किये ! चंदे स्वर भारती, अरुण मिश्र, नागेश्वर सिंह, योगेन्द्र सिंह रामजी तिवारी वकील दीक्षित, रमाशंकर सिंह, तेज नारायण सिंह, इत्यादि सेनानियों ने अपना उदगार व्यक्त किया।

### 25,300 नशीली टैबलेट बरामद

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरैया थाना क्षेत्र के बायपास ओवरब्रिज के नीचे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 25,300 नशीली एवं एक्सपायरी टैबलेट बरामद की है। हालांकि पुलिस को देखकर तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरैया थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक अज्ञात व्यक्ति रक्सौल की ओर से बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं की खेप लेकर सीमा पार करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम बायपास ओवरब्रिज के नीचे पहुंची और घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस बल को देखकर घबरा गया और अपने पास मौजूद नशीली टैबलेट सड़क किनारे फेंककर अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने मौके की तलाशी ली तो वहां से नाइट्राजेपाम की 25,300 एक्सपायरी नशीली टैबलेट बरामद हुई। बरामद दवाओं को विधिवत जब्त कर लिया गया है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर डीएम एसपी ने किया दौरा

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 27 एवं 28 जून को मुख्यमंत्री, बिहार के संभावित मुंगेर आगमन के मद्देनजर जिले के टेटिया बम्बर प्रखंड अंतर्गत भुना एवं लगमा पंचायत में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, हवेली खड़गपुर राजीव रोशन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थलों पर चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों, मंच निर्माण, आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक तैयारियों के संबंध में आवश्यक निदेश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने किया बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कार्यक्रम स्थलों की साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करने को कहा।पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने तथा भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए समुचित कार्ययोजना तैयार रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भुना एवं लगमा पंचायत में प्रस्तावित विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर वहां चल रहे कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।



## सड़कों के अतिक्रमण से आए दिन लग रहे जाम से लोग परेशान

**स्टेशन रोड,जुबली बेल,जय बांग्ला मोर, अल्बर्ट रोड, सदर बाजार में आए दिन लगता है जाम**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी छुट्टी से समाप्त होने के बाद स्कूल कॉलेज कोचिंग संस्थान पूर्ण रूप से खुल गई है। बाजारों में भी अब अच्छी खासी भीड़ देखा जा रहा है। वहीं सड़कों पर होने वाले अतिक्रमण से आए दिन लगने वाले जाम से लोग अब परेशान होने लगे हैं।स्टेशन रोड,जुबली बेल,जय बांग्ला मोर, अल्बर्ट रोड, सदर बाजार, अवंतिका मोड में सुबह दोपहर शाम लगने वाले जाम ने तो स्कूली बच्चों सहित कामकाजी लोग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त सड़क एवं चौक पर टोटो चालक की मनमानी एवं सड़कों पर लगे चाय नाश्ता सब्जी गोलगप्पा एवं मोमोज के ठेले ने तो राहगीरों की मुश्किल बढ़ा दी है। अतिक्रमण के कारण आए दिन राहगीरों को ठेला रिक्शा एवं वाहन चालको से नोक झोक जैसी स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। जुबली बेल चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती होने के बावजूद बिना रोक-टोक के बड़े वाहन शहर में किसी भी समय प्रवेश कर जा रहे हैं जिसके कारण जाम का भयावा नजर से अब लोग पूरी तरह परेशान दिखने लगे हैं। जाम में फंसे कामकाजी लोगों सुमित कुमार, अक्षय कुमार, विक्की कुमार,अरुण पासवान, पंकज कुमार, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक कुमार पासवान सहित कई लोगों ने बताया कि जाम का प्रमुख कारण सड़कों का अतिक्रमण एवं टोटो चालकों की मनमानी है जो जब चाहे वही गाड़ी खड़ी देते हैं। कुछ बोलने पर मारपीट नोक झोक जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसके कारण राहगीर चुपचाप नजारा देखना ही मुनासिब समझते हैं।



## कुख्यात सोनू-मोनू के पिता गिरफ्तार, पटना हाईकोर्ट के वकील निकले आरोपी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचमहला थाना क्षेत्र के नौरंगा जलालपुर गांव में गुरुवार को पुलिस ने बड़ी छापेमारी कर कुख्यात सोनू-मोनू गैंग के पिता प्रमोद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पटना हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता बताए जा रहे हैं।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राम कृष्णा के नेतृत्व में मोकामा, मराँची, हाथीदह और पचमहला थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने गुरुवार को सोनू-मोनू के घर पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही घर में हड़कंप मच गया। तलाशी के बाद प्रमोद सिंह को मौके से हिरासत में लिया गया।पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार के अनुसार, प्रमोद सिंह हाल ही में मुकेश सिंह गोलीबारी कांड में अग्रीम जमानत पर थे। उन पर कांड संख्या 27/26 में दूसरा केस भी दर्ज था जिसमें वे फरार चल रहे थे।23 मार्च को अवैध बालू खनन के दौरान पुलिस ने एक जेसीबी और एक बाइक जब्त की थी। आरोप है कि बाद में प्रमोद सिंह ने पुलिसकर्मियों से अभद्र व्यवहार कर वह बाइक छीन ली थी। इसी बाइक को सोनू और सौरभ की तलाश के दौरान पुलिस ने दोबारा जब्त किया था, जिससे बिहार पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी।इस कार्रवाई में मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, मराँची थानाध्यक्ष रौशन कुमार और पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अब फरार चल रहे सोनू और सौरभ की तलाश में जुटी है।



### मोकामा में शांति व्यवस्था के लिए निकाला फ्लैग मार्च

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए मोकामा प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। गुरुवार को थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरे शहर में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।पैदल फ्लैग मार्च मोकामा थाना से शुरू होकर जेपी चौक, शहीद गेट और स्टेशन रोड होते हुए वापस थाना पहुंचा। इस दौरान पुलिस जवानों ने मुख्य मार्गों और संवेदनशील इलाकों में गश्त कर हालात का जायजा लिया।थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि इस साल मुहर्रम पर 4 ताजिया जुलूस निकालने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, "सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जुलूस के रूट पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।अफवाह फैलाने वालों पर साइबर सेल की पैनी नजर रहेगी।हुड़दंग करने वालों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई होगी।जुलूस में किसी भी तरह के हथियार के प्रदर्शन पर पूरी तरह रोक है।

## कारखाना में प्रशिक्षण पाए 93 प्रशिक्षुओं को दी गई विदाई

**सभी प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की रेल प्रशासन ने की कामना**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल कारखाना जमालपुर स्थित बेसिक ट्रेनिंग सेंटर (बीटीसी) में सत्र 2024-25 के वेल्डर ट्रेड के 93 एक्ट अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के सम्मान में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ, जहां प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। मुख्य अतिथि उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन) डॉ. अभ्युदय तथा विशिष्ट अतिथि पीटीएस के उप प्राचार्य अवधेश प्रसाद रॉय थे। बीटीसी के मुख्य अनुदेशक मो. आफताब आलम ने बुके भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वेल्डिंग अनुदेशक सतीश कुमार भारती ने किया।अपने संबोधन में डॉ. अभ्युदय ने कहा कि जमालपुर की पहचान देश-विदेश में उसकी उत्कृष्ट कारीगरी और कुशल कार्यबल के लिए रही है। यहां से प्रशिक्षित युवाओं ने रेलवे समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि एशिया के प्रथम रेल इंजन कारखाना में एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करना अपने आप में गर्व की बात है। यह प्रशिक्षण केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, कार्य संस्कृति और जिम्मेदारी का भी पाठ पढ़ाता है।उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि वे अपने कौशल, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं तथा रेलवे और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। वहीं विशिष्ट अतिथि अवधेश प्रसाद रॉय ने भी प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपने अनुभव साझा किए।समारोह के दौरान प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण काल के अनुभवों को साझा किया और संस्थान के शिक्षकों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और भावुकता का माहौल बना रहा।इस अवसर पर प्रवीण कुमार, शशिधर दुखमोचन, आकाश कुमार, अरमान अली, नवीन कुमार, अनुराग कुमार, मधुममता सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एवं संस्थान के कर्मचारी उपस्थित थे।



## हथियार के साथ पांच अपराधकर्मी गिरफ्तार

**दरपा पुलिस की बड़ी कार्रवाई में दो बाइक, स्कार्पियो सहित हथियार बरामद**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लूट, डकैती करने के उद्देश्य से निकलें अपराधियों को दरपा पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ धर दबोचा,दरपा थाना प्रभारी अनिश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि आदापुर में अपराधियों के द्वारा किसी बड़े घटना की अंजाम देना है, इस बड़ी घटना को लेकर रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद के नेतृत्व में एक डी आई यू मोतिहारी के सहयोग से पुलिस टीम गठित कर दरपा थाना क्षेत्र के बोलडरवा चौक के पास बेरियर बनायी गई, अपराधियों ने आदापुर से छौडादानो बढ़ने के बाद पुलिस ने उजला स्कार्पियो समेट अपराधियों को पकड़ लिया,एक मोटरसाइकिल सवार अपराधी भागने में सफल रहा, स्कार्पियो जय जांच पड़ताल करने में एक देशी पिस्टल,एक देशी कट्टा, तीन जिन्दा कारतूस, छः पीस मोबाइल,एक स्कार्पियो,एक अपाची,एक ग्लेमर मोटरसाइकिल, बरामद की गई जिसमें विटू कुमार पिता विपिन सिंह, मुन्ना कुमार सिंह पिता जंगबहादुर सिंह, संतोष कुमार यादव पिता रामविलास यादव तीनों अपराधी आदापुर थाना के भलुअहिया गांव के निवासी हैं,विशाल कुमार पिता विनोद पटेल कचोरवा, अजित कुमार गुप्ता पिता नागेश्वर प्रसाद गुप्ता पीपरा थाना दरपा का निवासी बताया गया है छापेमारी दल में थाना प्रभारी अनिश कुमार,पु नि रंजय कुमार छौडादानो, पुअनि अनुज कुमार, मंदन कुमार,डीआईयू मोतिहारी के पुअनि अनुज कुमार,करण सिंह, पंचम कुमार कृष्ण सिंह, सन्तोष कुमार, सिपाही सत्यम कुमार,पवन कुमार सहित डीआईयू मोतिहारी के टीम मौजूद थे।



### गहरे गड्ढे से महिला का शव बरामद

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** एकमा थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव के बधार स्थित एक गहरे गड्ढे से बुधवार की देर शाम पुलिस ने एक 45 वर्षीय महिला का शव बरामद किया। मृतका की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर गांव निवासी स्वर्गीय नन्हक नट की पत्नी गुल्ली देवी के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों के अनुसार, गुल्ली देवी बुधवार को अपनी बेटी व दामाद बाजीगर नट के घर हुस्सेपुर गांव जा रही थीं। आशंका जताई जा रही है कि रास्ते में भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिससे वह अचेत होकर गहरे गड्ढे में गिर पड़ीं। गिरने के कारण उनकी मौत हो गई।

### मोहर्रम को लेकर पालीगंज में ड्रोन व सीसीटीवी से होगी निगरानी

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मोहर्रम पर्व एवं ताजिया जुलूस को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को पालीगंज एवं सिगोड़ी थाना क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चंदन कुमार तथा एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पालीगंज थाना से शुरू होकर नगर बाजार के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुएपुनः पालीगंज थाने पर पहुंचकर समाप्त हो गया। वही सिगोड़ी थाना से निकलकर क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों एवं मोहल्लों तक पहुंचा। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगाया। मार्च के दौरान एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने लोगों से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

## वरिष्ठ मीडिया कर्मी व साहित्यकार ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ धाम में की पूजा

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड के सरथुआ गांव निवासी वरीय मीडिया कर्मी व साहित्यकार डॉ. राजीव नयन सिंह ने गुरुवार की सुबह एकादशी तिथि के दिन परिवार संग बाबा नगरी देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने समाज और बिहार-झारखंड समेत पूरे राष्ट्र की सुख-शांति और विकास के लिए बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना की। इस दौरान उनके साथ पत्नी नीतू नयन, पुत्री शिवानी व पुत्र अविरल नयन ने भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर आराधना की। मंदिर के गर्भगृह में पूजा के बाद पूरे परिवार ने माथे पर चंदन-रोली का तिलक लगाकर बाबा के दरबार में मत्था टेका।गुरुवार को शाम में वहां अच्छी वारिश भी हुई,जिससे मौसम सुहाना हो गया। पूजा के उपरांत डॉ. राजीव ने कहा, बाबा बैद्यनाथ विश्व शांति के प्रणेता, जगत के पालनकर्ता और प्राणियों को जीवन देने वाले हैं। बाबा के दरबार में आकर अलौकिक शांति का अनुभव होता है। हमने बाबा से कामना की है कि पूरे समाज में आपसी भाईचारा बना रहे और राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। उन्होंने बताया कि सावन माह के बाद भी बाबा नगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं होती। देश के कोने-कोने से भक्त यहां मनोकामना लेकर पहुंचते हैं और बाबा सबकी झोली भरते हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ0 राजीव दनियावां व हिलसा,नालंदा क्षेत्र में मीडिया व साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय हैं और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर लगातार मुखर रहते हैं।



## ईको क्लब के सदस्यों ने चलाया पौधारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी परिसर में गुरुवार को इको क्लब के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने की। अभियान के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से विद्यालय परिसर में दर्जनों फलदार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। इको क्लब के नोडल शिक्षक आर. के. रवि के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने विशेष रूप से औषधीय गुणों से युक्त जामुन के दर्जनों पौधे रोपे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक श्री सिंह ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी के कारण पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं मानव जीवन के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी की सुंदरता और हरियाली बनाए रखने में प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। पौधारोपण के साथ-साथ इको क्लब के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया। छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने गांव और मोहल्लों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया यह पौधारोपण भविष्य में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मौके पर शिक्षक खालिद हसमुल्लाह, सरताज आलम, जितेंद्र पंडित, चंद्रिका कुमार, शिक्षिका सविता यादव सहित विद्यालय के कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




## कांग्रेस ने देश में आपातकाल लागू कर की संविधान की हत्या

**आपातकाल के 51वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने विचार गोष्ठी आयोजित**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान हत्या दिवस कांग्रेस द्वारा लगाया गया काला अध्याय के आपातकाल के 51वां वर्ष अवसर पर भाजपा कार्यालय गांधी कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को एक विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन ने किया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले जेपी सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आपातकाल के समय की बड़ी संख्या में जेपी सेनानियों में गणेश प्रसाद, दिग्विजय नारायण सिन्हा, बलदेव प्रसाद, बिपीन बिहारी तिवारी, राजकुमार पाण्डेय, हरेन्द कुमार सिंह, प्रकाश मिश्रा,राजेश्वर शर्मा,भरत गुप्ता, अम्बिका पटेल, नागा प्रसाद,कृष्णमोहन श्रीवास्तव, उमाकांत तिवारी, नंद किशोर तिवारी, सुभाष चन्द्र तिवारी, विजय जयसवाल, के अलावे अन्य जेपी सेनानी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उस दौरान संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया तथा हजारों लोकतंत्र सेनानियों और विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि संविधान हत्या दिवस हमें लोकतंत्र की रक्षा के प्रति सदैव सजग रहने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के संयोजक एवं उप मेयर डॉ लालबाबू प्रसाद ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देशभर के लोकतंत्र प्रेमियों ने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उस दौर के इतिहास से अवगत कराना आवश्यक है ताकि भविष्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किसी प्रकार का संकट उत्पन्न न हो सके। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को राष्ट्र के लिए प्रेरणादायी बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया था। लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और संघर्ष के कारण ही देश में पुनः लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हो सकी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम में उपस्थितअरुण कुमार मिश्रा, राजीव शंकर वर्मा, विनय कुमार वर्मा, कुमार शिवशंकर सिंह, अखिलेशवर प्रसाद सिंह जेपी सेनानियों ने भी आपातकाल के दौरान अपने संघर्षों और अनुभवों को साझा किया। अंत में लोकतंत्र की रक्षा एवं संविधान की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र किशोर मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन,मीना मिश्रा, जिला प्रवक्ता साजिद रजा, संजीव सिंह, मीडिया सह प्रभारी सुधीर गुप्ता, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजू वर्मा, आईटी सेल संयोजक पंकज सिन्हा, सोशल मीडिया संयोजक ऋषभ झा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल वर्मा, विधि प्रकोष्ठ संयोजक चुन्नू सिंह,दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजू वर्मा उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार महामंत्री, उत्तम मिश्रा महिला मोर्चा महामंत्री रंजना श्रीवास्तव उषा गुप्ता सविता वर्मा,दिलीप जायसवाल,मिशाल श्रीवास्तव,लड्डू सिंह,विशाल पांडेय एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



C M Y K

# आपातकाल की बरसी पर सिन्हा कॉलेज में परिचर्चा

## वक्ताओं ने कहा आज न्यायालय, मीडिया और अन्य संस्थाएं बहुत ज्यादा स्वतंत्र




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आपातकाल की 51वीं बरसी पर सिन्हा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को आपातकाल के दौर के अनुभवों और लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में आपातकाल के दौरान जेल जा चुके समाजसेवी ज्ञानेश्वर सिंह और अजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने अपनी जेल यात्रा, संघर्षों और आपातकाल के दौरान हुए घटनाक्रमों को साझा करते हुए उस दौर की ज्यादतियों से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र की जड़ें आज पहले से अधिक मजबूत हुई हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के प्रति समाज की जागरूकता बढ़ी है। विषय प्रवेश प्रबंधन अध्ययन विभागाध्यक्ष बहादुर भीम कुमार ने कराया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस समन्वयक संजीव रंजन ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में हिंदी विभाग के व्याख्याता रमेश सिंह ने आपातकाल को एक प्रवृत्ति बताते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रेमशंकर गोंड और रणजीत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं में पम्मी, सुनयना, तान्या, रानी और रितिका ने विषय पर अपने विचार रखे, जिन्हें उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया। अंत में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सफल आयोजन पर प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# गर्मी ने लोगों का किया हाल बेहाल, घरों में दुबक जा रहे लोग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में एक बार फिर से उमस भरी गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते कुछ दिनों से तीखी धूप और चिलचिलाती गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। वहीं तपन व उमस भरी गर्मी ऐसी कि कूलर-पंखा सब फेल हो जा रहा है। घर के बाहर लोगों को कहीं भी सुकून नहीं मिल रहा है। सुबह नौ बजे के बाद लोग अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। दोपहर में शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। घर से बाहर निकले लोग लू के थपेड़ों से परेशान रहते हैं। थोड़ी दूर चलने पर लोग पसीना-पसीना हो जाते हैं। इस कारण लोग बार-बार पानी या जूस भी पीते रहे। तपिश इतनी तेज है कि दिन में बाहर धूप में निकलना थर्ड डिग्री की सजा से कम नहीं है। सुबह से ही सूरज देवता पूरे रौब में नजर आते हैं। विद्यालय जाने वाले बच्चे, कार्यालय जाने वाले कामकाजी सभी गर्मी के प्रकोप से परेशान हैं। सभी को राहत की तलाश है। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी से निपटने का सबसे अच्छा तरीका स्वच्छ पानी का उपयोग करना है। अगर आप हर थोडी देर में पानी के छींटे अपने चेहरे पर मारते हैं तो आप तरोताजा महसूस करते हैं। जानकार बताते हैं कि धूप में निकलने से परहेज करें। अगर निकलना पड़े तो अपने चेहरे को पूरी तरह ढंक कर निकले। इससे आपकी त्वचा ठीक रहेगी। गर्मियों के मौसम में वैसे तो हर कोई धूप से निकलने से बचता लेकिन अगर निकलना बहुत जरूरी हो तो इसे टाला भी नहीं जा सकता। धूप में निकलने से सबसे ज्यादा डर लू लगने का बना रहता है। अगर किसी का शरीर गरम हो और कान ठंडे हो तो कहा जा सकता है कि उसे लू लगी हूई है। अगर चाहे तो थोड़ी सी सावधानी रखकर इससे बच सकता है। इससे बचाव के लिए ठंडा पानी, आइसक्रीम, तेज धूप एवं गर्मी से बचने की जरूरत है। कहा कि पानी ज्यादा पीना है, हो सके तो नारियल का का सेवन करें। ताजा फल के जूस भी गर्मी में शरीर के लिए लाभदायक है।

# दाउदनगर में बनेगा गुरुद्वारा, संगत का होगा विकास

## शहर के लिए ऐतिहासिक समझौता संत गुरुनाम सिंह को उपेंद्र कश्यप ने सौंपा समझौता पत्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर की धार्मिक यात्रा में इतिहास की एक तारीख 24 जून को तय हो गयी। कल जो इतिहास बनेगा, उसका आरंभ बिंदु अब तय हो गया है। दशकों के श्रम को एक प्रस्थान विंदु मिल गया है। बुधवार को यह तय हो गया कि बाजार स्थित बाबा बिहारी दास संगत का विकास होगा। यहां गुरुद्वारा बनेगा। और भी कई निर्माण कार्य होंगे जो शहर की धार्मिक-सांस्कृतिक-सामाजिक यात्रा को गतिमान बनाएगा। इस दिन एक आवश्यक बैठक की गई। अध्यक्षता संगत के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद सर्राफ ने की। बैठक में उपेंद्र कश्यप (पत्रकार), विनोद कांस्यकार, सनी कुमार गुप्ता और पूर्णेन्दु कुमार (शिक्षक) संगत पक्ष की तरफ से उपस्थित रहे। जबकि गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की तरफ से संप्रदाय श्रीमान सच्चखंड वासी श्री मान संत बाबा तारा सिंह जी सरहाली साहिब वाले, दास संत बाबा घोला सिंह जी, मुख्य सेवादार जत्थेदार बाबा गुरु नाम सिंह जी (महंगापुर, उत्तरप्रदेश वाले) के साथ गुरुदारा निर्माण को लेकर बैठक में चर्चा की गई। गुरुद्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी बाबा बिहारी दास संगत निर्माण के लिए कार सेवा की जिम्मेदारी सौंपी गई। इससे पहले भी कार सेवा बाबा जी द्वारा शिव मंदिर का निर्माण संगत परिसर में वर्ष 2012-14 के बीच कराया गया था। आगे भी बाबा जी अपने इच्छा अनुसार गुरुद्वारा परिसर एवं मंदिर परिसर की कार सेवा कराएंगे। महत्वपूर्ण है कि यहां बाबा बालक दास की जिंदा समाधि है। लगभग तीन सौ वर्ष प्राचीन हस्तलिखित गुरुग्रंथ साहिब बिराजमान हैं। शिव मंदिर है। इसका जब विकास होगा तो स्वाभाविक है शहर को गति मिलेगी।

# 70वीं बीपीएससी में डीएसपी बने सूर्यप्रकाश का रफीगंज में स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर डीएसपी पद पर चयनित हुए रफीगंज प्रखंड के अरथुआ गांव निवासी भरत राम के पुत्र सूर्यप्रकाश कुमार के रफीगंज पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने बैंड-बाजे के साथ फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई बांटी और सूर्यप्रकाश कुमार को बधाई दी। लोगों ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। स्वागत कार्यक्रम के दौरान रफीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेन्द्र कुमार, अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष सह पूर्व उप चेयरमैन हरेंद्र कुमार, दिलकेश्वर राम, रणविजय यादव, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने सूर्यप्रकाश कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े भाई और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने पर सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को निरंतर मेहनत और सही दिशा में अध्ययन करने की सलाह दी।

# नाली निर्माण बाधित होने से जलजमाव की समस्या गहराई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरी के वार्ड संख्या 9 में नाली के पानी का जलजमाव ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। गंदे पानी के जमाव होने से पेयजल आपूर्ति, आंगनबाड़ी केंद्र, धार्मिक स्थल तथा विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वार्ड सदस्य अजय पासवान ने बताया कि गांव में नाली निर्माण के दौरान कुछ लोगों ने कार्य में बाधा उत्पन्न कर दी, जिसके कारण जल निकासी की व्यवस्था अधूरी रह गई। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य का विरोध करने वाले लोगों ने सरकारी भूमि का अतिक्रमण कर रखा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रखंड मुख्यालय में शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार नल-जल योजना के तहत किए गए बोरिंग के आसपास वर्षों से गंदे पानी का जमाव होने से पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। वहीं जलजमाव से उठने वाली दुर्गंध के कारण आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जलजमाव के बीच ही विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित है। किसी आपात स्थिति में बिजली आपूर्ति बंद करने में भी कठिनाई हो सकती है। इसके अलावा उक्त स्थल के समीप स्थित बजरंगबली एवं शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण और जल निकासी के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, लेकिन अतिक्रमण के कारण कार्य बाधित है। उन्होंने प्रशासन से अतिक्रमण हटाकर समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को जलजमाव और उससे उत्पन्न परेशानियों से राहत मिल सके।

## ताजिया जुलूस को लेकर विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्सद संवाददाता**

**मदनपुर।** मुहर्रम में ताजिया जुलूस निकाले जाने को लेकर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल ने दी है। उन्होंने बताया कि सुबह 6 बजे से 11 बजे तक और दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मदनपुर और देव विद्युत आपूर्ति प्रशाखा क्षेत्र में मुहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस निकाली जाने के कारण विद्युत आपूर्ति नहीं किया जाता है। ताकि कोई हादसा नहीं हो सके। इसके लिए सभी को एलर्ट कर दिया गया है।

# मुहर्रम को लेकर हसपुरा में फ्लैग मार्च, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार की शाम हसपुरा थाना पुलिस एवं प्रशासन की ओर से क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी तथा सीओ कौशल्या कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। फ्लैग मार्च में अर्द्धसैनिक बल एवं पुलिस के जवानों ने हसपुरा बाजार सहित रघुनाथपुर, गहना, पीरू, पुरहारा, अमझर शरीफ, इटवां, सलेमपुर, चहुंटा, जैतपुर, पचरूखिया, हलीमचक, सिहाड़ी, खुटहन, नरसन समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से शांति, आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि मुहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। विशेष रूप से हसपुरा बाजार, अमझर शरीफ अखाड़ा मैदान और कर्बला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। फ्लैग मार्च में एसआई रविरंजन कुमार, राहुल कुमार, सूर्यदेव सिंह, ओमप्रकाश कुमार, बच्चू खलीफा, चंद्रकांत पासवान, दयानंद मंडल, चौकीदार अखिलेश कुमार, अरमान सहित बड़ी संख्या में पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के जवान शामिल रहे।

# पांच वर्षों से ठप पड़ी कोल्हुआ की नल-जल योजना, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के कोल्हुआ गांव में मुख्यमंत्री नल-जल योजना पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ी है। करीब 10 लाख रुपये की लागत से बनी इस योजना के तहत जलमीनार और पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन कई घरों में नल की टोंटी तक नहीं लगाई गई। रखरखाव के अभाव में पाइप क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीण विकास सिंह, अजय सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि कई बार पीएचईडी विभाग से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने योजना की मरम्मत कर शीघ्र जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर जारी रहेगा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अपराध की रोकथाम व विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर पुलिस द्वारा पूरी रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस तरह के सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके और जिले में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बना रहे। आमजन से भी अपील की गयी है कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दे। यह अभियान विशेष रूप से झारखंड से जिले को जोड़ने वाले मुख्य पथों पर केंद्रित रहा, जहां जगह-जगह चेक प्वाइंट बनाकर वाहनों की गहन जांच की गयी। अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया समेत हर प्रकार के वाहनों की तलाशी ली गयी। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तथा वाहन से संबंधित कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा व अन्य वैध दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गयी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल यातायात नियमों के अनुपालन तक सीमित नहीं था, बल्कि मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाना भी इसका प्रमुख उद्देश्य रहा। झारखंड-बिहार सीमा से होकर मादक पदार्थों की संभावित आवाजाही को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरती गयी। कई स्थानों पर तकनीकी संसाधनों की सहायता से भी जांच की गयी। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया है कि अपराधियों, तस्करों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जाये। आम लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## पिपरा बगाही में छह माह से नल जल योजना ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पिपरा बगाही गांव में नल-जल योजना पिछले छह माह से अधूरी पड़ी है, जिससे भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार भले ही हर घर तक नल का जल पहुंचाने का दावा कर रही हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कुटुंबा प्रखंड के ग्राम पंचायत पिपरा बगाही के वार्ड सं-10 में भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। यहां नल-जल योजना पिछले पांच महीनों से अधूरी पड़ी है, जिससे लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वार्ड में पुरानी नल-जल योजना लंबे समय से बंद पड़ी है। पेयजल समस्या के समाधान के लिए करीब छह माह पहले नए बोरिंग का कार्य कराया गया था परंतु इसके बाद निर्माण कार्य ठप हो गया। अब तक न तो पानी टंकी के लिए लोहे का स्ट्रक्चर बनाया गया है और न ही मोटर पंप लगाया गया है। परिणामस्वरूप योजना शुरू होने से पहले ही अधर में लटक गई है।

# वीर कुंवर बाबा के स्थान को क्षति पहुंचाने के मामले में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के चातर गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय (उर्दू) चातर के समीप शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, रफीगंज थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, एसआई मिथलेश कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष रफीगंज सुनील कुमार वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, पैक्स अध्यक्ष सह उप मुखिया ओमप्रकाश भारती उर्फ गुड्डू यादव सहित चातर गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन ग्राम चातर में भगवान वीर कुंवर बाबा के स्थान पर स्थापित प्रतिमा को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले को लेकर किया गया। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की, जिस पर ग्रामीणों ने भी सहमति जताई। ग्रामीणों ने घटना में शामिल अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।

## ठगों से रुपये रिकवर कर युवक को लौटाए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** साइबर ठगी के शिकार हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने फ्रॉड की राशि रिकवर कर गुरुवार को लौटा दी। पीड़ित की पहचान माली थाना क्षेत्र के बैरवा लोकनाथ गांव के सुदामा कुमार पाण्डेय के रूप में की गई है। पीड़ित ने बताया कि पिछले दिनों उसके साथ साइबर फ्रॉड हुआ था। इसके बाद उसने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (1930) पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होते ही साइबर थाना द्वारा विधि-सम्मत तरीके से जांच की गई और साइबर फ्रॉड के अकाउंट से 20160 रूपये की राशि रिकवर कर न्यायालय के आदेश पर पीड़ित को गुरुवार को लौटा दी गयी। इस संबंध में साइबर पुलिस उपाधीक्षक मंगलेश कुमार सिंह ने बताया कि साइबर फ्रॉड मामले में एक युवक को 20160 रूपये की राशि वापस लौटाए गए है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करना चाहिए और मामले की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय पर कार्रवाई संभव हो सके।

# एनएच-139 के डायवर्सन निर्माण की गति धीमी, गुणवत्ता घटिया

## फोरलेन संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया दोमुहान डायवर्सन का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** एनएच-139 फोरलेन संघर्ष समिति के सदस्यों ने दोमुंहान पुल के समीप निर्माणाधीन डायवर्सन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति पर गहरा असंतोष जताया। समिति के अनुसार 15 जून से शुरू हुए निर्माण कार्य में 25 जून तक केवल एक तरफ की साइड वॉल का आंशिक निर्माण ही हो पाया है। लगभग 10 दिनों में मात्र 10 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक काम शेष है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कई तकनीकी एवं गुणवत्ता संबंधी कमियां भी पाई गईं। इसकी जानकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यपालक अभियंता और निर्माण करा रहे संवेदक को दे दी गई है। समिति ने कहा कि बरसात को देखते हुए डायवर्सन का निर्माण युद्धस्तर पर पूरा किया जाना चाहिए, ताकि पिछले दो माह से परेशान लोगों को राहत मिल सके। समिति ने आशंका जताई कि डायवर्सन तैयार नहीं होने के कारण बड़ी गाड़ियां देव और नवीनगर मार्ग से गुजर रही हैं, जिससे वहां की सड़कें, पुल और पुलियाएं क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इससे नवीनगर, कुटुंब, देव क्षेत्र के साथ झारखंड और छत्तीसगढ़ से आने-जाने वाले वाहनों को भविष्य में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। प्रतिनिधिमंडल में रामानुज पाण्डेय, सुबोध कुमार सिंह, कुमार सौरभ सिंह, स्वर्णजीत सिंह, सुजीत सिंह और सुनील सिंह शामिल थे। सभी ने लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए सरकार से एनएच-139 को शीघ्र फोरलेन बनाने की स्वीकृति देने की मांग की। समिति ने चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई और फोरलेन की स्वीकृति नहीं मिली तो व्यापक जनहित में बड़ा जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।

# पीवीयूएनएल ने हासिल की एक और ऐतिहासिक उपलब्धि यूनिट-2 (800 मेगावाट) का वाणिज्यिक परिचालन शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल), जो एनटीपीसी लिमिटेड एवं झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) का संयुक्त उपक्रम है, ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी यूनिट-2 (800 मेगावाट) का वाणिज्यिक परिचालन आज से सफलतापूर्वक घोषित कर दिया है। यह उपलब्धि झारखंड एवं देश की विद्युत उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पतरातू सुपर ताप विद्युत परियोजना की आधारशिला भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी। यूनिट-2 के सफल वाणिज्यिक परिचालन के साथ पीवीयूएनएल ने झारखंड एवं अन्य लाभार्थी राज्यों को विश्वसनीय, किफायती एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में अपने योगदान को और मजबूत किया है। उल्लेखनीय है कि यूनिट-1 एवं यूनिट-2 के सफल कमीशनिंग एवं सीओडी के माध्यम से पीवीयूएनएल ने मात्र सात महीनों की अवधि में 1600 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता राष्ट्र को समर्पित की है। यह उपलब्धि पीवीयूएनएल की उत्कृष्ट परियोजना निष्पादन क्षमता, तकनीकी दक्षता तथा सभी हितधारकों के समर्पण और अथक परिश्रम का परिणाम है। यह उपलब्धि झारखंड एवं देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर आयोजित समारोह में ए.के. सहगल, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पीवीयूएनएल, अनुपम मुखर्जी, कार्यकारी निदेशक (परियोजना), मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), जे.सी. पात्रा, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं कमीशनिंग), बिष्णु दत्ता दास, महाप्रबंधक (परियोजना) तथा ओ.पी. सोलंकी, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं ऐश डाइक प्रबंधन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ए.के. सहगल, सीईओ, पीवीयूएनएल ने इस उपलब्धि के लिए सभी कर्मचारियों, अभियंताओं, श्रमिकों, विक्रेताओं, सहयोगी संस्थाओं एवं परियोजना से जुड़े सभी भागीदारों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी के समर्पण, टीम भावना एवं अथक प्रयासों के कारण ही यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है। श्री सहगल ने इस अवसर पर एनटीपीसी प्रबंधन, झारखंड सरकार, जिला प्रशासन, नियामक संस्थाओं, परियोजना भागीदारों एवं सभी हितधारकों के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए अपना विशेष आभार व्यक्त किया। यूनिट-2 का सफल सीओडी पीवीयूएनएल की परिचालन उत्कृष्टता, पर्यावरणीय सततता एवं उत्तरदायी विद्युत उत्पादन के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। कंपनी आधुनिक तकनीकों, नवाचारों एवं पर्यावरण-अनुकूल उपायों को अपनाते हुए क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में निरंतर योगदान दे रही है।

# नशामुक्त गिरिडीह के संकल्प को साकार करने में जुटा जिला प्रशासन

## गांव-गांव पहुंच रहा जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** राज्य सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत गिरिडीह जिला प्रशासन निषिद्ध मादक पदार्थों के खिलाफ व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और गांवों में लगातार जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के जरिए कलाकारों द्वारा नशे के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए लोगों को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रमों में बताया जा रहा है कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज के लिए गंभीर खतरा है। इससे आर्थिक संकट, पारिवारिक कलह, अपराध तथा स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कलाकार गीत, संवाद और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन अपनाने का संदेश दे रहे हैं। वहीं एलईडी प्रचार वाहन के जरिए नशे के दुष्परिणामों पर आधारित लघु फिल्में, जनहित संदेश और जागरूकता वीडियो प्रदर्शित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को विशेष रूप से जागरूक करते हुए नशा छोड़े, परिवार जोड़े, नशामुक्त गांव-समृद्ध गांव तथा स्वस्थ युवा-सशक्त राष्ट्र जैसे संदेशों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है उपायुक्त रामनिवास यादव ने लोगों से इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही नशामुक्त गिरिडीह और नशामुक्त झारखंड का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने आमजनों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। जिला प्रशासन ने बताया कि आगामी दिनों में भी जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे।

# पांच स्वर्ण पदकों के साथ हजारीबाग चैंपियन

## चतरा बना रनर-अप, डीआईजी अंजनी झा ने विजेता टीमों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 में हजारीबाग पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए और ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रमंडल के पांच जिलों की पुलिस टीमों ने भाग लिया, जिसमें हजारीबाग ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं चतरा जिला पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान विभिन्न तकनीकी, अनुसंधान एवं व्यावसायिक दक्षता से जुड़ी प्रतियोगिताओं में हजारीबाग के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की और पूरे प्रमंडल में जिले का नाम रोशन किया। समापन समारोह में उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र के डीआईजी अंजनी झा ने विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ड्यूटी मीट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता, अनुसंधान क्षमता, पेशेवर दक्षता और टीम भावना को निखारने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर चतरा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने भी चतरा टीम के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि रनर-अप का स्थान प्राप्त करना टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

वहीं हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने ओवरऑल चैंपियन बनने पर हजारीबाग टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा पेशेवर प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि टीम ने जिस उत्कृष्टता के साथ प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया है, वह पूरे पुलिस बल के लिए गर्व का विषय है। भविष्य में भी इसी समर्पण और लगन के साथ कार्य करते हुए नई उपलब्धियां हासिल करने की उम्मीद है।

हजारीबाग पुलिस की इस शानदार सफलता से पुलिस महकमे में खुशी का माहौल है। जिले के अधिकारियों और जवानों ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास और टीम वर्क की जीत बताते हुए आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प दोहराया।

# कौशल विकास प्रशिक्षण के छात्रों ने चलाया नशापान के विरुद्ध जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** नशापान के विरुद्ध लगातार खूंटी में जनजागरुकता अभियान अलग अलग समूहों द्वारा चलाया जा रहा है। खूंटी के मेन रोड में आज कौशल विकास प्रशिक्षण के छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। बीड़ी, सिगरेट, ड्रग्स का सेवन करने से क्या क्या हानियां होती हैं इसे भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बखूबी दर्शाया गया। उर्वशी कुमारी ने नशापान को लेकर घर से बाहर तक की सच्चाई को उजागर किया और कहा कि नशा क्या है वह तो हम सभी जानते हैं यह भी हमें पता है लेकिन पता नहीं क्यों हम उसे अच्छा मानने लगते हैं। हम सभी को पता है कि नशा करने से सिर्फ नुकसान ही है। सभी जानते हैं कि उसे धीरे-धीरे नुकसान होता है ना कि एक बार में और घर में भी अगर कोई शराब या नशे की लत में है तो घर में उसकी वजह से कुछ गलत हो रहा है झगड़ा हो रहा है सब उसे दिखाई देता है सब समझ में भी आता है लेकिन यह सब देखते हुए भी उसे लगता है सब कुछ आम है सामान्य है। सुनैना कुमारी ने कहा कि हम लोग यहां पर नशा मुक्ति दिवस के लिए एकत्रित हुए हैं। नशा मुक्ति तभी छूटेगा जब आदमी नशा बनाना बंद कर दे। नशा मुक्ति के लिए छोटी छोटी कोशिश से ही बड़ी कामयाबी मिलेगी। जितना भी हो सके उतना नशा मुक्ति के बारे में हम सभी अपने गांव घर और समाज को बताएंगे तभी हमारा देश नशामुक्त हो सकता है। कौशल विकास की ट्रेनर दीपशिखा ने कह कि नशा हमारे पास दोस्त बना करके आता है। घर में नशा का प्रवेश होता है फिर धीरे धीरे समाज भी खोखला होता जाता है। घर और समाज में बहुत सारी परेशानियां होने लगती है। लड़कियों को, बच्चों को यहां तक की महिलाएं भी नशापान के कारण प्रताड़ित होती हैं और खुद जो नशा कर रहा है उस व्यक्ति को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उसके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है और पूरा परिवार उसके कारण मानसिक, शारीरिक और आर्थिक परेशानियों में घिर जाता है। इसलिए हमसभी नशापान के खिलाफ रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरुकता फैला रहे हैं।

# नशामुक्त गिरिडीह के संकल्प को मिला जनसमर्थन

## अनुमण्डलस्तरीय कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राज्यव्यापी नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को खोरीमहुआ अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल स्तरीय कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने एकजुट होकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, अपर समाहर्ता वैभव कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, कौशल विकास और सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार और समाज में नशा विरोधी संदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सके। उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने कहा कि जागरूकता ही नशे के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संगठनों से इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की अपील की कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, गांव और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया कार्यशाला में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुति के जरिए नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान को दर्शाया। कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त गिरिडीह के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क, डीसी-एसपी ने किया दौरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने खोरीमहुआ, बगोदर सरिया, डुमरी तथा सदर अनुमंडल क्षेत्रों का संयुक्त दौरा कर ताजिया समितियों, जनप्रतिनिधियों, धार्मिक नेताओं और दोनों समुदायों के लोगों से संवाद किया उपायुक्त ने कहा कि जिले की पहचान भाईचारे और सामाजिक सौहार्द से है, जिसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ताजिया समितियों से निर्धारित मानकों और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की तथा अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि मुहर्रम को लेकर संवेदनशील स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की संयुक्त दौरे के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों की समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# बिजली संकट के समाधान को लेकर बैठक

## अधिकारियों ने दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (केसीसीआई) के पदाधिकारियों ने बुधवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की केसीसीआई अध्यक्ष राहुल बर्मन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता प्रतोष कुमार से मुलाकात कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में बरसात से पूर्व विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने, ब्रेकडाउन की स्थिति में कम क्षेत्र प्रभावित हो इसके लिए स्विचों की संख्या बढ़ाने तथा खराब इंसुलेटरों को शीघ्र बदलने की मांग उठाई गई इसके अलावा आपात स्थिति में उपभोक्ताओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए विभागीय कॉल सेंटर नंबर जारी करने का भी प्रस्ताव रखा गया। विद्युत अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। बैठक में राजेश गुप्ता, गोपाल दास भदानी, डॉ. सुमन, अरुण कुमार साव, राहुल कुमार, मनीष बर्णवाल, गौतम सागर, रवि राज, सौरव महासेठ, धर्मप्रकाश सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# पुलिस ने दो पिस्टल और 33 जिंदा कारतूसों के साथ एक को दबोचा

## प्रिंस खान गिरोह के लिए हथियार जुटा रहा था आरोपित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चिरकुंडा थाना क्षेत्र से एक आरोपी को अवैध हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मो. रिजवान सिद्दीकी, उम्र करीब 45 वर्ष, निरसा थाना क्षेत्र के वृंदावनपुर का रहने वाला है और वह प्रिंस खान संगठित आपराधिक गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को धनबाद के ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में अपने एक परिचित के घर में भारी मात्रा में अवैध हथियार और गोली जमा कर रहा है। सूचना के आधार पर छापेमारी टीम गठित कर कार्रवाई की गई, जहां से पुलिस ने दो अवैध पिस्टल, 33 जिंदा कारतूस और हथियारों की खरीद-बिक्री से जुड़े बातचीत वाला एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया। बरामद हथियारों में एक 9 एमएम पिस्टल मैगजीन के साथ और एक 7.65 एमएम देशी पिस्टल मैगजीन सहित शामिल है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जेल में बंद अफजल अमन के इशारे पर हथियार और गोली इकट्ठा की जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आने वाले दिनों में रेलवे टेंडर से जुड़े ठेकेदारों को प्रिंस खान गिरोह के नाम पर डराकर रंगदारी वसूलने की योजना बनाई जा रही थी। इस मामले में चिरकुंडा थाना में आर्म्स एक्ट समेत बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# वर्षों पुराना मुहर्रम जुलूस मार्ग विवाद सुलझा, प्रशासन की पहल से बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के सांडी गांव में पिछले 11 वर्षों से चला आ रहा मोहर्रम जुलूस के रास्ते का विवाद प्रशासनिक पहल के बाद आखिरकार गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया। हर साल मोहर्रम के मौके पर इस विवाद के कारण आसपास के क्षेत्रों में माहौल अति-संवेदनशील बना रहता था, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने इस वर्ष सक्रिय भूमिका निभाई। मामले के स्थायी समाधान के लिए प्राथमिक विद्यालय सांडी के प्रांगण में अनुमंडल पदाधिकारी संतन सिंह की अध्यक्षता में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कई घंटों तक चली इस मैराथन बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने-अपने पक्ष रखे। शुरुआत में अति पिछड़ा समुदाय के लोगों ने अपने वर्षों पुराने पारंपरिक मार्ग से ही जुलूस ले जाने का आग्रह किया, जबकि दूसरे पक्ष ने सुरक्षा के लिहाज से उक्त रास्ते को संवेदनशील बताते हुए एक वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आपसी समन्वय के साथ दोनों पक्षों ने नए वैकल्पिक मार्ग पर अपनी सहमति जताई। सर्वसम्मति से तय किए गए नए रूट के अनुसार, मोहर्रम का जुलूस अब सांडी मस्जिद से निकलकर मटपा नहर के रास्ते संडा-कुटुंबा रोड पहुंचेगा। वहां से रेराही आहर के बगल में बनी पीसीसी सड़क से होते हुए कचड़ा प्रबंधन इकाई के रास्ते सीधे नदी में उतरेगा और कर्बला तक जाएगा। सहमति बनने के बाद एसडीएम ने दोनों पक्षों के लोगों को गले मिलवाया और वर्षों पुराने विवाद को भुलाकर क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने की अपील की। दोनों पक्षों ने इस पहल का स्वागत करते हुए आपसी भाईचारे का संकल्प लिया। इस ऐतिहासिक सुलह के दौरान मौके पर एसडीएम संतन कुमार सिंह के साथ एसडीपीओ सुशील कुमार, डीएसपी ज्योति कुमारी, बीडीओ प्रियांशु बसु, अंचलाधिकारी चंद्र प्रकाश, इंस्पेक्टर अजय कुमार, कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम, अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज, रिसियप थानाध्यक्ष संजीत राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों में कुमुद रंजन मिश्रा, मोहम्मद नईम, मोहम्मद गयासुद्दीन, मोहम्मद इकबाल, मुखिया सरुन पासवान, पंचायत समिति सदस्य दिलीप पासवान एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेतिया (नरकटियागंज)।** पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत केहूनिया रोअरी पंचायत के सिसवा फाल गांव में गुरुवार को ऐसा आध्यात्मिक दृश्य देखने को मिला, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं का उत्साह तनिक भी कम नहीं पड़ा। शिव मंदिर के समीप नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली भव्य कलश शोभायात्रा आस्था, संस्कृति और सामूहिक सहभागिता का अनुपम उदाहरण बन गई। शोभायात्रा में 551 कुंवारी कन्याएं सिर पर पवित्र कलश धारण कर धर्मध्वजा के साथ आगे बढ़ रही थीं। उनके पीछे श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ जय श्रीराम, जय बजरंगबली और हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण को गुंजायमान कर रही थी। हाथी, घोड़े, ऊंट तथा पारंपरिक बाजे-गाजे से सुसज्जित यह यात्रा पूरे मार्ग में आकर्षण का केंद्र बनी रही। गांव की गलियां मानो अयोध्या और काशी की धार्मिक छटा का अहसास करा रही थीं। सिसवा फाल से प्रारंभ हुई शोभायात्रा मारवाड़ी नोनिया टोला घाट स्थित बलोर नदी पहुंची, जहां अयोध्या से पधारे विद्वान आचार्य पंडित सत्यम द्विवेदी, नथुनी द्विवेदी एवं तपन द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत जलबोझी संस्कार संपन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालु पुनः मंदिर परिसर लौटे, जहां यज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महाअनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। यह धार्मिक आयोजन 25 से 27 जून तक चलेगा। सफल आयोजन में नीलमणि तिवारी,चंद्रमणि तिवारी, राजेंद्र राम, दिनेश कुशवाहा, रूद्रमनी तिवारी, चन्द्रमनी तिवारी सहित समस्त ग्रामवासियों की भूमिका सराहनीय रही। यजमान के रूप में राजेश्वर महतो, राम पीरित राम एवं बाजुकेश बाबा ने अनुष्ठान का नेतृत्व किया। वहीं समाजसेवी शशिकांत पांडे, अर्जुन राम, सुजीत कुमार, राजेंद्र पांडे, चंद्रभान ठाकुर, अर्जुन मिश्रा और कृष्णा मोहन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# बागीचे से विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**फलका/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के चौधरी बाड़ी के पास एक आम के बगीचे में छापेमारी कर वहाँ छुपाकर रखी गई विभिन्न ब्रांडों की 198 लीटर विदेशी शराब और बियर बरामद की है। इस कार्रवाई के दौरान मौके से एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है, जिससे पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने मामले में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ तस्करों ने चौधरी बाड़ी के समीप आम के बगीचे में भारी मात्रा में विदेशी शराब छुपाकर रखी है। तस्कर इस खेप को देर रात किसी दूसरी जगह ठिकाने लगाने की फिराक में थे।सूचना का सत्यापन करने के लिए पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर छापेमारी की गई।बगीचे में एक पेड़ के नीचे त्रिपाल से ढककर रखे गए 18 कार्टून विदेशी शराब बरामद किए गए।पुलिस ने तुरंत शराब को जब्त कर लिया और मौके से एक संदिग्ध को दबोच लिया।

# विभावि के डॉ सुकल्याण मोइत्रा को झारखंड सरकार ने किया सम्मानित

## मादक पदार्थ के विरुद्ध संचालित अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में निषिद्ध मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध संचालित जागरूकता अभियान का नोडल विभाग (राजनीति विज्ञान विभाग) के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा को झारखंड सरकार ने स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। गुरुवार को रांची के शौर्य भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में डॉ मोइत्रा को यह सम्मान झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के कर कमल से प्राप्त हुआ है। मौके पर रांची की महापौर रमा खालको, झारखंड सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह एवं कारा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती वंदना ददेल, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ अजय कुमार सिंह, उच्च एवं तकनीक शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव डॉ राहुल पुरवार, खेल, कला-संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव मुकेश कुमार, दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त एवं रांची के उपायुक्त एवं अन्य की उपस्थिति में दिया गया है।

यह सम्मान डॉ मोइत्रा को झारखंड सरकार के महिला, बाल एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में आयोजित निषिद्ध मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध संचालित जागरूकता अभियान में वर्ष 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। झारखंड के विश्वविद्यालयों में केवल विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा की प्रेरणा से उत्कृष्ट कार्य किया है। राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इसका संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय से इस कार्य में लगे मुख्य व्यक्ति का नाम आमंत्रित किया था। विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देशानुसार कुलसचिव श्री सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने डॉ सुकल्याण मोइत्रा के नाम की अनुशंसा की थी। डॉ मोइत्रा ने 30 अप्रैल और 23 जून को प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की पहल की थी। डॉ मोइत्रा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के पीछे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्रभूषण शर्मा की प्रेरणा और आशीर्वाद है। उन्होंने ही यह जिम्मेदारी दी थी। हर प्रकार का सहयोग भी उन्होंने दिया। नाम की अनुशंसा भी उन्होंने ही किया है। उन्होंने बताया कि नशाखोरी की समस्या से वह खुद बहुत विचलित रहते हैं। पहले से भी इस क्षेत्र में कार्य करने का मन बना चुके थे। अब जब झारखंड सरकार ने सम्मानित किया है तो और बढ़ चढ़कर इस क्षेत्र में अपना योगदान देंगे।

# डीएम ने पर्यवेक्षण गृह, वृहद आश्रय गृह एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न बाल संरक्षण संस्थानों के कुशल प्रबंधन एवं संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सिकंदरपुर स्थित पर्यवेक्षण गृह, नरौली (मुसहरी) स्थित वृहद आश्रय गृह तथा खबड़ा स्थित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं, बच्चों की देखरेख, शिक्षा, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा एवं पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सरकारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप संस्थानों का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सिकंदरपुर स्थित पर्यवेक्षण गृह में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत विधि के उल्लंघन के आरोपित बालकों के सुधारात्मक एवं पुनर्वासात्मक उपायों के लिए इस गृह का संचालन



जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में यहां मुजफ्फरपुर जिले के 38, सीतामढ़ी जिले के 23 तथा शिवहर जिले के 4 बालकों सहित कुल 65 बालकों का आवासन है। गृह में 15 कर्मियों द्वारा बच्चों की दैनिक देखभाल की जा रही है, जबकि शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिनियुक्त तीन शिक्षकों के माध्यम से नियमित शिक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद कर उनकी दिनचर्या, शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने भोजन कक्ष, शयन कक्ष, अध्ययन कक्ष तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों को निर्धारित भोजन तालिका के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने और सुधारात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उनमें सकारात्मक बदलाव लाना संस्थान की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नरौली, मुसहरी स्थित वृहद आश्रय गृह का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि यह गृह देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के समुचित संरक्षण तथा उनके पारिवारिक पुनर्वास के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

वर्तमान में इस गृह में मुजफ्फरपुर जिले के 37 बच्चों का आवासन है। यहां 18 कर्मियों द्वारा बच्चों की देखभाल की जा रही है तथा संस्थान के कर्मियों द्वारा ही नियमित शिक्षण सत्र संचालित किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने बच्चों के रहने की व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए योजना तैयार की जाए तथा उनके परिवारों का पता लगाकर यथासंभव पारिवारिक पुनर्वास की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल बच्चों को आश्रय उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हुए उनके बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है। खबड़ा स्थित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यह संस्थान देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों तथा बालिकाओं के संरक्षण, पारिवारिक पुनर्वास एवं कानूनी दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया के लिए संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में संस्थान में 9 बच्चों का आवासन है तथा उनकी देखभाल के लिए कर्मी कार्यरत हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी संस्थानों में बच्चों के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास से संबंधित सभी प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण संस्थानों में रह रहे प्रत्येक बच्चे को सम्मानजनक वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण तथा पुनर्वास के अवसर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। संस्थानों में स्वच्छता, सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के साथ-साथ बच्चों के कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों को भी बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन वात्सल्य योजना का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को संरक्षण प्रदान करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

# कुल आठ केंद्रों पर होगी परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** गुरुवार को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सभी केन्द्राधीक्षकों, स्टैटिक दंडाधिकारियों, प्रेक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। ज्ञात हो कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) अंतर्गत आयोजित होने वाली सिपाही (प्रचालक) प्रतियोगिता परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक में परीक्षा संचालन से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन रविवार को एकल पाली में दोपहर 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक किया जाएगा। जिले में कुल आठ केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय पूर्वाह्न 10 बजे निर्धारित किया गया है तथा पूर्वाह्न 11 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल जैमर स्थापित किए जा रहे हैं, जो परीक्षा दिवस पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 2:45 बजे तक सक्रिय रहेंगे। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन, लाइव फोटोग्राफी एवं सतत वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा गतिविधियों की लाइव निगरानी जिला नियंत्रण कक्ष एवं पर्षद के नियंत्रण कक्ष से की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के अंदर अभ्यर्थियों को स्वयं का पेन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें ओएमआर उत्तर-पत्रक के साथ निर्धारित विशेष पेन उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी तथा उड़नदस्ता दल की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो परीक्षा अवधि के दौरान लगातार निगरानी एवं भ्रमण करते रहेंगे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कदाचार, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग अथवा पररूपधारण (फर्जी अभ्यर्थी बैठाने) के मामलों में बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला ने मारपीट की दर्ज कराई प्राथमिकी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पहसारा पश्चिम पंचायत वार्ड संख्या 10 निवासी रामू पासवान की पत्नी निराला देवी ने पड़ोसियों पर मारपीट एवं मंगलसूत्र छीनने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज आवेदन में निराला देवी ने बताया है कि वह अपने घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान पड़ोस के राम खेलावन पासवान के पुत्र श्रवण पासवान अपनी खिड़की से गलत नीयत से इशारा कर रहा था। इसका विरोध करने पर श्रवण पासवान की पत्नी मूर्ति देवी, मां कैलाशा देवी, पुत्र प्रियांशु, दिव्यांशु तथा पुत्री साक्षी ने मिलकर उसके साथ तथा उसके पुत्र के साथ मारपीट की, जिससे दोनों घायल हो गए। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान आरोपितों ने उसका मंगलसूत्र भी छीन लिया। वहीं लाल बाबू पासवान पर उसके दोनों पुत्रों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर कांड दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पोलियो अभियान को लेकर सुपरवाइजरों की कार्यशाला

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में 28 जून से शुरू होने वाले पोलियो उन्मूलन अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नावकोठी में सुपरवाइजरों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंदन मिश्रा ने की।कार्यशाला में स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर ने भीषण गर्मी के दौरान पोलियो वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के दौरान सुबह के समय कार्य प्रारंभ करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन की प्राथमिकता के तहत नवजात शिशुओं की पहचान कर उन्हें पोलियो की खुराक देकर प्रतिरक्षित किया जाए। साथ ही पूर्व में छूटे हुए नवजात बच्चों की खोज कर उनकी ट्रैकिंग एवं नवजात पुस्तिका में संधारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अभियान के दौरान बासा, बथान, ईंट-भट्ठों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा विद्यालयों में भ्रमण कर शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए।

# ग्राम स्वराज की अवधारणा साकार करते हुए पंचायतों का होगा विकास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर सुशासन, जनभागीदारी एवं ग्रामीण विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले पंचायत विकास दिवस के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संबंधित सभी अधिकारियों को कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। पंचायत विकास दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' की अवधारणा को साकार करते हुए पंचायतों को विकास एवं जनसहभागिता का सशक्त मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर भारत सरकार के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण एवं प्रसारण भी किया जाएगा। बैठक के दौरान सतत विकास लक्ष्यों के नौ प्रमुख विषयों पर चक्रानुसार परिचर्चा आयोजित की जाएगी। साथ ही पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा, ग्राम स्तर की समस्याओं पर विचार-विमर्श तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पंचायत निधियों एवं विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से वित्तीय गतिविधियों की जानकारी भी साझा की जाएगी। जिला प्रशासन ने निर्देश दिया है कि पंचायत विकास दिवस से संबंधित सभी कार्यवाहियों एवं लिए गए निर्णयों को निर्धारित समयावधि में 'निर्णय' पोर्टल पर अपलोड किया जाए। कार्यक्रम के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही पाए जाने पर संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा विस्तृत प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा तथा दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण नागरिकों से पंचायत विकास दिवस में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करने का आह्वान किया है।

# मनिहारी गंगाघाट के समीप नाव डूबी

## चार लोगों ने डूबती नाव से छलांग लगाकर बचायी जान, शेष को भी ग्रामीणों ने बचाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मनिहारी/कटिहार।** मनिहारी पीरपहाड घाट से बुद्धवार की देर शाम मोटर चालित छोटी नाव डेंगी पर सवार तकरीबन 10-12 लोग झारखंड की कारगिल दियरा जा रहे थे। नाव पर सवार राहुल कुमार ने बताया कि नाव कुछ दूरी तय कर पायी थी कि नाव मे लगी मोटर में तकनीकि खराबी आ गयी। ईंजन बंद हो गया। नाव में पानी भरने लगा। नाव में अचानक पानी भरने से सवारों के बीच अफरा तफरी मच गयी। चार युवक तैरकर मनिहारी गंगा किनारे पहुंचकर घटना की जानकारी दी तो स्थानीय युवाओं व ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। साथ ही अपने स्तर से बचाव राहत कार्य मे जूट गये। सूचना पाकर अंचलाधिकारी निहारिका राय, बीडीओ सनत कुमार तत्काल मनिहारी घाट पहुंचकर नदी में बह रहे लोगों की बचाव कार्य की कमान संभाली। स्थानीय ग्रामीणों व युवाओं के प्रयास व प्रशासन के संयुक्त प्रयास से नाव पर सवार उन लोगों को भी सकुशल रेसक्यू कर लिया गया जो नदी में बह गये थे। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने जानकारी दी कि छोटी नाव पर सवार होकर देर शाम 12 आदमी जिसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं दियरा जा रहे थें। लेकिन नाव डूबने से चार लोग तैरकर बाहर आ गये। शेष नदी की धारा के साथ कुछ दूर बह गये। जिसे प्रशासन व ग्रामीणों के सहयोग से सकुशल बचा लिया गया है। सभी खतरे से बाहर हैं। कहा कि आनेवाले दिनों इस तरह की हादसे को रोकने के लिए सख्त कदम उठखये जाएंगें। आमजनों से भी नदी मार्ग मे यात्र के दौरान निर्धित सुरक्षा मानकों के अनुपालन की अपील की है।

# डीएम ने डायवर्सन निर्माण कार्य की गति पर जताया असंतोष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गुरुवार को बटाने पुल के डायवर्सन निर्माण कार्य स्थल का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को अगले 15 दिनों के भीतर डायवर्जन निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्य की शीघ्रता सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यपालक अभियंता को आवश्यकतानुसार श्रमिकों एवं मशीनों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रात्रि पाली (नाइट शिफ्ट) में भी कार्य संचालित करने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का उपयोग किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित तकनीकी कर्मियों को रोस्टर के अनुसार 24x7 स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति पर लगातार नजर रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की बाधा आने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारियों एवं एजेंसी की जवाबदेही तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता श्री अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता (एनएचएआई) एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भाजपा ने आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित जिला बैठक में आपातकाल' के विरोध में आयोजित 'संविधान हत्या दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के नव चयनित प्रदेश महामंत्री राजेश राजू झा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने मुख्य अतिथि राजेश झा का अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ अभिनंदन व स्वागत किया। बैठक के पूर्व मंचासीन सभी अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर



पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम के साथ बैठक का शुभारंभ किया। इस मौके पर कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह कोढ़ा विधायक कविता पासवान, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, प्रदेश मंत्री सीमा झा, जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्खी महतो, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंदा अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार शामिल हुए। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री राजेश झा ने उपस्थित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कटिहार आगमन पर कार्यकर्ताओं का उत्साह जोश देखकर मन प्रफुल्लित हुआ। प्रदेश महामंत्री ने आपातकाल के विरोध में संविधान हत्या दिवस के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि आपातकाल को हम 'काला दिवस' के रूप में मना रहे हैं। यह आवश्यक है, कि इमरजेंसी के रूप में प्रजातंत्र का गला घोंटने का जो कुत्सित प्रयास हुआ था, देश का प्रत्येक नागरिक उसे जान सके। इंदिरा गांधी द्वारा देश के संविधान को बदलकर अपनी कुर्सी बचाने के प्रयास से पूरा देश उद्वेलित हो गया था। उद्वेलना को रोकने के लिए उन्होंने 25 जून 1975 की रात आपातकाल की घोषणा की और हजारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया, उन्हें 19 महीनों से ज्यादा जेल में रहना पड़ा।

# तेली साहू वैश्य समाज से बीपीएससी में सफल होने पर हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**फारबिसगंज (अररिया)।** 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सुबे बिहार से दर्जनों तेली साहू वैश्य के छात्रों ने अपना परचम लहरा कर तेली जाति समाज को गौरवनवित्त किया है। गांधी पथ सहरसा जमुना जड़ी बूटी के भाई सेवानिवृत बी ई ओ स्वर्गीय कमलेश्वरी प्रसाद गुप्ता की पोती प्रिया गुप्ता, आरपीएफ में एएसआई पूनम गुप्ता, दिवाकर गुप्ता की पुत्री एवं अधिवक्ता मधुकर गुप्ता की भतीजी हैं बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीआरओ पद पर चयनित होने का गौरव हासिल कर जाती को गौरवान्वित किया है। अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह- बिहार प्रभारी शंकर प्रसाद साह ने हर्षित एवं गौरवान्वित होकर उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। शंकर प्रसाद साह ने बताया की प्रिया गुप्ता के दादा जी स्वर्गीय कमलेश्वरी प्रसाद गुप्ता किशनगंज में बी ईओ के पद से सेवानिवृत हुए थे। ड्रग एसोसिएशन के महासचिव सुशील साहब के पुत्र के एसडीएम बनने पर एवं फारबिसगंज की बहू कविता की सफलता पर भी हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है। बधाई देने वालों में अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश साहू, महिला अध्यक्ष नलिनी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष सच्चिदानंद शाह उर्फ मुन्ना, अध्यक्ष जयप्रकाश शाह, प्रदेश सचिव अरुण निराला, इंजीनियर सावन सागर, उमाशंकर शाह, अनिल कुमार सिन्हा, पूर्व एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, पूर्व मुखिया दीपचंद साह, सदानंद साह, सचिव उपेंद्र साह आदि ने बधाई दी।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट, संवेदनशील इलाके पर रहेगी नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बारसोई /कटिहार।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर बारसोई अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सतर्क और अलर्ट मोड में है। प्रखंड सभागार में एसडीएम राजू कुमार की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचलाधिकारी, बीडीओ, थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में एसडीपीओ अजय कुमार, बीडीओ चंदन प्रसाद एवं सीओ श्याम सुंदर साह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूसों, ताजिया मार्गों, संवेदनशील स्थलों तथा सुरक्षा प्रबंधों को लेकर विस्तार से मंथन किया। एसडीएम राजू कुमार ने कहा कि 26 एवं 27 जून को मनाये जाने वाले मुहर्रम पर्व के दौरान शांति और भाईचारे का वातावरण बनाये रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों को समय रहते पर्याप्त सतर्कता बरतने तथा आवश्यक एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के

## सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी

संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, डीजे पर प्रतिबंध तथा सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट अथवा असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जायेगी।एसडीएम ने आम नागरिकों एवं सभी समुदायों से आपसी भाईचारे, सौहार्द और पारंपरिक मर्यादाओं के साथ मुहर्रम मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और शांति बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बैठक में बारसोई थानाध्यक्ष उमेश कुमार, कचना थानाध्यक्ष आनंद कुमार सहित अनुमंडल क्षेत्र के अन्य थाना प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सार्वजनिक शौचालय की हुई डाक

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित नगर आयुक्त के कक्ष में शहर के वार्ड संख्या 28 बड़ा बाजार चंदूलाल स्कूल के समीप सार्वजनिक शौचालय की विधिवत डाक नीलामी की प्रक्रिया संपन्न की गई। यह डाक नगर निगम के निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत आयोजित की गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि डाक प्रक्रिया के दौरान इच्छुक प्रतिभागियों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से बोली लगाई गई। इसमें लेसी गोपाल पूर्वे द्वारा सर्वाधिक बोली लगाते हुए 13,500 रुपये की राशि पर सार्वजनिक शौचालय का डाक प्राप्त किया गया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों के संचालन एवं रखरखाव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार की डाक प्रक्रिया नियमित रूप से की जाती है। जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। डाक प्रक्रिया के दौरान संबंधित नगर निगम पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। नगर निगम के आयुक्त श्री कुमार ने कहा कि नगर क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधाओं के सुचारू संचालन एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### विटिलिगो दिवस पर चला जागरूकता अभियान

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व विटिलिगो दिवस 25 जून के अवसर पर कटिहार मेडिकल कॉलेज में अस्पताल अधीक्षक सह विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सीबा हुसैन के नेतृत्व में विटिलिगो के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अहमद अशफ़ाक़ करीम रहे। अभियान के माध्यम से आमजन को विटिलिगो सफ़ेद दाग के बारे में वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई तथा यह संदेश दिया गया कि यह कोई संक्रामक रोग नहीं है और इससे प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और स्वीकार्यता को बढ़ावा देना रहा।

### सालमारी में मोहर्रम को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सालमारी बाजार में विभिन्न चौक चौराहे होते हुए कालेज मोड़, एतवारी हाट, रेलवे गेट, छठ घाट होते हुए सोमवारी हाट, ढोलमारा तक गुरूवार को थाना अध्यक्ष कुमारी जुली के नेतृत्व में पुलिस बलों की उपस्थिति में पैदल मार्च निकाल कर मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा की पर्व त्यौहार शांति पूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की जरूरत है। इस दौरान मोहर्रम का अखाड़ा तय रूट के अनुसार निकालने की अपील की है। उन्होंने बताया की किसी को हुरदंग करने की एजाजत नहीं है। सौशल मिडिया पर अनावश्यक टीप्पणी करने पर सख्त कार्रवाई होगी। लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं दे कर प्रशासनिक पदाधिकारी से सम्पर्क करने की सलाह दी है। पैदल मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान, महिला पुलिस उपस्थित थे।

### जलवायु अनुकूल खेती अपनाकर बढ़ाएं उत्पादन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के डफरपुर एवं नावकोठी पंचायत में गुरुवार को आत्मा के बैनर तले कृषि जनकल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जलवायु अनुकूल एवं आधुनिक खेती के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) रौशन कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यदि जलवायु के अनुरूप फसलों का चयन नहीं किया गया तो उत्पादन प्रभावित होगा। उन्होंने किसानों से जलवायु अनुकूल खेती अपनाने की अपील की।बीटीएम विवेकानंद सिंह ने कहा कि खेतों की मिट्टी को संरक्षित रखने के लिए जैविक खाद का उपयोग आवश्यक है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है। समय रहते किसान नहीं चेते तो भूमि बंजर एवं जहरीली हो सकती है। उन्होंने फसल चक्र अपनाने, हरित खाद तैयार कर खेतों में मिलाने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने की जानकारी दी। साथ ही परंपरागत खेती के साथ आधुनिक तकनीक अपनाकर आय बढ़ाने तथा मोटे अनाजों के उत्पादन एवं उपयोग पर बल दिया।कृषि समन्वयक प्रिस कुमार ने किसानों से फसल बुआई से पूर्व मिट्टी जांच कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी परीक्षण से खेत में उपलब्ध पोषक तत्वों की सही जानकारी मिलती है, जिससे आवश्यक पोषक तत्वों की कमी को दूर कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

### शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने की अपील

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुहर्रम को लेकर मनसाही थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने बताया कि मुहर्रम का पर्व शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर मनसाही पुलिस के जवान, पारा मिलिट्री फोर्स के जवान साथ में हैं जो मनसाही परिक्षेत्र के छोटी बथना, जयनगर, चित्तौरिया, बेसा घाट, कुर्सेल, मनसाही हाट, मोहनपुर, भेड़मारा, राघोपुर, लहसा आदि जगहों पर होते हुए फ्लैग मार्च वापस मनसाही पहुंचा। आम लोगों को शांति पूर्वक मुहर्रम मनाने की अपील किया।

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता स्वीकार्य नहीं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के क्रम में घोषित एवं स्वीकृत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षात्मक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रगति यात्रा के अंतर्गत संचालित भवन निर्माण, सड़क निर्माण, सिंचाई, खेल अवसंरचना, नदी तट विकास, लघु जल संसाधन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। दाउदनगर, हसपुरा, गोह, नवीनगर, ओबरा, मदनपुर एवं औरंगाबाद प्रखंडों में निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में संचालित है। अधिदद्मथश परियोजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति 16.62 करोड़ रूपये की लागत से प्राप्त है तथा निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत देव में लगभग 29.45 करोड़ रूपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। परियोजना में अब तक लगभग 54.88 लाख रूपये व्यय किए जा चुके हैं तथा चारदीवारी, इंडोर स्टेडियम, अकादमिक भवन एवं चेंजिंग रूम से संबंधित निर्माण कार्य प्रगति पर है। पथ निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि बारुन बाईपास पथ निर्माण योजना (लंबाई 3.04 किमी) में लगभग 70 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त कर ली गई है। वहीं उत्तर कोयल नहर-बारा फॉल से एनएच-2 तक सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परियोजना (लंबाई 34.685 किमी) में लगभग 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जसोइया मोड़ से रमेश चौक तक सड़क चौड़ीकरण एवं आरसीसी नाला निर्माण योजना की तकनीकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। समीक्षा के क्रम में भूमि अधिग्रहण से संबंधित महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की भी चर्चा की गई। गया-औरंगाबाद मार्ग चौड़ीकरण, देव रिंग रोड, देव बाईपास तथा रफीगंज बाईपास परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई प्रगति पर है तथा अधिग्रहण पूर्ण होते ही कार्यादेश निर्गत कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा से संबंधित सभी योजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

## रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर बीसीएम निलंबित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारून में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं की बहाली से संबंधित एक वायरल वीडियो एवं प्राप्त शिकायतों के आलोक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर गठित त्रि-स्तरीय जांच दल द्वारा मामले की विस्तृत जांच कराई गई। जांच दल ने आरोपों को सत्य पाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में गठित जांच दल की अनुशंसाओं पर जिला स्वास्थ्य समिति से भी मंतव्य प्राप्त किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदन में संबंधित कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई। जांच प्रतिवेदन, जिला स्वास्थ्य समिति की अनुशंसा तथा राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के प्रावधानों के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा बीसीएम कुसुम कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश निर्गत किया गया है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के बलिगांव पंचायत स्थित बलिगांव मध्य विद्यालय परिसर में आगामी 9 जुलाई को बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया जायेगा। उनके कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरुवार को जगदेव विचार मंच के बैनर तले बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राम प्रसाद मेहता ने जबकि संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर कुशवाहा एवं अशोक मेहता ने किया। बैठक में पहुंचे अतिथियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह ने कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा अनावरण के लिए मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निर्धारित है। उन्होंने एनडीए के घटक दलों के सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य कर रही है। जगदेव प्रसाद ने समाज में समानता की लड़ाई लड़ी और जात-पात से ऊपर उठकर काम किया। वहीं ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा ने कहा कि विकास के मुद्दे पर सभी एनडीए कार्यकर्ता एकजुट रहें। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं के आने-जाने के लिए पर्याप्त वाहन की व्यवस्था करने की बात कही। बैठक में पूर्व विधायक सुरेश मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, विजय विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि प्रो. संतोष सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता, भोला चौधरी, उमेश पासवान, विनोद सिंह, लोजपा नेता राजेश पासवान, विजेंद्र मेहता, जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष राम प्रसाद मेहता, सचिव सुरेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार सहित एनडीए के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईवा–ट्रक की टक्कर में चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के कारा मोड़ अतरौली के पास गुरुवार सुबह हाईवा और ट्रक की आमने-सामने टक्कर में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक खलासी और दूसरे वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। स्थानीय लोगों के अनुसार कारामोड़ अतरौली के पास हाईवा और ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि हाईवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक अजय कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अजय झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के डाहा गांव का निवासी था। हादसे में हाईवा पर सवार खलासी संचित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वह भी डाहा गांव का रहने वाला है। वहीं ट्रक चालक मनोज कुमार यादव, निवासी छतरपुर, पलामू (झारखंड), को भी गंभीर चोटें आई हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार और एसआई सुशील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# बीआरबीसीएल के सीएसआर फंड से खर्च होंगे साढ़े 23 लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## दाउदनगर, देव व बारून में बेहतर होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिले के बारून एवं नबीनगर में एनटीपीसी लि. एवं भारतीय रेल के संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) के सीएसआर फंड से लगभग साढ़े 23 लाख रुपये खर्च होगा। यह राशि दाउदनगर, देव और बारुन प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च होगी। इससे स्वास्थ्य सुविधा बेहतर होगी जिसका सीधा लाभ मरीजों को मिल सकेगा। इस संबन्ध में जिला पदाधिकारी द्वारा पांच योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दाउदनगर में औषधि भंडार कक्ष, मरीजों एवं परिजनों के बैठने के लिए शेड का निर्माण तथा बारून एवं देव प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डायग्नोस्टिक भवन में विद्युतीकरण कार्य होना शामिल है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, गया जी भवन निर्माण विभाग द्वारा केवल विद्युतीकरण कार्य के निमित्त प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है। उपलब्ध कराये गए प्राक्कलन के अनुरूप इस मद में उक्त कार्य के लिए योजनाओं का योजनावार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, गया जी भवन निर्माण विभाग को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। पत्र के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बारून और देव में प्रस्तावित डायग्नोस्टिक भवन के निर्माण कार्य में विद्युतीकरण कार्य के लिए 557217 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दाउदनगर में प्रस्तावित औषधि भंडार कक्ष का निर्माण कार्य में विद्युतीकरण कार्य पर 515955 रुपये खर्च होना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दाउदनगर में मरीजों एवं परिजनों को बैठने के लिए प्रस्तावित शेड का निर्माण कार्य में विद्युतीकरण कार्य पर 91656 रुपये खर्च होना है। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दाउदनगर में प्रस्तावित महिला एवं पुरूष वार्ड का निर्माण तथा चिकित्सक एवं कर्मी कक्ष का निर्माण कार्य में विद्युतीकरण कार्य पर 615705 रुपये खर्च होना है। इन योजनाओं पर कुल 2337750 रुपये खर्च होना है।

### क्या होता है सीएसआर फंड

सीएसआर फंड का पूरा नाम 'कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी' यानी हिंदी में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व है। यह कंपनियों द्वारा समाज और पर्यावरण के कल्याण के लिए अपने मुनाफ़े में से खर्च किया जाने वाला एक निश्चित हिस्सा या फंड होता है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार जिन कंपनियों का नेटवर्थ 500 करोड़ रुपये, टर्नओवर 1000 करोड़ रुपये, या शुद्ध लाभ पांच करोड़ रुपये से अधिक हो, उन्हें सीएसआर फंड बनाना अनिवार्य है। ऐसी कंपनियों को अपने पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम दो प्रतिशत हिस्सा सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना होता है।

# विवाहिता की हत्या, ससुराल वालों पर लगा आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के अमझरशरीफ कुरैशी मुहल्ला निवासी 25 वर्षीय शहीना खातुन उर्फ खुशबू की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार देर रात की है। बताया जाता है कि मृतका का मायका अमझरशरीफ के बड़ी चौक के पास है। उसका लव मैरेज कुरैशी मुहल्ला निवासी मो. मकसूद अंसारी से वर्ष 2022 में हुआ था। बताया जाता है कि शादी बड़ी धूमधाम से हुई थी। विवाहिता की हत्या को लेकर मृतका की मां शबाना खातून ने हसपुरा थाना लिखित आवेदन देकर दामाद, मृतका के सास एवं दोनों ननद को आरोपित बनाया है। हालांकि दामाद के सऊदी देश में रहने की बात बतायी जा रही है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया घटना की जानकारी मिलते ही दल-बल के साथ पुलिस अमझरशरीफ पहुंची और स्थानीय लोगों सहित जिला परिषद प्रतिनिधि मो. एकलाख खां के सहयोग से शहीना खातून को हसपुरा सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया शव को कब्जे लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या मामले में सभी आरोपित फरार बताए जा रहे हैं। मृतका के शरीर पर कई जगह चोट का निशान होने की बात कही जा रही है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

# बीपीएससी की 72वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 26 जुलाई को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एकीकृत 72वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के मद्देनजर बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन हेतु सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा कार्य में संलग्न बायोमेट्रिक एजेंसी एवं जैमर एजेंसी के सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ बनी रहे। मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि सभी जिला पदाधिकारी अपने-अपने जिले के केंद्राधीक्षकों के साथ पूर्व में बैठक एवं ब्रीफिंग आयोजित कर परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों से उन्हें अवगत कराएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय सभी परीक्षार्थियों के पास सरकार द्वारा निर्गत वैध पहचान पत्र उपलब्ध हो। बैठक में अभ्यर्थियों के आवासन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सभी जिलाधिकारी 30 जून 2026 तक अपने-अपने जिले में उपलब्ध आवासन क्षमता की अद्यतन सूची राज्य मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस क्रम में औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा 13,000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध आवासन क्षमता की सूची राज्य मुख्यालय को प्रेषित कर दी गई है। गौरतलब है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 72वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा आगामी माह 26 जुलाई को आयोजित की जानी है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# मुहर्रम के दौरान अवांछित गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुहर्रम के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से दाउदनगर थाना परिसर में दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन की अध्यक्षता में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में दाउदनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। ब्रीफिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थलों पर समय से पहुंचकर स्थानीय स्थिति पर निरंतर नजर रखें तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को दें। उन्होंने जुलूस मार्गों, संवेदनशील स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने, अफवाहों पर रोक लगाने तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ समन्वय बनाकर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर बल दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि गश्ती व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए तथा कानून-व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि मुहर्रम पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।









बिहार सरकार

**संदेश**

मुख्यमंत्री
बिहार

मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर वर्ष का पहला महीना है। मुहर्रम की 10वीं तारीख हजरत इमाम हुसैन की उस शहादत की याद दिलाती है जो सच्चाई और ईमान के रास्ते पर चलते हुये नफरत और जुल्म के खिलाफ हुई थी। वस्तुतः इस अवसर पर त्याग, बलिदान, धर्म और अपने सिद्धांतो के लिए शहीद होने वालों का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है और यह सन्देश दिया जाता है कि त्याग–बलिदान और निष्ठा का मार्ग ही सन्मार्ग है। मुहर्रम हमें सच्चाई की राह पर चलते हुए हर तरह की कुर्बानी देने की प्रेरणा भी देता है।

इस मौके पर प्रदेशवासियों से मेरी गुजारिश है कि शान्ति के साथ इसे मनायें तथा समाज में सद्भाव एवं अमन चैन बनाये रखें।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 006250 (Home) D. 2026-27





सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

**अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस**

26 जून, 2026

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

**संदेश**

मादक पदार्थों की लत एक गंभीर सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक समस्या है, जो न केवल युवाओं बल्कि समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। इसका सेवन व्यक्ति के स्वाभाविक शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को बाधित करता है तथा पूरे परिवार को तनाव, चिंता और अवसाद की स्थिति में डाल देता है। यह कुप्रवृत्ति स्वस्थ एवं सभ्य समाज के निर्माण में बाधक होने के साथ–साथ हमारे सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी कमजोर करती है।

यह दिवस हमें मादक पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले दुष्परिणामों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने तथा इसके उन्मूलन के लिए अपने प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ बनाने की प्रेरणा देता है। साथ ही, यह नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु संचालित कार्यक्रमों एवं अभियानों की समीक्षा कर उन्हें अधिक प्रभावी बनाने का अवसर भी प्रदान करता है।

आइए, **''अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निवारण दिवस''** के अवसर पर हम सभी मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा इस सामाजिक बुराई को जन–जीवन से समाप्त करने का दृढ़ संकल्प लें, ताकि एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.-006602 (SWD)D. 2026-27